दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :111
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 22 फरवरी-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


# दिल्ली कूच की जिद्द पर अड़े किसान

## पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, केंद्र ने पांचवीं बार की बातचीत की पेशकश



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी पर केंद्र के साथ बातचीत विफल होने के बाद, किसान अपने %दिल्ली चलो% विरोध मार्च को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसलिए पंजाब-हरियाणा सीमा पर सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह रुक-रुक कर आंसू गैस के गोले दागे। किसानों के साथ पिछले दौर की बातचीत का हिस्सा रहे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर उनसे बातचीत की पेशकश की। आज %दिल्ली चलो% मार्च पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमने तय किया है कि हमने तय किया है कि कोई भी किसान, नौजवान आगे नहीं बढ़ेगा। नेता आगे बढ़ेंगे। हम शांति से जाएंगे... अगर वे (केंद्र सरकार) एमएसपी पर कानून बना दें तो यह सब खत्म हो सकता है।केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की एमएसपी की माँग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय, स्नद्धक्र पर बातचीत के लिए तैयार है। मैं दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूँ। हमें शांति बनाये रखना जरूरी है। हरियाणा पुलिस ने पंजाब के समकक्षों से पुलिस बैरिकेड्स को हटाने के लिए प्रदर्शनकारियों द्वारा लाए गए उपकरणों को जब्त करने का आग्रह किया है। 1,200 ट्रैक्टर ट्रॉली, 300 कारों और 10 मिनी बसों के साथ लगभग 14,000 किसान सीमा पर एकत्र हुए हैं।दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है और प्रवेश बिंदुओं को सुरक्षित करने के लिए अभ्यास कर रही है क्योंकि 13 फरवरी से अंतरराज्यीय सीमा पर रुके किसान राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं।

किसान यूनियनों द्वारा बुलाए गए विरोध मार्च के मद्देनजर बुधवार को गाजियाबाद में यात्रियों को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने वाली सभी लेन पर भीषण जाम लग गया। गाड़ियाँ धीरे-धीरे चल रही थीं। किसानों के राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने की आशंका के चलते दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर हर लेन पर बैरिकेड्स लगा दिए हैं। ग्रेटर नोएडा में भी यात्रियों को यातायात परिवर्तन का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के किसानों ने ट्रैक्टर और निजी वाहनों पर नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन पर जुटने की योजना बनाई है। दिल्ली-गुरुग्राम सीमा के पास सड़कों पर भारी यातायात देखा गया। पुलिस के अनुसार, इसके बाद, वे एक मार्च निकालेंगे जो इंडिया एक्सपो मार्ट, शारदा यूनिवर्सिटी, एलजी राउंडअबाउट और मोजर बियर राउंडअबाउट से गुजरते हुए सूरजपुर में कलक्ट्रेट पर समाप्त होगा। पुलिस ने कहा कि स्थिति को देखते हुए और यातायात की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो गलगोटिया कट, परी चौक, एलजी राउंडअबाउट, मोजर बियर राउंडअबाउट, दुर्गा टॉकीज राउंडअबाउट और सूरजपुर चौक से डायवर्जन किया जा सकता है।

### सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक - खड़गे

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मुद्दों पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों का समर्थन किया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी को वह अपने घोषणा पत्र में शामिल करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगर सभी



फसलों पर कानूनी गारंटी नहीं दे सकती तो उसे कम से कम महत्वपूर्ण फसलों पर एमएसपी की गारंटी देनी ही चाहिए। किसान जो मांग कर रह हैं वह उनका अधिकार है। केन्द्र सरकार को किसानों की बात सुननी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सभा में कहा था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वह किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।

# बगैर जातीय जनगणना के जनता को न्याय मिलना असंभव -राहुल गांधी



**कानपुर,(हि.स.)।** भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कानपुर के घंटाघर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना के बाद ही न्याय मिल पाएगा। चाहे जितना चिल्लाओ इस सरकार में रोजगार नहीं मिलेगा। आपको सताया जा रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं।मोदी एवं योगी सरकार में युवाओं को रोजगार, महिलाओं एवं किसानों को न्याय पुलिस और न्यायालयों से नहीं मिल रहा है। पिछड़ो, दलितों एवं आदिवासियों को किनारे कर दिया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर देश के राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। वहां पिछड़ा, दलित और आदिवासी नहीं पहुंचे। वहां दिखाई दिए, अडानी और अम्बानी सहित देश के अन्य पंद्रह प्रतिशत के लोग ही वहां ऐसे मौके पर दिखे।देश में 85 प्रतिशत के लोगों को किनारे कर दिया गया है। महेज पन्द्रह प्रतिशत वालों का अब कब्जा हो चुका है। अब बहुत आवश्यक हो गया है कि देश में जातीय जनगणना होना चाहिए। जिसके बाद ही देश की जनता को न्याय मिल पाएगा। हम देश की जनता को उनका हक दिलाने के लिए देश भर का दौरा कर रहें है।जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हू जो हमे सुनने के लिए इतनी भारी संख्या में यहां पहुंचे। इसके बाद राहुल गांधी सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।बतादें कि राहुल गांधी यात्रा लगभग 28 किलोमीटर तय की गई थी लेकिन कतिपय कारणों से उसे महज दो किलोमीटर में ही सम्पन्न करा दिया गया।इस मौके जिला अध्यक्ष कांग्रेस नौशाद आलम मंसूरी, कांग्रेसी नेता अजय कपूर, अम्बुज शुक्ला, हरि प्रकाश अग्निहोत्री, टिल्लू ठाकुर, महेन्द्र सिंह समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री और ग्रीस के उनके समकक्ष के बीच वार्ता

## 2030 तक व्यापार को दोगुना करने पर सहमति

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के उनके समकक्ष किरियाकोस मित्सोताकिस के बीच बुधवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों ने कृषि, फार्मा, मेडिकल, स्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ग्रीस के संबंध बहुत पुराने हैं। भारत और ग्रीस के बीच लगभग ढाई हजार वर्षों से व्यापारिक, सांस्कृतिक और विचारों का आदान प्रदान चल रहा है। हमने इन संबंधों को एक आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नए आयामों की पहचान की है। हमने माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट को जल्द जल्द अमल में लाने पर चर्चा की है। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध और



सुदृढ़ होंगे। दोनों देशों के उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर भी बल दिया है। अगले साल भारत और ग्रीस के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी, इसे मनाने के लिए भी दोनों देश एक एक्शन प्लान पर काम करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय क्षेत्रीय और अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हम दोनों इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी तरह के विवाद का समाधान आपसी बातचीत और कूटनीतिक तौर तरीकों से किया जाना चाहिए। हम इंडो पैसेफिक रीजन में ग्रीस की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि ग्रीस ने इंडो पैसेफिक ओशन इनेशिएटिव से जुड़ने का निर्णय लिया है। जी-20 बैठक के दौरान भारत की पहल पर आईपैक कॉरिडोर की जिस योजना पर सहमति बनी, वह लंबे समय तक मानवता के विकास में योगदान देगा। इस पहल में ग्रीस भी एक अहम भागीदार बन सकता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं।

# जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन

**मुंबई, (हि.स.)।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पुत्र राजिल सयानी ने आज (बुधवार) यह जानकारी दी। राजिल ने बताया %%दिल का दौरा पड़ने से अमीन सयानी का मंगलवार शाम करीब सात बजे एचएन रिलायंस अस्पताल में निधन हो गया।राजिल ने कहा कि %अंतिम संस्कार को लेकर जल्द अपडेट दिया जाएगा।% अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 को मुंबई में हुआ था। उनकी पहचान एक रेडियो सेलिब्रिटी की रही। सयानी ने सीलोन रेडियो के अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम %बिनाका गीतमाला% के जरिए लोकप्रियता हासिल की। वो अपनी मनमोहक आवाज और आकर्षक शैली के लिए जाने जाते थे।

# गठबंधन को लेकर सपा और कांग्रेस में बन गई बात

## प्रियंका गांधी के एक कॉल ने उत्तर प्रदेश में बचा ली गठबंधन की डूबती नाव

### उत्तर प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस समाजवादी पार्टी और अन्य सहयोगियों के खाते में 63 सीटें



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच उत्तर प्रदेश में सीटों का बंटवारा हो गया है। दोनों ओर से आज आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में मिलकर साथ लड़ेंगे। यह इंडिया गठबंधन के लिए बड़ी खबर है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष 63 सीटों पर सपा और अन्य दलों के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार होंगे।कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने कहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगी। इस रणनीतिक गठबंधन का लक्ष्य भारत गठबंधन को मजबूत करना है, जिससे 2024 में सरकार बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। गैर-भाजपा वोटों को एकजुट करके, गठबंधन अपनी चुनावी ताकत बढ़ाना चाहता है। सूत्रों से पता चला है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बातचीत की शुरुआत की और राहुल गांधी से इस मामले पर चर्चा करने के बाद अखिलेश यादव से बात की। जाहिर तौर पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की आज सुबह फोन पर अखिलेश से बातचीत के बाद सीट बंटवारे पर मंडरा रहे बादल छंट गए। इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को संकेत दिया कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन पटरी पर है और औपचारिक घोषणा बहुत जल्द होगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सबसे पुरानी पार्टी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत पर कहा अंत भला तो सब भला। हां, गठबंधन होगा। कोई संघर्ष नहीं है। जल्द ही सब कुछ सामने आ जाएगा और स्पष्ट हो जाएगा। यह पूछे जाने पर कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जितने हम चुनाव लड़ सकते हैं।

# कर्नाटक में हुक्का पर लगा बैन

## 21 साल से कम उम्र के लोगों को नहीं मिलेगी सिगरेट




**बेंगलूरू,एजेंसियॉ।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को राज्य भर में हुक्का बारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक पारित किया, जिसमें निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए एक से तीन साल तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना सहित कठोर दंड का प्रावधान है। अधिसूचना के अनुसार, अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और तंबाकू से संबंधित बीमारियों की लहर को रोकने के लिए मौजूदा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) में संशोधन के बाद प्रतिबंध लगाया गया है।इसके अतिरिक्त, राज्य ने 21 वर्ष से कम उम्र के लोगों को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। संशोधित विधेयक धूम्रपान मुक्त वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पादों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार ने किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। नियम का उल्लंघन करने पर 1,000 रुपये का जुर्माना लग सकता है।

# अमर झटका मीट के ब्रांड एम्बेसडर बने गिरिराज सिंह

## हिंदुओं से की खास अपील

**बेगूसराय ,एजेंसियॉ।** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से भाजपा सांसद गिरिराज सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक मीट शॉप का उद्घाटन कर रहे हैं। इस वीडियो को गिरिराज सिंह ने खुद अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ लिखा कि बेगूसराय में कई लोगों से बात की और उन्हें झटका मीट की दुकान खोलने के लिए प्रोत्साहित किया है। आने वाले समय में और भी झटका मीट की दुकानें खोली जाएंगी और उनका विस्तार किया जाएगा, और मैं व्यक्तिगत तौर पर उनकी दुकान का प्रचार प्रसार करूंगा। अमर जी का ये




कदम सराहनीय है। दरअसल, जिस दुकान का भाजपा नेता ने उद्घाटन किया उसका नाम %अमर झटका मीट% है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज हलाल मीट खाता है और हम लोग झटका इसलिए मैं अमर जी को इस बात के लिए धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने इस तरह का कदम उठाया। गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं सभी हिंदुओं से कहता हूं कि आप अपने धर्म की रक्षा करें। हमारे धर्म में झटका मीट खाने का जिक्र है इसलिए हम लोग झटका मीट ही खाएंगे। इससे पहले गिरिराज सिंह ने हिंदुओं को सुझाव दिया था कि वे हलाल मांस खाना छोड़ दें और केवल %झटका% यानी ब्लेड के एक वार से मारे गए जानवरों का मांस खाएं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अपने बेगुसराय संसदीय क्षेत्र में इस आशय की अपील की, जहां उन्होंने अपने समर्थकों को यह प्रतिज्ञा दिलाई कि वे अब से हलाल मांस खाकर अपना %धर्म% खराब नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस खाने का निश्चय करते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कत्लेआम का हिंदू तरीका झटका है। जब भी हिंदू %बलि% (पशु बलि) देते हैं, तो वे एक ही झटके में ऐसा करते हैं। ऐसे में, उन्हें हलाल मांस खाकर खुद को भ्रष्ट नहीं करना चाहिए। उन्हें हमेशा झटके पर अड़े रहना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने एक नए बिजनेस मॉडल की जरूरत पर भी जोर दिया जिसमें बूचड़खाने और केवल झटका मांस बेचने वाली दुकानें होंगी।

# संसद के दरवाजे पर झुकते हैं, वह नाटक है

## शरद पवार का पीएम मोदी पर बड़ा हमला



**मुंबई, ,एजेंसियॉ।** वरिष्ठ राजनेता शरद पवार ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में केवल 20 मिनट के लिए आते हैं जब संसद में आम लोगों के मुद्दों पर चर्चा होती है और नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने संसद के दरवाजे पर झुकने के पीएम मोदी के इशारे को %नाटकीयता% भी कहा। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि सत्र की शुरुआत में (प्रधानमंत्री) संसद के दरवाजे पर झुकते हैं। यह नाटक है।कोल्हापुर में मारे गए वामपंथी नेता गोविंद पानसरे के स्मारक का अनावरण करने के लिए आयोजित एक समारोह में बोलते हुए, पवार ने कहा कि प्रतिगामी शक्तियों के खिलाफ एकजुट रुख होना चाहिए। उन्होंने पीएम का नाम लिए बिना कहा कि भारत में सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। शरद पवार ने आरोप लगाया कि आज सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है, स्वतंत्र आवाज़ को दबाया जा रहा है, स्वतंत्र लेखन पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और समाचार चैनलों को अवरुद्ध किया जा रहा है। इसका मतलब है कि सत्ता में बैठे लोगों को मौलिक अधिकारों पर हमलों की कोई परवाह नहीं है।पवार एनसीपी-शरदचंद्र पवार पार्टी के प्रमुख हैं, जिसका गठन चुनाव आयोग द्वारा अजीत पवार गुट को %एनसीपी% नाम का उपयोग करने की अनुमति देने के बाद हुआ था। शरद पवार एनसीपी के संस्थापक हैं।

# पाकिस्तान में भी तो ऐसा ही हुआ

## भाजपा पर भड़के केजरीवाल, कहा- चारों तरफ अधर्म का बोलबाला है

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव की घटना दिखाती है कि भाजपा चुनाव नहीं जीतती, वह चुनाव परिणाम की चोरी करती है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कभी-कभी %अधर्म% हर जगह फैल जाता है, लोग सोचने लगते हैं कि सच्चाई और ईमानदारी का कोई स्थान नहीं है। %अधर्म का बोलबाला% के कारण अच्छे लोगों का विश्वास उठ जाता है। ऐसे में भगवान लोगों को बाधाओं से



निकालकर विश्वास स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में ऐसी ही स्थिति बन गई है, %चारों तरफ अधर्म का बोलबाला है।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग सोचने लगे हैं कि सच्चाई के रास्ते पर चलने का कोई मतलब नहीं है, जो लोग गलत कामों में लिप्त हैं और साजिश रच रहे हैं, वे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति पर दिल्ली को सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली प्रदान करने की जिम्मेदारी है, वह मनीष सिसौदिया जेल में हैं। वहीं हमारी बेटियों और बहनों के साथ दुराचार के जिम्मेदार बृजभूषण शरण सिंह राजनीतिक सत्ता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷चंडीगढ़ में उनके (भाजपा) पदाधिकारी ने वोटों में हेराफेरी की, ताकि जो व्यक्ति भारी अंतर से चुनाव जीत रहा था, उसे चुनाव हरा दिया जाए और जो चुनाव हार रहा था, उसे जीत दिला दी जाए। पाकिस्तान में भी यही हुआ।

# बिलावल मान गए, पाकिस्तान की कमान संभालेंगे शहबाज

## आसिफ जरदारी होंगे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटों के आंकड़ों दूर दलों की जोड़तोड़ की कवायद आखिरकार कामयाब होती दिख रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार देररात बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पत्ते खोल दिए। इन नेताओं ने कहा अगले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ होंगे। आसिफ अली जरदारी को दोनों पार्टियां संयुक्त रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करेंगी।पाकिस्तान के जिओ न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जिओ न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता कर लिया है। दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे ÷देशहित में÷ सरकार बनाने के लिए एक बार फिर हमराह बनेंगे।पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब पूरी संख्या है और हम



अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं।÷ बिलावल ने कहा कि शहबाज अगले प्रधानमंत्री होंगे और जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए दोनों पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए अगली सरकार बनाएंगे। सीनेट अध्यक्ष के रूप में पीएमएल-एन नेता इशाक डार के नामांकन के संबंध में एक सवाल पर, बिलावल ने जवाब दिया कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। आसिफ अली जरदारी ने कहा कि वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनका संघर्ष ÷आपके, पाकिस्तान और आने वाली पीढ़ियों÷ के लिए है।इस अवसर पर पीएमएल-एन के नेता शहबाज ने कहा कि %%हमारे पास अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है।%% उन्होंने बिलावल और जरदारी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शहबाज ने भी कहा कि दोनों पार्टियों ने फैसला किया है कि जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि मंत्रालयों पर निर्णय पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और पीपीपी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में बाद में लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव में पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने सबसे अधिक नेशनल असेंबली की 92 सीट हासिल की हैं। पीएमएल-एन को 79 और पीपीपी को 54 सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

# महाकुंभ के लिए लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं का अनुमोदन

## शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की 01, उ0प्र0 पावर का0 लि0 की 02, लो0नि0वि0 की 04 तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं।

उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण कराने हेतु सभी आवश्यक अनुमोदन मिल गए हैं। अब शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत शहर के स्टेक होल्डर्स से की गयी मीटिंग के पश्चात 91 वार्डो की 199 परियोजनायें प्रस्तुत की गयी थीं, जिनमें से सभी को अनुमोदन मिल गया। सभी 91 वार्डो की चिन्हित कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन (इण्टरलाकिंग / सी0सी0 द्वारा सड़क का सुधार कार्य) तथा पक्की नालियों एवं ब्रिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा।

जनपद के 07 घाटों के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी अनुमोदन मिला। सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत घाटों पर चेन्जिंग रूम की व्यवस्था, फसाड एवं पेंटिंग, डिज़ाइनर पोलों द्वारा प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण, स्टोन रूलिंग, स्टोन बोल्डर्स, बेंच एवं डस्टबिन तथा पूर्व निर्मित छतरी के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा।

### जनपद के कई सडकों के विकास के कार्य भी कराए जाएंगे

**प्रयागराज।** मेला प्राधिकरण द्वारा गंगा नदी के प्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) के साथ समन्वय स्थापित कर टोपोग्राफिकल सर्वे, मैथमेटिकल हाइड्रोलिक मॉडलिंग स्टडी, बैंबू पिन इंस्टॉलेशन तथा ड्रेजिंग वर्क के कार्यो को भी समिति से अनुमोदन मिला है। साथ ही दूर गाइड्स, नाविक, वॉलिंटियर्स, कुंभ सेवा मित्र, वेंडर्स, पुलिस पर्सनल एवं विभागीय अधिकारियों के बिहेवियरल चेंज, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, माड्यूल, सॉफ्ट स्किल्स वर्क तथा परफॉर्मेंस को बेहतर करने के दृष्टिगत ट्रेनिंग प्रोग्राम भी कराया जाएगा। इसके दृष्टिगत देश के कुछ प्रमुख संस्थानो को ऑलरेडी लिखा जा चुका है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण एक 12 महीने का फैलोशिप प्रोग्राम भी करवाएगा जिसके अंतर्गत देश के प्रमुख संस्थानों से सैनिटेशन, मोबिलिटी, क्राउड मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एंड सर्विलेंस, कम्युनिकेशन सर्विसेज, टेंपरेरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, लेआउट प्लानिंग जैसे अन्य कार्यो हेतु क्वालिटी इनपुट्स एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट के दृष्टिगत 55 लोगों को आबद्ध किया जाएगा।

# बना इतिहास: एक साथ पूरे देश में 2000 संस्थाओं ने किया लघु नाटकों का मंचन

## प्रयागराज में विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान ने की सहभागिता




**प्रयागराज।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ÷भारत रंग महोत्सव÷ के ÷रजत जयंती वर्ष÷ में एक कीर्तिमान स्थापित हुआ और इसके बनने में नगर के जाने-माने नाट्य दल ÷विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान÷ की भी सहभागिता रही।राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा प्रेषित नाट्य आलेख ÷लो आ गई वापस सोने की चिड़िया÷ का मंचन बुधवार सायं 4ः00 बजे ÷महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल÷ के मंच पर किया गया, जिसका सजीव प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) यूट्यूब पर किया गया। नाटक का निर्देशन अभिलाष नारायण ने किया।भारत रंग महोत्सव (भरंगम) के रजत जयंती वर्ष में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित करने की योजना बनाई और इसे 21 फरवरी को मूर्त रूप दिया गया। देशभर की 2000 संस्थाओं ने एक साथ एक ही समय पर लघु नाटकों का मंचन किया और इसका सजीव प्रसारण किया जो राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से सीधा जुड़ा हुआ था। इस तरह एक ही दिन, एक ही समय पर 2000 नाटकों का मंचन कर एक कीर्तिमान स्थापित हुआ।

विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की तथा नाटक ÷लो आ गई वापस सोने की चिड़िया÷ का मंचन किया। नाटक ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ तथा ÷वंदे भारत÷ के विषयों पर केंद्रित था। भाग लेने वाले कलाकार थे आशीष यादव, हिमांशु तिवारी, प्रतीक सिंह, दिग्विजय सिंह, उत्कर्ष जयसवाल एवं शुभम श्रीवास्तव।

विशेष सहयोग लोक गायक उदय चंद परदेसी का रहा। वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मुखर्जी एवं संस्थान के सभी कलाकारों नेपार्श्व से सहयोग किया। यह जानकारी संस्था के सचिव आलोक रस्तोगी ने दी।

# घरेलू विवाद में दो बच्चों की मां ने फांसी लगा दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जीतपुर दयाल निवासी संतोष कुमार उर्फ शेष नारायण भट्ट की 30 वर्षीय पत्नी सपना देवी ने मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे घर में दरवाजा बन्द कर फांसी लगा कर जान दे दी।सपना के चार वर्ष और तीन माह के दो बेटा है।पति इन दिनों माघ मेला में रह कर पंडिताई का काम करता है।बताया गया कि सपना का सास आदि से विवाद आए दिन होता रहता था।जिस कारण दुखी होकर आत्म हत्या कर ली।परिजनों ने मामले की गंभीरता भांप पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया।

# रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुतकर छात्रों ने मोहा मन



**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा के सराय अतन नौगिरा स्थित जनसेवा समिति माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों के मन मोह लिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर के वर्मा विधायक रानीगंज, विशिष्ट अतिथि इम्तियाज़ समी प्रमुख प्रतिनिधि, दूधनाथ पटेल, प्रधानाचार्य राकेश कुमार, शिवराम, रामराज, लाल बाबू पटेल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश गुप्ता ने जबकि संचालन राजेन्द्र ने किया। सभी ने छात्र छात्राओं के कार्यक्रम की प्रसंशा की।

# अंजनी सक्सेना को मिली शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की उपाधि

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में अंजनी सक्सेना द्वारा शिक्षाशास्त्र में शोध कार्य पूरा करने पर उन्हें पीएचडी उपाधि अवार्ड की गई।अंजनी सक्सेना के फाईनल वाइवा में चेयरपर्सन प्रोफेसर (डा.) जहाँआरा थी जबकि वाहय परीक्षक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डा. आर.पी. शुक्ला थे। अंजनी की पीएचडी की गाईड डा. सैयदा सारा अजीज थीं। अंजनी सक्सेना का शोध शीर्षक डा. एपीजे अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन था, जिसमें उन्होंने पाया कि डा. कलाम ने डिग्री के स्थान पर कौशल प्रमाण पत्र दिये जाने पर बल दिया, कक्षा-9 से 12 हेतु 25 प्रतिशत समय कौशल विकास कार्यक्रम के लिये आवंटित किया जाना चाहिये। विकसित भारत के लिये रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को वरीयता देनी चाहिये।

# वसुधैव कुटुम्बकम की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा



**प्रयागराज।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में %वसुधैव कुटुम्बकम% नाटक की प्रस्तुति स्वर्ग रंगमण्डल द्वारा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कला भवन में की गई।

इस प्रस्तुति का नाट्यालेख ललित प्रकाश ने किया एवं निर्देशन अतुल यदुवंशी का रहा। सभी संस्थाएं एक साथ एक समय पर एक ही स्क्रिप्ट पर अपने अपने कलाकारो और अपनी बोली - भाषा के माध्यम से वसुधैव कुटुम्भकम यानी वन अर्थ वन फैमिली का सफलतापूर्वक संदेश दिया।

इस प्रस्तुति में सचिन केसरवानी, शिल्पी यदुवंशी, प्रिया मिश्रा, ऐजाज़ खान, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, अशोक कुमार, नीरज अग्रवाल, कृष्णा कुमार मौर्य, अनंन्या मोहिले, प्रेक्षा देशपांडे, आर्यन मोहिले, कामलेश चंद्र, ज्ञानेंद्र गौतम, साहिल केसरवानी, सार्थक सारस्वत, शांता सिंह, राम सूरत, बसंत लाल, रमेश कुमार, दिनेश कुमार का अभिनय सराहनीय रहा।

संगीत दिलीप कुमार गुलशन, रोशन पाण्डे, मो0 साजिद, नगीना, गुलाब चंद्र एवं गौरव बजाज का रहा।

# स्वामी देवप्रवर प्रपन्नाचार्य बने जगद्गुरू रामानुजाचार्य

## भगवान की कृपा आचार्य की कृपा से ही सम्भव - रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य, पीठाधीश्वर श्री रामजानकी सिद्धपीठ, पुराना अलंकार आश्रम पुरानी लंका, चित्रकूट धाम के सुयोग्य शिष्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज को जगद्गुरू रामानुजाचार्य पद पर अभिषिक्त किया गया।

माघ मेला के सेक्टर पांच रामानुज नगर में अन्नपूर्णा मार्ग स्थित श्री वेदान्ती आश्रम, गोलाघाट, सुल्तानपुर जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज के शिविर में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में बुधवार को सुबह विशिष्ट विद्वानों द्वारा आर्ष ग्रन्थों का पारायण, भगवत अर्चना, नाम पारायण एवं हवन किया गया। इसके बाद देव प्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज का जगद्गुरू रामानुजाचार्य पद पर पट्टाभिषेक किया गया। संतों ने तिलक लगाया और चादर ओढ़ाकर मंगलानुशासन किया। देव प्रवर प्रपन्नाचार्य ने अपने पूर्वाचार्यों के अभिमत को मूर्तरूप में चरितार्थ करने का दृढ संकल्प ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 1008 अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि आचार्य कृपा का अवलम्बन ही जीव के उद्धार का हेतु है। शरणागति में भगवान की कृपा आचार्य की कृपा से ही सम्भव हो पाती है। हर जीव के जीवन में सद् उपदेशक का बहुत ही महत्व है। श्री देव प्रवर जी को मेरे संल्पित विचारों को मूर्तरूप देने के लिए ईश्वर संकल्पित करे। गोष्ठी में नवनियुक्त जगद्गुरू रामानुजाचार्य देव प्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज ने शरणागति रहस्य का विस्तृत विवेचन किया। इस दौरान लोग मंत्रमुग्ध रहे।




पट्टाभिषेक समारोह का संचालन जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज ने एवं आभार ज्ञापन श्री राम जानकी धार्मिक संस्था के हरिशंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जगद्गुरू रामानुजाचार्य रघुनाथ देशिक, जगद्गुरू रामानुजाचार्य अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज, आचार्य बालकृष्ण, रामानुज नगर प्रबन्ध समिति के महामंत्री अखिलेशाचार्य महाराज एवं अन्य संत-महात्माओं के साथ ही बड़ी संख्या में शिष्य-भक्तगण एवं श्री राम जानकी धार्मिक संस्था के लोग मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी लोक सेवा आयोग पर जमकर प्रदर्शन

## आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक का हो रहा विरोध



**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में विरोध तेज हो गया है। बीते रविवार से अलग अलग गुटों के छात्र संगठन प्रदर्शन और हंगामा कर रहे है। मंगलवार रात के बाद बुधवार की सुबह फिर छात्रों ने आयोग गेट के पास पहुंचकर हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दी। हंगामे की सूचना कई पहुंची सिविल लाइन्स थाने की पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह दोबारा परीक्षा कराने की मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना है कि सरकार वीक है, पेपर लीक है।

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले इस कई दिनों से छात्रों का प्रदर्शन और हंगामा जारी है।

बुधवार को सुबह से ही लोक सेवा आयोग गेट पर छात्रों ने प्रदर्शन और हंगामा करना शुरु कर दिया। छात्रों ने कहा ये सरकार वीक है, सारा पेपर लीक है। छात्र विराट यादव ने कहा कि उन्हे सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उनकी मांगो को अभी नही माना गया है। छात्र दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते है। उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है। वहीं इविवि के छात्र सुनील कुमार ने कहा ये सरकार की मिली भगत है। सरकार छात्रों की मांग को नही मान रही है। हम अपना आंदोलन बंद नही करेंगे। अगर परीक्षा को दोबारा नही कराया गया तो हम छात्र विधान सभा का भी घेराव करेंगे।

# ईश्वर शरण में अंतर्महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित




**प्रयागराज।** ईश्वर शरण पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में बुधवार को अंतर्महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2023-24 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द शंकर सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि बालक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की %खेलो इण्डिया% महत्वाकांक्षी योजना को इसी तरह के कार्यक्रमों द्वारा बल दिया जा सकता है। पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं को मिलाकर कुल 8 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें ईश्वर शरण सहित कुल 10 महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के आयोजन में कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी डॉ. एकात्मदेव के अतिरिक्त टीम के सदस्य डॉ. रागिनी राय, डॉ. शैलेश यादव, डॉ. विवेक राय, डॉ. महेश राय, डॉ. शिवजी वर्मा एवं कॉलेज के अन्य विभिन्न विभागों के शिक्षक डॉ. विकास कुमार, डॉ. भगत महतो आदि उपस्थित रहे।अन्य कॉलेजों के शिक्षक डॉ. अरुण प्रताप सिंह (ईसीसी), श्री अमित सिंह (सीएमपी), डॉ. डॉ. प्रशान्त कुमार, डॉ. भावना श्रीवास्तव (राजर्षि टण्डन महिला महाविद्यालय), डॉ. अनुज वर्मा (जगत तारन डिग्री कॉलेज), सुमित शर्मा (जगत तारन डिग्री कॉलेज) आदि उपस्थित रहे।

# दिमागी बोझ कम होने से शिक्षा में आएगा सुधार-अवनीश मिश्र

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** विकास खण्ड मेजा के प्राथमिक विद्यालय निधि का पूरा में आयोजित वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि अवनीश मिश्र जिलाध्यक्ष (एसबीटीसी) ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से शिक्षण कार्य मे गुणवत्ता आएगी।बच्चों के दिमाग पर बोझ जितना कम होगा वह उतनी ही तेजी से हर चीज सीख पाएंगे।मुख्य अतिथि ने निपुण बच्चों को पुरष्कृत कर उत्साहवर्धन किया है। प्राथमिक विद्यालय निधि का पूरा में आयोजन को लेकर बच्चों में उत्साह देखा गया। पूरे स्कूल परिसर को पूरी भव्यता से सजाया गया था। विभिन्न परिधानों में सजे नौनिहाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे रहे और खिलखिला रहे थे।पूरे परिसर में मौज मस्ती का माहौल रहा। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षण के लिए इससे बेहतर माहौल कुछ भी नही हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्कूल स्तर पर निरन्तर होने चाहिए।स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों को सम्मानित कर पुरष्कृत किया गया है।




निपुण बच्चों में पूजा, दिव्या,प्रियंका संध्या, मान्शी, सत्यम, शिव कुमार तन्नू शिवाकांत आदि को सम्मानित किया गया।100 फीसदी उपस्थित बच्चों में प्रमिला कक्षा-2पूजा कक्षा-5, संध्या कक्षा-5 और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चो को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक-आफताब अहमद,(स0अ) उदयराज सरोज, श्रीमती मधु शुक्ला, शिक्षा मित्र राम नरेश, विद्यालय प्रबन्ध समित अध्यक्ष श्रीमती गीता देवी मिश्रा एवं अभिभावक गण राम सजीवन, राम भागवत, दिनेश कुमार, पवन कुमार, सुरेश, रामराज सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बे मौसम बरसात होने से किसानों की बेचैनी बढ़ी

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बुधवार शाम सात बजे से रिमझिम बरसात होने पर खेतों में बोई गई गेहूं नुकसान होने की संभावना है। वहीं खेतों में पानी लग जाने से गेहूं की खड़ी फसल हवा तेज चलने से गिर जाने पर किसानों को बेचैनी बढ़ गई है।



क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, शिव मोहन द्विवेदी लेड़ियारी, शान्ति प्रसाद सिंह पटेल, प्रमोद कुमार दुबे कैथवल , शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा, विजय कुमार भुर्तिया, राम बली बिंद ग्राम प्रधान धोबहट , विनोद कुमार दुबे कैथवल आदि किसानों का कहना है कि अगर तेज वर्षा हुई तो चना, सरसों, अलसी, गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगा । एक हप्ते पूर्व ओलावृष्टी और तेज वर्षा होने से खेतों में पानी लग जाने से गेहूं नुकसान हो गई । वहीं बे मौसम बरसात होने से किसानों खेतों में बोई गई गेहूं के लिए यह वर्षा नुकसान होगा ।

किसानों का कहना है कि है कि इस वर्ष समय से नहरों में पानी न आने पर महंगे डीजल से खेत की सिंचाई कर घर का खर्च चलाने के लिए गेहूं की फसल तैयार किए गए । लेकिन भगवान ने यह भी छीन लिया । वहीं इस बरसात में फसल चौपट हो जाने पर मटर चना, सरसों, अलसी, मसूर भी पूरी तरह से नष्ट हो गए ।जबकि कुछ किसानों ने गेहूं पैरा की बोआई की गई वह खेतों में पानी होने पर नष्ट हो जाने के कगार पर है । अगर मौसम साफ नहीं होने से फसल चौपट हो जाएगा । जिससे काम करने के लिए दूसरे जिले में जाने से मजबूर होना पड़ेगा ।

# सिविल लाइंस बस अड्डे पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस अड्डे पर आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों व यात्रियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी श्रीमती कल्पना तिवारी ने सभी परिचालकों, चालकों , कर्मचारियों व यात्रियों से यह अपील किया कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें और लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

इस असवर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं ज़िला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह, प्रभारी स्वीपगण अनुपम परिहार, एकता शुक्ला, डॉ. राकेश पांडेय, शेषनाथ सिंह, तकनीकी सहायक देवेंद्र कुमार सिंह के अलवा अशोक राय, दीपक चन्द्र वर्मा, रतन शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में कल्पना तिवारी के द्वारा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

# सौरभ, राहुल व मनु की पारी से सेंट पीटर्स को मिली जीत, फैज़ का शतक व्यर्थ

**प्रयागराज।** सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने जेड एम आर आटा, न्यू स्टार डेरी, आरिफ ब्रॉडबैंड एवं जिनेवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित सयैद अहमद जाफरी स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब को 13 रन से हराकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज किए हैं। टीम के सौरभ सिंह की ( 95 रन, 31 गेंद, सात चौके, नौ छक्के ) राहुल राज पाल के 70 रन, 30 गेंद, छह चौके, छह छक्के एवं 4 - 0 - 53 - 2 ) और मनु राजा की 54 रन, 33 गेंद, दो चौके, पांच छक्के ) की तूफानी पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है। दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब के फैज अली की आतिशी शतक ( 115 रन, 44 गेंद, 13 चौके सात छक्के ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके।

बुधवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में छह विकेट पर 245 रन ( सौरभ सिंह 95, राहुल राज पाल 70, मनु राजा 54 रन, हंसम जायसवाल 2/27, मो. हम्माद 2/40, अखिलेश यादव 1/46, मो. उमर 1/64 ) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 232 रन ( फैज अली 115, गुलाम अली 22 नाबाद, मो. अरमान 21 रन, आदर्श मिश्रा 2/32, शुभम पटेल 2/43, राहुल राज पाल 2/53, सानिध्य श्रीवास्तव 1/25 ) ही बना सकी। मैच के बाद समाजसेवी इरफान अंसारी व मो. खालिद ने राहुल राज पाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अरुण कुमार बाली व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।



प्रतियोगिता में गुरुवार को सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब व विराट स्पोर्ट्स क्लब के बीच सुबह नौ बजे खेला जाएगा।

# नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजन को सम्मान से जीने का अधिकार दिया



**प्रयागराज।** भाजपा जिला दिव्यांग सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइन कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल ने सम्मेलन में आए हुए दिव्यांग भाई बहनों को अंग वस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग शब्द से सुशोभित कर दिव्यांग भाई बहनों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया और दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के द्वारा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। कर्तव्य पथ पर मेघा दिव्य कला का आयोजन कर उनकी कला को प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर यमुना पार की संयोजिका रितिका गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने दिव्यांग भाई बहनों को मोदी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की गई।इस अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक प्रियेश कुमार सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक संजय सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पवन मिश्रा ने किया एवं प्रभारी संजय सिंह रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा मेहरोत्रा, प्रशांत शुक्ला, लवलेश पटेल, रमेश त्रिपाठी, विकास जायसवाल, शांति देवी, बसंती, काजल बिन्द, अरुण दुबे, अनुज कुशवाहा, शिखा रस्तोगी, सरोज गुप्ता, दीपिका, नीलू शुक्ला, राकेश भारती एवं सैकड़ो दिव्यांग उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन रैली निकालकर ग्राम वासियों को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ0 पवन कुमार द्वारा शिविरार्थियो को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ कराया। योगाभ्यास के उपरांत छात्र-छात्राएं गांव यूसुफपुररारा मे स्कूल चले हम मिशन के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को सभी छोटे बच्चों को स्कूल में दाखिले का पाठ पढ़ाया एवं नुक्कड़ नाटक राधिका, ज्योति यादव, पूनम ,कोमल ,मीरा ,कविता, श्रेया, ,हिमांशु, अरुण, बृजेश, आदि की टीम द्वारा प्रस्तुत कर साक्षरता जन जागरूकता का प्रयास किया । भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र का विषय साक्षरता था।

जिसकी अध्यक्षता डॉ अजय कुमार ने की। इस बौद्धिक सत्र के विशिष्ट वक्ता डॉ संतोष कुमार एवं सारस्वत अतिथि डॉ अमित शुक्ल थे। डॉ0 संतोष कुमार ने कहा कि 2011 की जनगणना के परिणाम बताते हैं कि देश में साक्षरता में वृद्धि हुई है। देश में साक्षरता दर पुरुषों के लिए 74.04 फीसदी और महिलाओं के लिए 65.46 है तथा साक्षरता के विकास हेतु विस्तार से चर्चा की। सारस्वत अतिथि डॉ अमित शुक्ल ने कहा कि साक्षरता का मतलब शिक्षित होने की क्षमता होती है, जिससे व्यक्ति समाज में अधिक सकारात्मक योगदान कर सके।

अपने अध्यक्षीय उद्बोद्धन में डॉ अजय कुमार ने कहा कि साक्षरता से लोग न सिर्फ खुद को बल्कि अपने परिवार और समाज को भी उन्नति की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। शिक्षित व्यक्ति समाज के सभी क्षेत्रों में योगदान कर सकता है और उसके पास समाज को सुधारने की शक्ति होती है। अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ आनंद कुमार ने कहा कि साक्षरता का अभिप्राय व्यक्ति के सुनने बोलने पढ़ने लिखने से है। अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सरकारी खड़ंजे उखाड़ने के आरोप में दो नामजद सहित अज्ञात पर केस दर्ज

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो दशक पूर्व में लगे सरकारी खडंजा को उखाड़कर दबंग ने ईंट घर में रख लिया , ग्रामीणों के विरोध करने पर दबंग झगड़े पर अमादा हो गया , ग्रामीणों की शिकायत पर सैनी पुलिस ने दो नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के भरेठाबाग निवासी राकेश कुमार मौर्य ने आधा दर्जन के करीब ग्रामीणों के साथ सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव के एक दबंग द्वारा दो दशक पूर्व लगा सरकारी खडंजा को उखाड़कर ईंट घर के अंदर रख लिया , जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया तो दबंग झगड़े पर अमादा हो गया , और खडंजा मार्ग को अपने खेत में मिला लिया । ग्रामीणों की शिकायत पर सैनी पुलिस ने जगलाल , सोनू समेत अज्ञात के विरुद्ध सरकारी संपत्ति के नुकसान सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# सड़क हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लालापुर गांव के समीप मंगलवार की दोपहर बेकाबू डंपर ने पैदल जा रहे मजदूर को टक्कर मार दिया। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सरायअकिल की कनैली चौकी अंतर्गत अकबराबाद गुहौली गांव निवासी संतोष कुमार (50) पुत्र लवकुश कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पत्नी विमला देवी के मुताबिक वह पुरखास स्थित एक ईंट भट्टा पर मजदूरी करता था। मंगलवार को वह संदीपन घाट के तेरहमील के समीप स्थित असलम ईंट भट्ठा में रहकर मजदूरी कर रही बेटी बंदना से मिलने के लिए पैदल ही जा रहा था।इसी दौरान पिपरी क्षेत्र के लालापुर गांव के समीप पीछे से आ रहे बालू लदे डंपर ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में वह पहिए के नीचे आ गया। जिसमें उसके दोनों पैर कुचल गए। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर भाग निकला।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर घायल को सीएचसी में भर्ती जहां हालत गंभीर देख कर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शाम तक शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन नहीं हो सकी। देर रात सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीर से घटना का समाचार परिजनों को मिला तो वह रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे। बेटे दया शंकर ने अपने पिता के रूप में पहचान किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पिपरी में दुकानदार को धमकी देने वाले 3 युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के भोजपुर मजरा विलासपुर गांव में मंगलवार की सुबह तीन युवक एक दुकान के सामने जाकर गाली गलौज करने लगे।गाली का विरोध करने पर उन्होंने दुकानदार को जान से मारने की धमकी दी।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।विलासपुर गांव के मजरा भोजपुर निवासी नागेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र गांव के चौराहे पर किराना की दुकान खोल रखा है। उसके अनुसार मंगलवार की सुबह वह दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव के तीन युवक वहां पहुंचे और अनायास गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने दुकानदार को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। पुलिस उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# नशेड़ियों ने गाली गलौज का विरोध करने पर पिता- पुत्रों को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव में सोमवार की शाम नशेड़ी युवकों ने गाली गलौज का विरोध करने पर पिता- पुत्रों को जमकर पीट दिया। पिटाई से तीनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी है। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव निवासी बृजमोहन दिवाकर पुत्र गणेश प्रसाद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है।उसके अनुसार सोमवार की शाम उसके घर पर बच्चे के जन्मदिन का आयोजन था। इसी दौरान नशे में धुत तीन युवक वहां पहुंचे और अनायास उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर वह तोड़फोड़ करते हुए डंडे से उसकी पिटाई करने लगे। बृजमोहन को पिटता देख उसे बचाने पहुंचे पिता गनेश प्रसाद और भाई मिथुन को भी पीट दिया। पिटाई से तीनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दबंगों ने बाइक वापस मांगने पर महिला को दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में मंगलवार को बाइक वापस मांगने पर दबंग ने साथी के साथ गाली-गलौच कर महिला को जान से मारने की धमकी दिया। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव की संगीता देवी पत्नी राकेश कुमार के अनुसार उसके पास एक बाइक है।दो सप्ताह पूर्व गांव का एक युवक अपने साथी के साथ उसके घर पहुंचा और रिश्तेदार के घर जाने के लिए बाइक मांग ले गया।अभी तक उसने बाइक वापस नहीं किया। बाइक मांगने पर वह दोनों उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी देते हैं। मंगलवार को बाइक वापस मांगने पर वह तैश में आ गया। आरोप है कि उन्होंने महिला के साथ गाली-गलौच कर उसे मारपीट करने की धमकी दी।साथ ही बाइक देने से इंकार कर दिया।लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**कौशाम्बी।** पइंशा थाना अंतर्गत उधीन के पास धाता रोड पर एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक सवार समर सिंह पुत्र प्रकाश सिंह (40) को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल समर का एम्बुलेंस में ही प्राथमिक उपचार करते हुए समय से जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार समर उधीन गांव का रहने वाला है, बाजार से कुछ खरीदारी करके वापस अपने घर जा रहा था।

# एसपी के निर्देश पर महिला आरक्षी ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे एंटीरोमियो टीम महिला आरक्षी नंदिनी तिवारी कस्बा मंझनपुर में जाकर एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।



### एण्टीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे कड़ाधाम थाना की एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## थाना पश्चिम शरीरा का अर्धवार्षिक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना करारी एवं थाना पश्चिम शरीरा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान महिला हेल्पडेस्क,कार्यालय,बैरक,मेस,बंदीगृह आदि को चेक किया गया व महिला उत्पीडन रजिस्टर,एनसीआर,अपराध रजिस्टर आदि को चेक किया गया एवं लंबित विवेचनाओं,कृत निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गई साथ ही फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा का भी अर्धवार्षिक निरीक्षण कर रजिस्टरों को चेक किया गया व चलाए जा रहे अभियानो मे कार्यवाही की समीक्षा की गयी। फायर स्टेशन परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## बाइकों की भिडंत में एक जख्मी

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में बाइक बाइक की भिडंत में एक अधेड़ जख्मी हो गया आसपास मौजूद लोगो ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है की कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता निवासी रमेश मौर्य 45 वर्ष बुधवार को बाइक से देवीगंज जा रहा था बाइक सवार जैसे ही नहर पुलिया के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे दूसरे बाइक ने टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार रमेश जख्मी हो गया, आसपास मौजूद रहे लोगो ने जख्मी अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# बाइक सवार जीजा साली को डंपर ने कुचला,साली की मौके पर हुई मौत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू पेट्रोल पंप के पास बुधवार की शाम बाइक सवार जीजा साली को तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें साल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया डंपर चला रहा चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची पश्चिम सरीरा पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं दुर्घटना में घायल बाइक सवारी युवक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भारती कर दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है प्राप्त जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी मोनू सिंह पुत्र ज्ञान सिंह अपनी साली सुमन देवी पुत्री रतीभान सिंह निवासी भवनी का पूरा मजरा जूवरा पुलिस चौकी नारा के साथ अपनी बाइक से चित्रकूट जनपद के कवि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में निमंत्रण गए हुए थे बुधवार की शाम दोनों जीजा साली बाइक से अपने गांव पाली जा रहे थे जैसे ही दोनों बाइक सवार बाकरगंज से में रोड गोराजू पहुंचे ही थे कि तभी पश्चिम शरीरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार टेंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही बाइक में बैठी सुमन देवी पुत्री रतीभान सिंह उम्र 17 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा मोनू सिंह उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया डंपर चला रहा चला गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया सूचना पर पहुंची पश्चिम सरीरा पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं दुर्घटना में घायल हुए युवक को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कर दिया जहां उसकी हालात चिंताजनक बनी हुई है दुर्घटना की खबर जैसे ही दोनों परिवार के लोगों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया घटना के संबंध में पश्चिम सरीरा थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यूटी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा डंपर को कब्जे में ले लिया गया है परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर संबंधित मामले पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## 27 से शुरू होगी हिन्दू राष्ट्र समर्थन यात्रा



**चित्रकूट:** हिन्दू राष्ट्र समर्थन यात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संतों, व्यापारियों और युवाओं को यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष रवि सिंह ने बुधवार को टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि हिन्दू राष्ट्र समर्थन यात्रा आगामी 27 फरवरी को प्रातः 9 बजे चित्रकूट के बरहा हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होगी। यह यात्रा राजापुर हनुमान मन्दिर होते हुए कौशाम्बी जाएगी और 28 फरवरी को श्रंगवेरपुर धाम में गंगा आरती के साथ यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा का रास्ते में अलग-अलग स्थानों पर स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की जाएगी। निर्मोही अखाडा, बेडीपुलिया, अस्पताल चौराहा, पुरानी कोतवाली कर्वी, धनुष चौराहा, गल्ला मंडी गेड कर्वी, लोढवारा श्रमदान, चकला, ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी होते हुए यात्रा साईंधाम ट्रस्ट पहुंचेगी। जहां कार्यकर्ताओं के भोजन की व्यवस्था होगी। इसके बाद प्रसिद्धपुर, अर्जुनपुर, मोहरवा पुल, रम्मपुरिया, राजापुर बाईपास, लूप लाईन चौराहा में यात्रा का स्वागत किया जाएगा। जनसम्पर्क अभियान में धर्माचार्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पं नारायण त्रिपाठी, मातृ शक्ति जिलाध्यक्ष तृप्ति तिवारी, अशोक दीक्षित, सतेन्द्र सिंह, सुनीत सिंह, प्रिंश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया उचित दर विक्रेता की दुकान का औचक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली नगर क्षेत्र लक्ष्मणपुरी, द्वारिकापुरी में उचित दर विक्रेता राम प्यारे वर्मा की दुकान में पहुंचकर नई तकनीकि से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्ड धारक ललिता देवी को खाद्यान्न प्राप्ति की रसीद दी। साथ ही उन्होंने ई-पास मशीन व बेईंग मशीन से कार्ड धारकों को खाद्यान्न का वजन भी कराया। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के आठ जनपदों पर ई-पास मशीन, वेंईग मशीन के संचालन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण लागू किया गया है। यह नई प्रणाली के माध्यम से कार्ड धारकों को पूरी मात्रा में खाद्यान्न निःशुल्क प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में नई व्यवस्था के वितरण में आठ जनपदों में सबसे अच्छा वितरण जनपद में हो रहा है। जनपद में 443 उचित दर दुकानों पर यह नई व्यवस्था के तहत वितरण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस उचित दर विक्रेता के यहां 569 राशन कार्ड धारक है। जिसमें से अभी तक कुल वितरण 410 कार्ड धारकों का हुआ है।

इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, उचित दर विक्रेता राम प्यारे वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लूट की घटना का अनावरण, एक आरोपी गिरफ्तार



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिये अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में सीतापुर पुलिस द्वारा लूट की घटना का अनावरण करते हुये एक आरोपी को लूटे गये ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 13 फरवरी को वादी दीपक निषाद पुत्र छोटू निषाद निवासी डिलौरा सीतापुर ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी थी कि उनके साथ तीन अज्ञात आरोपियों ने बान तालाब के पास मारपीट कर उनका ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व 2500 रुपये लूट कर ले गये हैं। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण व विवेचना के लिए चौकी प्रभारी सीतापुर को निर्देशित किया गया।

चौकी प्रभारी सीतापुर श्याम देवी सिंह तथा आरक्षी नागेश कुमार, अभिषेक प्रताप द्वारा विवेचना से प्रकाश में आये गुड्डा उर्फ आंनद चतुर्वेदी निवासी कौबरा थाना रैपुरा को चोरी के ई-रिक्शा व वादी मुकदमा के सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किय गया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

लूट के सामान बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढ़ोत्तरी की गयी।

# किसान आन्दोलन के समर्थन में निकाली गई ट्रैक्टर रैली



**चित्रकूट:** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आवाहन पर पूरे प्रदेश में किसानों ने ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय पहुँच हुँकार भरी।

जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में किसानों ने सैकड़ों ट्रेक्टरों के साथ मुख्यालय के गल्ला मंडी परिसर पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज देश का किसान मजदूर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो गया है। दिल्ली में किसानों के आंदोलन के समर्थन में एक दिवसी ट्रैक्टर हुँकार रैली निकाली गई। गल्ला मंडी से रैली निकालकर तहसील परिसर पहुँची। उन्होंने कहा कि देश में किसानों की मांग जायज है, लेकिन सरकार तानाशीही पर उतारू है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का वादा कर सरकार अपने वादे से मुकर रही है। बिजली संसोधन विधेयक 2022 तत्काल वापस किया जाए। किसानों की कृषि योग्य जमीन अधिग्रहण नही किया जाना है। अनुपयोगी कृषि भूमि पर अधिग्रहण किया जाए। साथ ही अधिग्रहण विधेयक 2012 के सर्किल रेट हटा कर नया सर्किट पर मुआवजा देने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने आंदोलन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम सिंह राही एवं किसानों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर शैलेन्द्र सिंह, उदयनारायण सिंह, ओमनारायण गर्ग, नीलकंठ द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, शिवदयाल बघेल, राजकिशोर सिंह, विक्रम सिंह, राममूरत कुशवाहा, राजकुमार, कमलेश, सन्तोष, दिनेश, रामप्रसाद, देवनारायण, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले में बसपा को झटका,अशोक भाजपा में शामिल

## प्रदेश अध्यक्ष, डिप्टी सीएम के समक्ष पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बसपा ने ली सदस्यता




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बसपा नेता पूर्व लोकसभा प्रतापगढ़ के प्रत्याशी रह चुके अशोक त्रिपाठी बसपा छोड़कर बुधवार को लखनऊ प्रदेश भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन गए। यह सदस्यता उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्रहण की। सदस्यता के दौरान प्रतापगढ़ से हजारों की संख्या में गए समर्थक उत्साह में नजर आए। बता दे कि दो दशक से बहुजन समाज पार्टी का झंडा लहरा रहे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक त्रिपाठी ने बसपा का दामन छोड़ दिया। वह पूरे लाव लश्कर के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ पहुंचे और वहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके सदस्य ग्रहण करने के समय प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। इस दौरान सैकड़ो गाड़ियों के काफिले से हजारों की संख्या में पहुंचे उनके समर्थक उत्साह में नजर आए।इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम चुके अशोक त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीतियों और नीतियों के अनुसार वह कार्य करेंगे। भाजपा को और भी मजबूती प्रदान करना उनका प्रथम उद्देश्य रहेगा।

पार्टी के दिए हुए आदेश को वह सच्चे सिपाही की तरह क्रियान्वित करने में अपनी पूरी ऊर्जा का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्री राम को मंदिर में विराजमान करा करके सनातनियों के पांच सौ वर्ष के संघर्ष को संजीवनी प्रदान की है। आज हिंदू धर्म गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बीजेपी ने नारा दिया है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की आज पूरी दुनिया में सराहना हो रही है। आज उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तरक्की की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चला है।

# मां को बंधक बनाकर जबरन मकान की वसीयत करने का बड़े भाई पर लगाया आरोप

**कुंडा प्रतापगढ़** ।बड़े भाई ने डरा धमका कर मकान की वसीयत अपनी पत्नी के नाम कर लिया। जबकि दो छोटे भाइयों को मकान से बेदखल कर दिया पीड़ितों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर पूरे मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।महेशगंज थाना क्षेत्र के टांडा के रहने वाले नंदलाल का आरोप है कि वह तीन भाई है और उसका एक मकान गडरिया का पुरवा कुंडा टाउन एरिया में बना हुआ है । वह और उसका छोटा भाई रूपलाल जीवकोपार्जन के लिए मुंबई में रहते हैं ।घर में रहने बड़े भाई देशराज पाल ने पिता की 2 वर्ष पूर्व मौत हो जाने के बाद कुंडा स्थित मकान का का वसीयत अपनी पत्नी का नाम करवा दिया और उनकी मां जिनकी मानसिक स्थिति खराब है उन्हें बंधक बनाकर रहते हैं । पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंप कर वसीयत निरस्त किए जाने और बड़े भाई पर कार्रवाई की मांग की।

# नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर सचल दल के प्रभारियों की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समस्त सचल दल के प्रभारियों और सदस्यों की बोर्ड परीक्षा को सकुशल,नकलविहीन व सुचिता पूर्वक संपन्न कराने के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक ने बोर्ड परीक्षा को सकुशल,नकल विहीन एवम् सूचितापूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए. ।उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षा में निरीक्षण के समय स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता,प्रश्नपत्रों की सुरक्षा में लगे सशत्र पुलिस बल की उपलब्धत सहित परीक्षा सकुशल,नकलविहीन एवं सुचिता पूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित करना है।.सभी केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों आदि को बोर्ड परीक्षा हेतु जारी एसओपी का अनुपालन करना है।.निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, शिक्षकों की पाल्य की परीक्षा होने की स्थिति में संबंधित कक्ष निरीक्षक को परीक्षा केंद्र से बाहर रहने के बारे में जानकारी रखी जाय तथा इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय.। इस अवसर पर एओ पीके चतुर्वेदी,प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस,राजकुमार सिंह,संतोष मिश्रा,नसरत अली,करिज्मा खान,प्रतिभा शुक्ला,सारिका गुप्ता सहित सभी सचल दल प्रभारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# फंदे से लटकता मिला गायब किशोर का शव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** पेड़ पर फंदे से लटका मिला किशोर का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप दो दिन बाद ही थी मृतक की परीक्षा लोगों में तरह-तरह की चर्चा।लालगंज कोतवाली के अनेहरा रामपुरबावली निवासी राजकुमार प्रजापति का पुत्र 17 वर्षीय अंकित प्रजापति यहां लीलापुर थाना के मुल्तानीपुर में अपने नाना रामकृपाल प्रजापति के यहां रहता था। वह लीलापुर स्थिति एक इण्टर कालेज में इंटर का छात्र था। चौबीस फरवरी से उसकी इण्टर की परीक्षा थी वह 19 फरवरी को सुबह घर से निकला था, इसके बाद घर वापस नहीं लौटा। 20 फरवरी को मामा बाबूलाल की तहरीर पर पुलिस ने गुमसुदगी मुकदमा नंबर 65ध24 अंतर्गत धारा 363मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। इधर परिवार के लोग भी खोजबीन में जुटे थे। इसी बीच बुधवार सुबह करीब सात बजे पड़ोस के गांव सांडवा दुबान स्थित ओझा का बाग में एक पेड़ से किशोर का शव फंदे से लटकता मिलने की खबर मिली तो परिजनों में खलबली मच गई। जानकारी होने पर परिवार के लोग भाग कर वहां पहुंचे। शव की शिनाख्त गायब अंकित के रुप में होने पर स्वजन बदहवास हो उठे। लोगों की चर्चाओं पर गौर करें तो घटना स्थल पर मृतक के मृत्यु हत्या को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चा रही मृतक के माता पिता व बहन मुंबई में रहता है । घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में मुम्बई से गांव के लिए निकल पड़े हैं । इकलौता बेटा था। दो बहन हैं । इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या प्रतीक हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है मृतक के मामा की तहरीर के आधार पर पूर्व में गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी ।

### मोबाइल का काल डिटेल खोलेगा हत्या का राज

लीलापुर-प्रतापगढ़ । लोगों की मानें तो मृतक 19 फरवरी को घर पर रहा अचानक मृतक के मोबाइल पर एक फोन आया और वह मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकला और उसके बाद वह लौटकर घर नहीं आया इक्कीस फरवरी को उसका शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला यदि मृतक के मोबाइल का काल डिटेल खंगाला जाय तो हत्या का राज खुल सकता है हलांत पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है

### दो बहनों के बीच इकलौता भाई था मृतक

लीलापुर-प्रतापगढ़। मृतक अंकित प्रजापति दो बहनों के बीच अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था इकलौते बेटे की मृत्यु की घटना सुनकर माता-पिता व दोनों बहनें बदहवास हो गई और उनके पैर के तले मिट्टी खिसक गई।

# संत दिवस के रूप में मनेगी करपात्री जी की पुण्यतिथि



**प्रतापगढ़।** सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा विगत वर्षों की भांति महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की 42 वीं पुण्यतिथि संत दिवस के रूप में माघ मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी दिनांक 23 फरवरी दिन शुक्रवार को 2 बजे से रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग शिवजीपुरम प्रतापगढ़ में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु स्वामी जी के जीवन चरित्र पर चर्चा एवं एक कवि गोष्ठी का आयोजन डा संगम लाल त्रिपाठी भंवर की अध्यक्षता में किया गया है। उक्त जानकारी संस्थान के अध्यक्ष धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास ने दिया है।

# युवाओ को बेहतर तकनीकी ज्ञान से हुनरमंद बनाना प्राथमिकता- इं भूपेश त्रिपाठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुन्दरपुर,प्रतापगढ़।** वीयन आईटीआई, पहाड़पुर में खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में बोलते हुये नोडल प्रधानाचार्य बी .बी . सिंह ने कहा कि हर कुशल कारीगर के हाथों को हुनर के अनुसार काम देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है । उन्होंने रोजगार मेले में चयनित 131अभ्यर्थियों को सेलेक्शन प्रमाण पर देते हुये कहा कि आज बड़े पैमाने पर आईटीआई सहित कौशल विकास के प्रशिक्षणों के माध्यम से भारत के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें हुनरमन्द बनाने की पहल उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के मार्गदर्शन में कर रही है । प्रधानाचार्य ने कहा कि हुनमन्द कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर सरकार के जोर और पहल का ही परिणाम है कि आज देश के साथ साथ विदेशों में भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त भारत के युवाओं को नौकरियों में प्राथमिकताएं मिलनी शुरू हो गई हैं ।

उन्होंने कहा कि आज तकनीकी शिक्षा का युग चल रहा है और कामयाबी के लिये तकनीकी शिक्षा के बगैर अब प्रतिभा का निखार सम्भव नहीं है ,इसीलिए सरकार हर स्तर पर छोटे से लेकर बड़े माध्यमो से




आईटीआई, पॉलिटेक्निक के साथ साथ रोजगार परक कौशल विकास के लिये अभियान चलाकर पहल कर रही है ताकि बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ स्वरोजगार के माध्यम से भी युवाओं में स्वालम्बन बढ़े और वह खुद भी रोजगार पैदा करने में सक्षमता हासिल कर सकें ।

प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर वीयन आईटीआई पहाड़पुर के कौशल विकास की दिशा में किये जा रहे प्रयासों और ब्यवस्थित वर्कशाप के माध्यम से युवाओं को प्रॉपर भौतिक प्रशिक्षण देने के लिये प्रबंधनतंत्र की सराहना की । इस अवसर पर आईटीआई के संचालक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा भूपेश त्रिपाठी ने बताया कि बड़े पैमाने पर रोजगार मेले में युवाओं के सेलेक्शन के पूर्व भी संस्थान इस बात का भरसक प्रयास करता है कि युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें वास्तविक हुनर मन्द बनाया जाय और इसी का परिणाम है कि देश के तमाम सरकारी महकमों में नौकरी के साथ साथ विदेशों में भी नौकरी हासिल कराने का गौरव वीयन आईटीआई को प्राप्त हो चुका है ।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राम लखन प्रजापति,रवींद्र पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबंधक कौशल विकास मिशन,उमानाथ त्रिपाठी प्रबंधक वी यन आईटीआई, अभिषेक श्रीवास्तव यचआर हेड सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता निभाई । रोजगार मेले में कुल प्रतिभाग किये 210 युवाओं में से 131 का चयन उनकी योग्यतानुसार नौकरियों हेतु किया गया ।

# विदाई में पेन बैंक ने बोर्ड परीक्षार्थियों को बाटी स्टेशनरी

## बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जरुरतमंद छात्रों के जीवन में शिक्षा की लौ जगा रहे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप,बीबीएफजी के तत्वाधान में बोर्ड परीक्षार्थियों का विदाई समारोह बुधवार को फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में संपन्न हुआ। जिसमें पेन बैंक की ओर से परीक्षार्थियों को निशुल्क स्टेशनरी का वितरण किया गया। इन छात्रों की शिक्षा में कोई दिक्कत न हो। इसके लिए ग्रुप और उसके सहयोगी सहयोग कर रहे हैं। विदाई समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने कहा 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। सभी छात्र मन लगाकर परीक्षा दें। ग्रुप के फाउंडर टीचर राजेश कुमार ने कहा कि आप सभी छात्रों से काफी उम्मीदें हैं। गत दो वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। कार्यक्रम का संचालन टीचर दामिनी ने किया। नैंसी, साहिल, साहिबा, हिमांशु, शुभम, गोलू, नितेश, अंजू, रागिनी, निखिल समेत काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# भागवत कथा में धूमधाम से हुआ कृष्ण-रुक्मणी विवाह

### मुझे लगी श्याम संग प्रीति ये दुनिया क्या जाने भक्ति गीत पर जमकर झूमे श्रोता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिले के मंगरौरा विकास खंड के अतरसंड गांव निवासी भाजपा नेता विजय तिवारी उर्फ नीटू के यहा चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक गोविंद जी महराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया।

कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली व सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। कथा के मुख्य यजमान राज नारायण तिवारी, राम नारायण तिवारी, राजेन्द्र तिवारी के साथ ही साथ कथा पंडाल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि किशन सोनी, नीरज मिश्र, गणेश तिवारी,राम विशाल पाठक, उदय भान सिंह, जगदीश गुरुजी, राजू उपाध्याय,रमेश पाठक, बृजेश कुमार शुक्ल एडवोकेट, उमेश मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# जनपद के 108,102 के एम्बुलेंस चालकों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रतापगढ।** उत्तर प्रदेश सरकार की बहुत महत्वकांक्षी योजना 108,102 एंबुलेंस सेवा की और बेहतर बनाने के लिए की दृष्टि से सेवा प्रदाता कंपनी एमरी ग्रीन हेल्थ द्वारा प्रतापगढ़ सुल्तानपुर रायबरेली जिले के चालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह 12 दिवसीय सम्मेलन है। जिसमें प्रत्येक दिन 40 चालकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। जिला प्रोग्राम अधिकारी प्रबोध ममगाईन ने बताया इस क्रम मैं लखनऊ से आए क्वालिटी ऑडिटर पवन मिश्रा व एमएलसी प्रेसिपिटेटर अरुण बाबू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 20 फरवरी से शुरू हुआ है इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एंबुलेंस के कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में उपयोग होने वाले उपकरण व एंबुलेंस के रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है । ताकि 108,102 एंबुलेंस में गंभीर रूप से जाने वाले मरीजों को सही से देखभाल वह प्राथमिक उपचार किया जा सके। चालकों को किसी तरह से एंबुलेंस का रखरखाव, तकनीक जानकारी व साफ सफाई आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में रीजनल मैनेजर गौरव सिंह व प्रोग्राम मैनेजर प्रबोध ममगाईन व इएमई दुर्गेश पाठक मौजूद थे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व जिला महामंत्री संजय सोनी के साथ जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, मंत्री राहुल केसरवानी, संगठन मंत्री विष्णु सिंह, प्रचार मंत्री हरीश सोनी आदि ने वाणिज्य कर विभाग में कई वर्षो से कार्यरत कर्मनिष्ठ, होनहार और ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी के पद से श्री सुशील कुमार को पदोन्नति कर वाणिज्य कर कमिश्नर (उ.प्र.सरकार) द्वारा राज्य कर अधिकारी बनाए जाने पर उन्हें सम्मानित करने वाणिज्य कर विभाग पहुंचे।

सम्मान के सुअवसर पर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने उपायुक्त प्रभारी वाणिज्य कर राज्यकर अधिकारी राम भवन एवं खण्ड-1 आनंद कुमार सिंह द्वारा श्री सुशील कुमार जी को माला पहनवाने के बाद व्यापार मंडल की ओर से स्वयं माला पहनाकर, साल उढ़ाकर एवं शुभकामना एवं बधाई सम्मान-पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

इस सम्मान के सुअवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने कहा कि सुशील जी ने अपनी मृदुभाषिता और ईमानदार कार्यकुशलता से व्यापारियों का कार्य सरलता से कर विभाग के प्रति समर्पण भाव से काम किया है।'जिससे इनकी छवि विभाग और व्यापारी दोनों में लोकप्रिय रही है।इसलिए व्यापारी बंधुओं की ओर से हम सभी आपको पदोन्नति पर पुनः शुभकामनाएं व बधाईयां देते हुए, आपके स्वस्थ जीवन की कामना ईश्वर से करते हैं।उपरोक्त अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के अतिरिक्त वाणिज्य कर विभाग के सुनील कुमार चौधरी, विद्या त्रिपाठी एवं संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के काले कारनामों से क्षेत्रवासी हैरान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** शातिर शिवलाल ने पहले तो पत्नी संगीता के नाम में छेड़छाड़ कर उसे मायावती के नाम से ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ाया। जबकि उपलब्ध साक्ष्य में परिवार रजिस्टर में उक्त महिला का नाम संगीता, आधार कार्ड में मायावती और वोटर लिस्ट में माया देवी है।

तमाम धोखाधड़ी करने के बाद भी ग्राम प्रधान में लगभग 1000 मतों से चुनाव हारने पर खुद के निवास में परिवर्तन कर जालसाज शिवलाल खुद सभासद का चुनाव लड़ बैठा। जिसमें भी जनता ने उसे सबक सिखा दिया। शिवलाल के काले कारनामे यहीं शांत नहीं हुए ।उसने बगैर विद्युत कनेक्शन के अपने घर में लाइट जोड़ ली। क्षेत्रीय जेई अविनाश कुमार की जांच में मामला पकड़ में आने पर जेई ने विद्युत थाने में शिवलाल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करवाया है। इससे पूर्व में भी शिवलाल द्वारा ग्रामसभा की आरक्षित खाद गढ्ढे की बेशकीमती जमीन पर मकान बनाने की शिकायत पर तहसीलदार कुंडा के न्यायालय में मुकदमा दर्ज है। शातिर व आपराधिक किस्म के शिवलाल व उसके पुत्रों विवेक, आयुष, शुभम व बहू गीता देवी पर महेशगंज थाने में गंभीर आपराधिक मुकदमा दर्ज है। शिवलाल की सगी बहन सुशीला देवी ने भी शिवलाल के विरुद्ध दीवानी न्यायालय में अपना मकान जबरदस्ती कब्जा करने का वाद दायर कर रखा है। शिवलाल व उसकी पत्नी मायावती के काले कारनामे सुनकर पूरा क्षेत्र अचंभित व आश्चर्यचकित है।

# मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर 132 मीटर का कायाकल्प शुरू

## नए भवन के निर्माण के लिए पुराने की चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प शुरू कर दिया गया है। पुराने भवन के स्थान पर नए का निर्माण कराने के लिए उनके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जोर शोर से चल रही है। 132 मीटर के दायरे में नए भवन को बनाने की तैयारी है। भवन टूटने से रेल कर्मचारी और पुलिस कर्मियों में ठिकाने को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। तब तक इन्हें टीन शेड में रहना पड़ सकता है।

ट्रैक के बाद रेलवे द्वारा स्टेशन बिल्डिंग का भी कायाकल्प हो रहा है। जिसमें छोटे स्टेशनों के बाद अब बड़े स्टेशनों को पुनरोद्धार करने का तैयारी है। इसी क्रम में मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाना है। जो आधुनिक सुविधाओं से लैश होगा। जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। कुछ समय पहले यहां पर रेल राज्य मंत्री आए हुए थे। उन्होंने इसके कायाकल्प की आधार शिला रखी थी।

### आरपीएफ थाने से नए ब्रिज के बीच बनेगा नया भवन

कायाकल्प के लिए 132 मीटर के दायरे का जो खागा रेलवे और उसकी निर्माण इकाई द्वारा तैयार किया गया है। उसकी जद में आरपीएफथाने से लेकर नए यात्री पुल के बीच के भवन हैं। जो टूटेंगे उनकी जगह नए का निर्माण होगा।

### चार महीने लेट से चालू हुआ कार्य

रेल राज्य मंत्री की घोषणा के बाद पुरानी बिल्डिंग की तोड़ फोड़ शुरू हो जानी थी। जो किन्ही कारणों से नहीं हो पाई। ठेकेदार की मानें तो चार महीने लेट से काम शुरु हुआ है।

**एक से डेढ़ साल का लगेगा समय**

पुराने की जगह नए भवन को बनाने में करीब एक से डेढ़ साल का समय लग सकता है। निर्माण इकाई के सूत्र बताते हैं कि यह तभी संभव है। जब काम रुके न।

### जमीदोज होने को है ब्रिटिश पीरियड की यादें

पुरानी बिल्डिंग के टूटने से ब्रिटिश पीरियड की यादें जो स्टेशन की बिल्डिंग से जुड़ी है वो भी जमीदोज हो जाएंगी। रफीक चच्चा बताते हैं कि यहां का स्टेशन और बिल्डिंग ब्रिटिश पीरियड के शासन काल की बनी है। उसी समय दो जोड़ी ट्रेन चलती थी।

# केन्द्रीय मंत्री ने सांसद बालिका खेल स्पर्धा में प्रतिभागकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड व प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

## केन्द्रीय मंत्री ने जिला दिव्यांग सम्मेलन में 82 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 35 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग किया वितरित





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार स्मृति जुबिन ईरानी ने आज स्पोर्ट्स स्टेडियम,टेंवा में कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभागकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद विनोद सोनकर द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला, एक महिला एवं माँ होने के नाते मैं गौरव की अनुभूति कर रहीं हूँ। कौशाम्बी की बेटियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन्हांने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि एक गरीब अंचल में जन्में, गरीब माँ के बेटे ने यह समझा कि अगर महिला के जीवन को उच्चतम जीवन शैली से जोड़ दें, तो कल्याण मात्र महिला का नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज का होता हैं। कौशाम्बी की पूण्य धरा पर भगवान श्रीराम एवं भगवान बुद्ध के भी चरण पडें हैं। माँ गंगा का भी आर्शीवाद सदैव मिला हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए अत्यन्त प्रशन्नता की अनुभूति हो रहीं है कि गाँव की बेटियों ने सांसद बालिका खेल स्पर्धा को एक सुनहरा अवसर मानकर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को समाज के सम्मुख रखने का कार्य किया है। उन्होंने 10 वर्षीय खिलाड़ी माया का उल्लेख करते हुए कहा कि माया ने मंच पर आकर कहा कि मैडम मुझे मेडल मिला है, माया ने आज 10 वर्ष की उम्र में मेडल प्राप्त किया है, वह आगे चलकर सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल पहुँचाया जा रहा हैं। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए शौचालय (इज्जत घर) बनाने का कार्य किया गया। महिलाओं को चूल्हें के धुआँ से मुक्ति दिलाने के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीवन की आपा-धापी में कुछ जीतोगे, कुछ हार जाओगें, दौड़ते रहने व चलते रहने का नाम ही जीवन हैं। सांसद ने खेल स्पर्धा के माध्यम से बालिकाओं को बढ़ाने का कार्य किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में आयोजित जिला दिव्यांग सम्मेलन में 82 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 35 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग वितरित किया। सांसद विनोद कुमार सोनकर ने माँ गंगा-युमना नदी के बीच बसे जनपद कौशाम्बी में आगमन पर केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों से प्रधानमंत्री के द्वारा देश की बेटियों को बचाने, पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा हैं। केन्द्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी के सुझाव पर सांसद बालिका खेल स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 की 403 विधानसभाओं में विधानसभा बाबागंज ही एक ऐसी विधानसभा थी, जिसमें एक भी नगर पंचायत नहीं थी, वहाँ पर 02 नगर पंचायत हीरागंज एवं डेरवा बनाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी का इतिहास बहुत ही गौरवशाली एवं वैभवशाली है, यहाँ पर भगवान बुद्ध ने चौमासा बिताया, भगवान श्रीराम ने रात्रि विश्राम किया तथा 51 शक्तिपीठों में एक माँ शीतला का धाम है। जनपद कौशाम्बी को बौद्ध सर्किट एवं रामायण सर्किट से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। प्रतिवर्ष कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन कर जनपद को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। जनपद में अनेक विकास के कार्य कराये गये यथा-मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है एवं बस डिपो मंझनपुर का निर्माण कार्य हुआ। कौशाम्बी का चौमुखी विकास हो रहा हैं। सांसद बालिका खेल स्पर्धा में 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-खुशबू, द्वितीय स्थान-रीतू सरोज एवं तृतीय स्थान-मनीता ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-खुशबू, द्वितीय-अनुष्का एवं तृतीय प्रियंका सरोज एवं 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-आशू यादव, द्वितीय-कौशिल्या देवी व तृतीय-मीला देवी तथा 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-संजना, द्वितीय-अन्नू गौतम व तृतीय-आराधना यादव एवं 3000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम कौशिल्या, द्वितीय अन्नू गौतम व तृतीय स्थान माया ने प्राप्त किया। लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-चाँदनी सरोज, द्वितीय स्थान-नन्दनी व तृतीय स्थान-मनीता देवी तथा गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-सुषमा देवी, द्वितीय स्थान-मधू देवी एवं तृतीय स्थान-शैली सिंह ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में ब्लॉक मंझनपुर की टीम विजेता रहीं। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-रीतिका त्रिपाठी, द्वितीय स्थान-रिधि मिश्रा एवं तृतीय स्थान-परी ने प्राप्त किया। बॉक्सिंग में प्रथम स्थान-रिया, द्वितीय स्थान-खुशी कुशवाहा एवं तृतीय स्थान-विमला ने प्राप्त किया। बॉलीबाल प्रतियोगिता में ब्लॉक कौशाम्बी की टीम विजेता रहीं। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व प्रेम चौधरी एवं पूर्व विधायकगण-संजय कुमार गुप्ता, लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, गृहस्थी जलकर हुई खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कडा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कडाधाम के शीतलाधाम में बुधवार को एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी।इस आगजनी में हजारों की गृहस्थी जल कर खाक हो गयी।जानकारी के अनुसार शीतलाधाम निवासी बंशीलाल पुत्र स्व बच्चा लाल पंडा अपने परिवार के साथ चित्रकूटधाम गए थे।बताते हैं कि बुधवार की सुबह उनके घर मे अचानक आग लग गयी।पास पड़ोसियों ने घर से धुवाँ निकलता देखा तो उनमें अफरा तफरी मच गयी।उन्होंने गृह स्वामी व फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी देते हुए अपने स्तर से आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया लेकिन स्थानीय लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग की विभीषका में गृहस्थी का सामान सहित अन्य तमाम कीमती सामान जलकर खाक हो गया।इस आगजनी में गृह स्वामी को हजारों रुपए की आर्थिक हानि हुई है।सूचना पर राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की है।

# नही रुक रहा बकरी चोरी का सिलसिला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है , जिससे पशु पालक हताश है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नं नौ निवासी राकेश कुमार पुत्र चंद्रपाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की क्षेत्र के इन दिनों बकरी चोरों का गैंग सक्रिय है जो लगातार क्षेत्र से बकरी चोरी कर चार पहिया में भरकर फरार हो जाते है । राकेश कुमार का आरोप है की एक माह पूर्व उसकी तीन बकरिया चोरों ने पार कर दिया , इसी तरह वार्ड नं एक निवासी आफाक पुत्र मुमताज , अटसरई निवासी कंचन सिंह की एक सहित क्षेत्र के अन्य जगहों से चार पहिया वाहन सवार चोरों ने बकरिया पार कर दिया । राकेश कुमार ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# चुनाव को लेकर होर्डिंग बैनर लगाकर पेश कर रहे दावेदारी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** कौशांबी उत्तर प्रदेश की टॉप-5 अनुसूचित बाहुल्य लोकसभा सीट में शामिल हैं। चुनाव में अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं की अहम भूमिका है। वर्ष 2014 से पहले यह सीट चायल लोकसभा के नाम से जानी जाती थी। वर्ष 1951 में हुए लोकसभा चायल से कांग्रेस प्रत्याशी मसुरियादीन सांसद बने। अपने कुशल व्यवहार की वजह से ये जनता के बीच पकड़ बनाए रहे, जिसकी वजह से चार बार कांग्रेस पार्टी से सांसद बने। इसी प्रकार सपा प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार को तीन बार चायल संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने का मौका मिला। भाजपा से पहली बार डॉ0 अमृतलाल भारतीय व दूसरी बार विनोद सोनकर सांसद हुए। 2019 में एक बार फिर विनोद सोनकर को यहां से जीत हासिल हुई। विधानसभा क्षेत्र और स्थानीय मुद्दे संसदीय क्षेत्र में कौशांबी जिले की विधानसभा सीटें सिराथू, मंझनपुर, चायल और प्रतापगढ़ जिले की कुंडा और बाबागंज विधानसभा सीटें शामिल हैं। चायल संसदीय क्षेत्र में कौशांबी के तीन विधानसभा क्षेत्रों के अलावा प्रयागराज की शहर पश्चिमी व फतेहपुर जनपद की खागा विधानसभा सीट शामिल थी। वर्ष 2014 में हुए चुनाव में इसे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी का दर्जा मिला। तब विधानसभा शहर पश्चिमी व फतेहपुर जनपद की खागा को हटाकर प्रतापगढ़ जनपद की कुंडा व बाबागंज विधानसभा को शामिल किया गया। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कौशांबी की साक्षरता दर 55.51 प्रतिशत है। स्थानीय मुद्दों में बेरोजगारी, औद्योगिक इकाईयों की स्थापना, कृषि क्षेत्र में पिछड़ापन प्रमुख मुद्दे हैं। कौशांबी की खास बातें कौशांबी, उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। बौद्ध भूमि के रूप में प्रसिद्ध कौशांबी उत्तर प्रदेश राज्य का एक क्षेत्र है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी कौशांबी काफी महत्वपूर्ण है। यहां स्थित प्रमुख पर्यटन स्थलों में शीतला मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, प्रभाषगिरी और राम मंदिर विशेष रूप से प्रसिद्ध है। कौशांबी को पहले कौशाम के नाम से जाना जाता था। यह बौद्ध और जैनों का पुराना केंद्र है। इसका मुख्यालय मंझनपुर में है। शीतला देवी मंदिर, प्रभाषगिरी, दुर्गा देवी मंदिर, श्री राम मंदिर यहां के प्रमुख धार्मिक स्थल है । चूंकि लोकसभा चुनाव को लेकर अब कुछ माह ही बाकी है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की लगभग पूरी तैयारी हो चुकी है। भाजपा , सपा सहित सभी पार्टियों के नेता टिकट के लिए अपने अपने दावे पेश कर रहे है कुछ प्रत्याशियों ने तो होर्डिंग बैनर भी लगा दिए है। भाजपा से सांसद विनोद सोनकर मुख्य दावेदार माने जा रहे है अब देखना यह है की अगर सांसद विनोद सोनकर कौशांबी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ते है तो हैट्रिक मारने के लिए हर प्रयास करेंगे।

# जेहीदपुर उर्स मेले में उमड़े जायरीन, थानाध्यक्ष ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अफजलपुरवारी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के जेहिदपुर गांव में दुलारे साह वारसी का 18वाँ सलाना उर्स चल रहा है। उर्स के खादिम अहमदउल्ला ऊर्फ नेता भाई ने बताया कि ये उर्स कई वर्षो से होता आ रहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स मेले का आयोजन किया गया है। उर्स में क्षेत्रीय लोगो के अलावा और आस पास के जिलों के जायरीन बाबा की जियारत को आते है कुछ लोग यहां रुकते भी हैं यह उर्स हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है यहां हिंदू मुसलमान सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। उर्स में तरह तरह की दुकानें , झुला, सर्कस आदि दुकानें लगाई गई है। जायरीन जियारत के बाद मेला घूमते है । जायरीनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष पईसा बृजेश करवरिया, चौकी इंचार्ज अफजलपुरवारी अशोक कुमार ने अपने पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# दुराचार के आरोप में आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मामला पिपरी थाना क्षेत्र मुरादपुर गांव का बाजी मुकदमा अमृतलाल पुत्र शिवदानी ने 11 अगस्त 2016 को थाना पिपरी में लिखित तहरीर दिया कि 08 अगस्त 2016 को करीब 03 बजे वादी मुकदमा की पुत्री को सरायकिल थाना क्षेत्र का हजारी का पूरा गांव के अमित और उसका साथी रामबली ने मूरतगंज मेला बाग में ले जाकर उसके साथ जबरन दुराचार किया और उसके बाद राम आधार के घर छोड़ दिया पिता ने घटना के संबंध में अपने घर वालों को बताया वादी मुकदमा के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया मामला अपर जिला जज सप्तम शिरीन जैदी की अदालत में चला राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे ने कुल आठ गवाहों को परीक्षित कराया गवाहों ने घटना का समर्थन नहीं किया सभी तथ्य के गवाह पक्षद्रोही हो गए पत्रावली में उपलब्ध साक्षय के आधार पर अमित निवासी हजारी का पूरा थाना सरायकिल को दुराचार की अपराध में दोषी पाते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 20000 अर्थ दंड की सजा सुनाई जबकि आरोपी राम आधार ने पीड़िता से विवाह कर लिया और रामबली के विरुद्ध कोई साक्ष्य ना होने के कारण दोनों आरोपी को दोष मुक्त किया गया।

# दुर्गेश त्रिपाठी बनाए गए मंडल संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** नित्या सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल टेवां के प्रबंधक दुर्गेश त्रिपाठी को मंझनपुर विधानसभा के शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक मंडल मंझनपुर नियुक्त किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल संयोजक मंझनपुर शिक्षक प्रकोष्ठ दुर्गेश त्रिपाठी को बनाए जाने पर विद्यालय परिवार एवं ग्राम वासियों ने जिला अध्यक्ष कौशांबी बीजेपी का आभार व्यक्त किए एवं मिठाई बांटकर खुशियां जाहिर किये। इस अवसर पर नित्या सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनीश नामदेव, रज्जन सिंह, सुनील तिवारी, मोनू वर्मा, रोहित कोटार्य आदि साथी उपस्थित रहे।

# महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का हुआ शुभारंभ




**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अजुहा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने विशेष शिविर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए छात्रों को बताया कि कैसे हम समाज को जागरुक कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ मदन मोहन सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए शिविर के महत्व को बताया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी धरणीधर , राजेश कुमार मौर्य , शिक्षक साकेत चौधरी , मनीराम , कपिल , राम लोचन सहित महाविद्यालय स्टाफव छात्र मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगो पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर की रहने वाली मंजू देवी पत्नी अमरेश ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की उसकी दोनो पुत्रियां शौच के लिए घर से बाहर गई थी इस दौरान पड़ोस के चार लोगो ने मामूली बात को लेकर को लेकर उसके पति के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया बीच बचाव के लिए आगे आए पुत्र सचिन के साथ भी मारपीट करते हुए धमकी देने लगे , जिसके बाद जख्मी अमरेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया , पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गुड्डू , विकास , अंकित व लहरी के विरुद्ध मारपीट , धमकी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गए है।

# आज से शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा , तैयारी पूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन सपन्न कराने के लिए इस बार उत्तर पुस्तिकाओं पर बार कोडिंग की गई है। जिसे स्कैन कर कॉपी के असली या नकली होने का पता किया जा सकेगा। प्रश्न पत्रों की निगरानी पहले से सघन की गई है, इसके लिए बने स्ट्रॉग रूम को सुरक्षित बनाया गया है । केंद्रों पर पेपर भी पहुंचा दिए गए है। हर साल पहली पाली की परीक्षा सुबह 08:00 बजे शुरू होती थी, जिसमे 15 मिनट का अधिकतम समय पेपर पढ़ने के लिए मिलता था। लेकिन इस बार पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से शुरू होगी। 11:45 तक यह परीक्षा चलेगी। जबकि दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सवा पांच बजे तक चलेगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली इस बार सुबह 08:30 बजे से शुरू होगी। बोर्ड के आदेशों पर परीक्षा का समय बदला गया है, दूसरी पाली हर साल की तरह दोपहर दो बजे से शुरू होगी। परीक्षा को लेकर कॉलेजों में सीटिंग प्लान तैयार कर सूची चस्पा की जा चुकी है। वहीं, केंद्रों में बैंच पर भी छात्रों का अनुक्रमांक चस्पा कर दिया गया है। डीआईओएस डॉ0 सच्चिदानंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है।

नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित कर दिया गया है। छात्रों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वहीं परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए परिषदीय स्कूलों से भी शिक्षक इसमें लगाए गए है। केंद्र व्यवस्थापकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। साथ ही स्ट्रोंग रूम व प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए प्रतिदिन रात्रि में छः गाडियां निकलेगी जो परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र व अन्य व्यवस्थाओं की जांच पड़ताल करेगी। किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर केंद्र के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाएग

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे छः गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पिपरी से 04, थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 01) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सोशल ऑडिट किये हुए कार्यों की गोष्ठी का आयोजन 24 फरवरी को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) परियोजना अधिकारी डूंडा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन के लिए क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के सोशल ऑडिट किये हुए कार्यों की गोष्ठी का आयोजन 24 फरवरी 2024 को नगर पंचायत चायल में किया जायेंगा। गोष्ठी में नगर पंचायत चायल के अधिशासी अधिकारी व स्थानीय लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा।

# फाउंडर डे व फिएस्टा- 5 का विद्यालय में हुआ समापन





**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** स्कूल में फाउंडर डे और फिएस्टारु 5 का समापन हुआ जिसमे आज के मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद शादाब अहमद सिद्दीकी और इंजीनियर सुहेल वहीद अहमद की उपस्तिथि हुई जिनका स्वागत स्कूल के हेडबॉय अयाज आलम और हेड गर्ल समन खातून के द्वारा किया गया। जिसमें स्कूल के डायरेक्टर इनायत अहमद और स्कूल के ऑनर जुनैद अहमद और प्रबन्धक नौशाद और प्रध्नाचार्य आयशा सिद्दीकी के द्वारा आयोजित किया गया हैं। जिसमें आज संस्कृत कार्यक्रम बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया हैं।

जिसमे आज विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए गए जिसमे आज ग्रीन हाउस और रेड हाउस के बीच खेला गया जिसमें रेड हाउस के नूर रजा ने टॉस जीतकर कर पहले फील्डिंग लेने का निर्णय किया और ग्रीन हाउस ने पहले बैटिंग किया जिसमे टोटल 31 रन बनाए 6 ओवर में उसके बाद रेड हाउस ने बैटिंग किया और 6 ओवरों में पूरी टीम ही अलाउट हो गई और ग्रीन हाउस ने जीते दर्ज किया।

उसके बाद कबड्डी में पियूष की टीम ने दर्ज हासिल किया और खो- खो में आसिफ की टीम ने जीत दर्ज करी जिसमे अयाज ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और जीत दर्ज कराई। जिसके बाद हमारे मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में बच्चो को उत्साहित किया और उनको खेल का महत्व बताया और अपना कीमती वक्त दिया । जिसमे स्कूल के समस्त अध्यापक नेहा, प्रीति, ज्योति, अमित, राजवीर , फैजान ,सगुफ्ता आदि मौजूद रहे।

# महिला ने दबंग पर लगाया शोषण कर मारपीट कर धमकी का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने एक दबंग पर शोषण व मारपीट एवं धमकी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने बताया की पांच बच्चो की मां है , महिला का आरोप है की एक दबंग बुरी नियत से आए दिन उसको परेशान करता है विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देता है। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# तीन वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मुस्ताक निवासी आर्य कन्या विद्यालय के पीछे धाता रोड़ थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक अनूप शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी राजू पाल निवासी समसपुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अस्फाक निवासी गनसरी थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले57वाहनों का ई-चालानकिया गया।

## सम्पादकीय

# ममता सरकार पर दाग

संदेशखली कांड में तृणमूल सरकार के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है।पश्चिम बंगाल का संदेशखली कांड ममता बनर्जी की सरकार पर एक गहरा दाग बनता जा रहा है। जिस तरह राज्य सरकार ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को इस गांव में जाने से रोका है, उससे यह धारणा और गहराई है कि वह कुछ छिपाना चाहती है। इस कांड में गंभीर आरोप तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगे हैं। उत्तर 24 परगना के गांव संदेशखाली की दर्जनों महिलाओं ने तृणमूल सदस्यों पर यौन उत्पीड़न के संगीन आरोप लगाए हैं। इन महिलाओं के सामने आने के बाद आठ फरवरी को से वहां विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। महिलाओं ने इल्जाम लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े शेख शाहजहां और उसके कथित गिरोह ने यौन उत्पीड़न करने के अलावा उनकी जमीन के बड़े हिस्से पर जबरन कब्जा भी कर लिया है। गांव के कई लोगों ने आरोप लगाया है कि वहां पुरुषों को तृणमूल कांग्रेस की बैठकों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। अगर कोई इससे इनकार करता था, तो उनकी पत्नियों को धमकी दी जाती थी। शेख शाहजहां स्थानीय जिला परिषद के सदस्य भी हैं। जनवरी में जब ईडी की टीम उनके घर पर छापेमारी के लिए पहुंची, तब उनके समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।ईडी की टीम कथित राशन घोटाले से संबंधित मामले में उनके घर पर पहुंची थी। महिलाओं ने शेख शाहजहां के सहयोगियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर भी यौन उत्पीड़न में शामिल होने का आरोप लगाया है। सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि हाजरा फरार है। मुमकिन है कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक मकसद से इस कांड को बहु प्रचारित किया हो। मसलन, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के 12 फरवरी को संदेशखाली का दौरा करने को लेकर उठे सवाल वाजिब हैं। राज्यपाल ने उत्पीड़न का दावा करने वाली महिलाओं से मुलाकात की थी। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए थी। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। ऐसे कदमों से पार्टी का दामन अधिक दागदार होता जाएगा।




**मेष राशि**-आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा हैं। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कोई नया पद मिलेगा जिससे उनकी छवि बनेगी। दूसरो की समस्याओं से आप विचलित हो सकते हैं, इसलिए आप उनकी समस्या का निवारण करेंगे। आज आप नई जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। जो युवा आज जॉब की तलाश में है, उनको आज किसी अच्छी जगह पर जॉब मिलेगी।

**वृष राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जाएगा। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे,परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नजर आएंगे। मित्र को उसके जीवन में चल रही समस्याओं से बचने के लिए आप उसको सलाह देंगे जिससे उसका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन अनुपम रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आपकी भूमि पर चल रहे झगड़ों से आज छुटकारा मिलेगा, जिससे आपकी भूमि वापिस मिल जाएगी। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी और अधिक लाभ होगा। माता जी आपके काम में हेल्प करेंगी, आपको काफी आराम रहेगा। कुछ लोग आज आपसे ज्यादा हेल्प की उम्मीद रखेंगे, आप हेल्प करके उम्मीद को कायम करेंगे।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। साथी को चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज वह मैथ्स के टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे। आपका फ्रेंड आपसे कोई जरुरी सामान की डिमांड कर सकता है, जिसे आप वह सामान दिलाएंगे। जीवन साथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे, आपसी रिश्ता अच्छा बनेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां ज्यादा बढ़ेंगी।

**कन्या राशि**-आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज बिजनेस में अच्छा लाभ मिलेगा और वह आज अपने बिजनेस को काफी विस्तृत करेंगी। किसी बड़े बुजुर्ग की मदद करने से आप राहत फील करेंगे। काम के क्षेत्र में तमाम कठिनाईयां होने के बावजूद भी आप उनसे सामना करने में सफल होंगे।

**तुला राशि**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। किसी बात को लेकर भाई-बहन में अनबन हो सकती है, बहस करने से बचें। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते हैं, जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवन साथी आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपसी रिश्ता मजबूत होगा। अपने दोस्तों के साथ मिलकर आप को सोशल सर्विस का फाउंडेशन चलाएंगे जिससे बहुत से लोगों की मदद व सेवा होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। स्पोर्ट्स के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। बुजुर्गो की सेवा करें जिनका आशीर्वाद आपको मिलेगा, आप जल्द ही सफल होंगे। संतान पक्ष से आपको ज्यादा लाभ मिलेगा। किसी नए रोचक पर्सन से मुलाकात होगी।

**धनु राशि**-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्तों में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। बिजनेस के क्षेत्र में चल रहे प्रयास आपके सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा।

**मकर राशि**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे ,घर में सुख शांति स्थापित होगी। आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस पार्टनर के साथ आपके संबंध ज्यादा बेहतर रहेंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फ्रेश फील करेंगे। नव विवाहित दंपत्ति आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिए जाएंगे, भगवान से अपने रिश्ते के लिए प्रार्थना करेंगे।

**मीन राशि**-आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रैशन लोगों पर साफ दिखेगा। आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी जिसके सुधार के लिए आपको मेहनत से लगने की जरुरत है।

# पाकिस्तान में बनेगी सरकार या लगेगा मार्शल लॉ



**अशोक भाटिया**


जिस दिन से पाकिस्तान के चुनावों में बेइमानी शुरू हुई उसी दिन से वहां धरना प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान में फिर से 1971 वाला माहौल बन रहा है। इमरान खान के समर्थकों ने चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और धांधली का आरोप लगाए हैं। पाकिस्तानी मीडिया भी कहने लगा है कि अब मार्शल लॉ दूर नहीं है।सोचिए पाकिस्तान का एक दल अपने ही देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दखल देने की मांग कर रहा है। इंटरनेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस के जरिए दुनिया को सबूत दिखा रहा है, तो वहां कैसे हालात होंगे समझ सकते हैं। पाकिस्तान की हर जगह छिछालेदर हो रही है।दूसरी तरफ बताया जाता है कि पाकिस्तान में मंगलवार देर रात सरकार बनाने के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी के बीच समझौता हो गया है । समझौते के तहत नवाज शरीफ की पार्टी के प्रमुख शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बनेंगे जबकि बिलावल के पिता आसिफ अली जरदारी एक बार फिर से राष्ट्रपति बनेंगे। इस आशय की घोषणा दोनों पार्टियों की संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में की गई। इस मौके पर शहबाज शरीफ ने कहा, यह काटों भरी राह पर चलने की जिम्मेदारी मिलने का मौका है। इस राह पर चलकर हमें पाकिस्तान को बचाना है। पाकिस्तान को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। उन्होंने इस राह पर चलने में सबका सहयोग मांगा। पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन (पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज) और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी (पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी) के बीच सरकार बनाने के लिए सहमति तो बन गई थी लेकिन सत्ता में साझेदारी पर बात नहीं बन पा रही थी।गौरतलब है पाकिस्तान में चुनाव के 12 दिन गुजर चुके थे लेकिन सरकार गठन को लेकर कोई तारीख निश्चित नहीं हो पाई थी। इस बीच धांधली का आरोप लगाकर इमरान खान की पार्टी पीटीआइ और कुछ अन्य दलों के विरोध प्रदर्शन जारी हैं। पीटीआइ ने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चुनाव धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई भी शुरू हो चुकी है। 29 फरवरी से शुरू होने वाले नेशनल असेंबली के सत्र में 133 सदस्यों के समर्थन वाला गठबंधन ही सरकार बना सकेगा। सबसे बड़े दल के रूप में पीएमएल एन सरकार बनाने के दावे के साथ सबसे आगे है और उसने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।पाकिस्तान के चुनावी इतिहास को देखें तो वर्ष 2002 में जनरल मुशर्रफ के दौर में हुए पार्टीविहीन चुनावों को छोड़ दिया जाए तो आमतौर पर यह एक स्वीकार्य बात है कि हर चुनाव ने पाकिस्तान में लोकतंत्र की भावना को मजबूत किया है। यह भी पाकिस्तान का ही नवाचार है जहां तानाशाह चुनाव का प्रहसन रचते हैं ताकि खुद को वैधता दिला सकें और यह दावा करने का अधिकार पा सकें, 'देखो मैं तानाशाह नहीं हूं। देखिए मैंने जनमत संग्रह में 98।5 फीसदी मत हासिल किए।' जनरल जिया उल हक ने 1984 में ऐसा ही किया था। हक के बाद अगले तानाशाह मुशर्रफ 1999 में सामने आए। आरंभ में उन्हें खुद को चीफ मार्शल लॉ एडमिनिस्ट्रेटर या फिर राष्ट्रपति कहलाना तक पसंद नहीं था उन्होंने खुद को चीफ एग्जीक्यूटिव कहकर आरंभ किया।पाकिस्तानी अधिकारियों में औपचारिक तानाशाही को लेकर हिचक बढ़ने लगी थी। मुशर्रफ के बाद उन्होंने एकदम विशिष्ट सिद्धांत तैयार किया जहां वे बिना सत्ता धारण किए पूरी सत्ता अपने पर पास रख सकते थे, भले ही चुनाव कोई भी जीते। अब सेना परदे के पीछे से कठपुतली का संचालन करती थी। ये हाइब्रिड सरकारें भी पाकिस्तान का विशिष्ट आविष्कार थीं लेकिन 2018 में सेना ने इमरान खान को अपनी कठपुतली के रूप में चुनकर गलती कर दी। यही वजह है कि हमने यह प्रश्न किया कि पाकिस्तान में चाहे जो पार्टी सत्ता में आए, इस चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई या हार? मैं आपको दोनों विकल्प देता हूं और दोनों के पक्ष में तक भी।पहली बात, यह तर्क देना आसान है कि लोकतंत्र की जीत क्यों हुई। सेना और न्यायपालिका दुर्भाग्यवश लेकिन चरित्रगत रूप से मिलीभगत करके प्रमुख दावेदार और उसके दल को चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिया और उसे तथा उसके समर्थकों को जेल भेज दिया। उसका चुनाव चिह्न तक जब्त कर लिया गया। उन्होंने अपने नए पसंदीदा नेता मोहम्मद नवाज शरीफ को भी वापस लाया जिसे उन्होंने मनमाने ढंग से पद से हटाकर 2018 में देश से निर्वासित कर दिया था। वही न्यायपालिका जिसने उन्हें सजा सुनाई थी, जेल भेजा था और पद के अयोग्य ठहराया था, उसने सभी निर्णय बदल दिए।चूंकि यह पाकिस्तान है इसलिए इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं थी। चौंकाने का काम मतदाताओं ने किया। उन्होंने सेना द्वारा अपने चुने हुए दलों को हराने के संकेतों को खारिज कर दिया और उन स्वतंत्र उम्मीदवारों को जिता दिया जिन्हें इमरान खान ने जेल में रहते हुए अलग-अलग चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में उतारा था। यह सेना के लिए स्तब्ध करने वाली राजनीतिक और नैतिक पराजय है। अब हम जानते हैं कि सेना के अधिकारी नैतिकता की परवाह नहीं करते और राजनीति को वे हमेशा अपने मुताबिक अंजाम दे लेते हैं जैसा कि वे अभी प्रयास कर रहे हैं। परंतु इन बातों से यह तथ्य नहीं बदलता है कि यह इतिहास में पहला मौका है जब पाकिस्तान के लोगों ने सेना के खिलाफ मतदान किया है। इस चुनाव में 70 फीसदी से अधिक मतदान हुआ जबकि पहले 40-42 फीसदी मतदान होता था। यह लोकतंत्र की जीत है।इमरान सेना के पसंदीदा बेटे की तरह थे जो बहुत जल्दी हाथ से निकल गया। उसने इमरानियत नामक एक नई विचारधारा के साथ उनका सामना किया। यह रूढ़िवादी इस्लाम, अति राष्ट्रवाद, आर्थिक लोकलुभावनवाद और व्यवस्था के विरुद्ध बगावत का मिश्रण था।अब तक सेना का सामना ऐसे नेताओं से हुआ था जो कम से कम इतने तर्कसंगत थे कि अपने संरक्षण को समझ सकें। वे इमरान से निपटने के लिए नहीं बने थे इसलिए उसे उनको कुचलना पड़ा। इस चुनाव ने बता दिया कि सेना कितनी बुरी तरह नाकाम हुई है। अगर पाकिस्तान की जनता उस सेना को अंगूठा दिखाया है जिसका वह बीते तमाम दशकों में सम्मान करती रही है तो यह लोकतंत्र की जीत है। इमरानखान चाहे जितने अतार्किक रहे हों, उनकी राजनीति देश के लिए चाहे जितनी नुकसानदेह रही हो और पड़ोसियों खासकर भारत के लिए चाहे जितनी खतरनाक रही हो, लब्बोलुआब यही है कि उन्होंने कैद खाने में में रहते हुए सेना को पराजित कर दिया।तब हम यह दलील कैसे दें कि वास्तव में इस चुनाव में लोकतंत्र पराजित हुआ है। यह तक कि जीतने वाला पक्ष बाहर है और हारने वालों का गठबंधन सरकार बना सकता है, कहानी का केवल एक हिस्सा है। बड़ी बात यह है कि सेना अभी भी इतनी शक्तिशाली है कि वह चुनाव हारने के बाद मतदाताओं की इच्छा का हनन कर सकती है। आमतौर पर वह दो या तीन सालों तक प्रतीक्षा करने के बाद ही निर्वाचित सरकार को गिराती है। इस बार उसने मत पत्रों की स्याही सूखने तक का इंतजार नहीं किया।नियम बदलने और तमाम छेड़छाड़ तथा मतगणना प्रक्रिया में ऐसा कुछ करने के बावजूद कि इमरान के दौर की गेंद से छेड़छाड़ भी शर्मा जाए, वह चुनाव हार गई। अगर हम इस नजरिये के साथ चलें कि लोकतंत्र की जीत हुई क्योंकि मतदाताओं ने सेना को पराजित कर दिया तो हम इस कड़वी हकीकत को कैसे स्वीकार करेंगे कि आने वाली सरकार सेना के सामने अतीत की सरकारों से कहीं अधिक झुककर रहेगी।पाकिस्तान में हुए घटनाक्रम की तुलना बहुत आसानी से पश्चिम एशिया के इस्लामिक देशों में अरब उभार से की जा सकती है। उनमें से कई देशों में चुनाव हुए, कुछ देशों में तो आधुनिक इतिहास में पहली बार चुनाव हुए इसके बावजूद वहां ऐसी विचारधारा या राजनीतिक शक्ति ही सत्ता में आई जिसे 'व्यवस्था' ने स्वीकार्य पाया।ये ताकतें पूरी तरह इस्लामिक, लोकलुभावनवादी, पश्चिम विरोधी और रूढ़िवादी थीं। हर मामले में या तो सेना या पुराने सैन्यीकृत प्रशासन ने इन्हें बाहर कर दिया और तानाशाही को बहाल कर दिया। मिस्र, सीरिया, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया आदि देशों में ऐसा ही हुआ। इस्लामिक दुनिया के इन देशों में सेना को आधुनिकता की शक्ति के रूप में देखा गया। पाकिस्तान में अब वही हो रहा है।सच यह है कि लोकतंत्र का यह ध्वंस चाहे जितना निंदनीय हो, अभी भी यह पाकिस्तान और वहां की जनता के हितों की रक्षा कर सकता है। अगर इमरान खान के नेतृत्व वाले इस्लामिक लोकलुभावनवाद को बाहर रखा जाता है तो अमेरिका समेत शेष विश्व और यहां तक कि चीन को भी राहत मिलेगी। पाकिस्तान के पड़ोसियों को भी राहत मिलेगी। भारत ऐसी सरकार से अधिक प्रसन्न होगा जो शरीफ के नेतृत्व में बने और जिसे पीछे से सेना का समर्थन हासिल होगा। यह उचित होगा और इमरान खान की तरह आत्मघाती जैकेट में लिपटा नहीं होगा।यहां पाकिस्तान में लोकतंत्र की जीत या हार से इतर तीसरा सवाल आता है। क्या कोई देश इसलिए लोकतंत्र के लिए तैयार है क्योंकि वह चुनाव करवा सकता है जबकि उसके संस्थान परिपक्व नहीं हैं और उसकी रक्षा करने लायक कद नहीं बना सकी हैं? ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के लोग न्यायपालिका और चुनाव आयोग की तरह सेना के अधीन रहकर भी निष्ठा से उसके आदेशों का पालन कर सकते हैं। एक वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना संस्थानों के माध्यम से की जाती है, जिसे दीर्घकाल में और अक्सर धैर्यपूर्वक दशकों में तैयार किया जाता है। तब तक चुनाव में लोकतंत्र की जीत या हार का प्रश्न अकादमिक बना रहेगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# परिवार का आशीर्वाद

सीमा और राजेश 20 सालों से दुबई में रहते थे, उनकी शादी को इस वर्ष 25 साल होने को आए। आजकल अंग्रेजी तारीख से ही जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ मनाने का प्रचलन ज्यादा हैं, हिंदी तिथि को बहुत कम ही लोग याद रखते हैं । राजेश और सीमा की शादी की सालगिराह की तिथि बसंत पंचमी थी ।

राजेश ने सीमा को वैवाहिक वर्षगांठ पर कुछ सरप्राइज देने का प्लान परिवार के साथ मिलकर बनाया । सभी को इस वर्ष सपरिवार फरवरी में इंडिया में भतीजी की शादी में जाना था। सभी लोग बहुत खुश थे । सबने इंडिया जाने से पहले थोड़ी शॉपिंग शुरू कर दी । हल्दी की रस्म के लिए येलो ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था, राजेश ने सीमा को चमकदार सुंदर पीली साड़ी दिलवाई ।

सभी सपरिवार इंडिया पहुंचे और शादी की रस्में हर्षोल्लास से परिवारजनों के साथ शुरू हो गई । हल्दी वाले दिन ही बसंत पंचमी थी । आज सीमा ने हल्दी



की थीम के अनुसार पीली साड़ी को पहना । राजेश की नजरें सीमा पर ही रूक गई आज भी सीमा पीली साड़ी में वह बिल्कुल सरसों का फूल लग रही थी ।

हल्दी की रस्म के चलते ही सीमा और राजेश को स्टेज पर बुलाया गया सीमा कुछ समझ पाती तब तक तो सभी लोग सालगिराह मुबारक हो सीमा और राजेश कहकर बधाइयां देने लगे । जिंदगी का सबसे खूबसूरत और प्यारा सरप्राइस आज राजेश ने सीमा को दिया था । इतना प्यारा सरप्राइज देखकर वह सब कुछ भूल गई । आज सीमा की आंखों में खुशी के आंसू झलक रहे थे और वह अपनी शादी की 25 वीं वर्षगांठ सपरिवार फिर से उसी शादी के खुशनुमा माहौल में मना रही थी । कोई भी उत्सव व त्यौहार को यदि सपरिवार सम्मिलित होकर परिवार के साथ मनाया जायं तो, जो आनंद रस प्राप्त होता है ,वह अविस्मरणीय है। बड़ों के अनमोल आशीर्वाद से जीवन में सदैव खुशीयों का आगमन होता है, और परमात्मा की कृपा से वैभव बरसता है। सदैव कोशिश कीजिए सपरिवार उत्सव मनाने की ।

- मोनिका डागा ÷आनंद÷, चेन्नई,

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## रहना तुम ऐसे

रहना तुम सदा मेरे भीतर ऐसे
रहती है पुतलियाँ चुपके से
नैन कटोरी के भीतर जैसे
ओझल न होना अचानक नज़रों से ऐसे
कुदरती विपदा में बिछड़ जाते है
अपने अपनों से जैसे।
सदा ऐसे थामें रखना मुझको
जैसे कृष्ण ने थामा था गोवर्धन को
बहा न देना ऐसे बहा देता है नीरनिधि
अपनी लहरों को जैसे।
संभालना मुझे ऐसे
पत्तें थामते है शबनम की बूँदों को जैसे
गिरा न देना अपनी नज़रों से कभी
पतझड़ के मौसम में गिरा देती है
टहनी सूखे पत्तों को जैसे।
महफ़ूज़ रखना अपनी आगोश में ऐसे
सीप संजोती है मोती को जैसे
दूर न कर देना ऐसे बादल आज़ाद कर देते हैं
बारिश को जैसे।
खिलखिलाती रखना होंठों पर जैसे
लहलहाती फसल सी हँसी हो
बहा न देना ऐसे
आँखों से गिरते चार आँसू हो जैसे।
पढ़ना तुम मुझे ऐसे प्रेम ग्रंथ शिद्दत से
डूबकर कोई प्रेमी पढ़ता है जैसे
पढ़ कर फेंकना मत ऐसे
रद्दी को फेंकते हैं लोग कूड़ेदान में जैसे।
गुफ़्तगू की ज्योत सदा जलाए रखना ऐसे
सदियों से बहती गंगा का निनाद
हरकी पैड़ी के हर घाट से उठता है जैसे
कभी ऐसे मत रूठना रूठती है
शहीदों की भार्या से किस्मत जैसे।
अपनी आँखों से मेरी काया का
सदा श्रृंगार करना ऐसे कैनवास पर
सुंदरता कोई उकेरता हो जैसे
किसी दिन विरक्त मत बन जाना
जोगी जोग लेता है जैसे।
कभी छोड़ने का मन करें तो ऐसे छोड़ना
छोड़ दें सांसें तन से रिश्ता
और मेरी रूह को इसकी भनक तक न हो जैसे।

**भावना ठाकर भावु**
**बेंगलोर**



## ... आंखें तड़पती होंगी

दिल रोता होगा आंखें तड़पती होंगी।
जिंदगी जब किसी की याद में बसती होगी।
उनसे मुलाक़ात हुई ज़माने से बेखबर हुआ।
वो बेखबर तो किसी और की कश्ती होगी।
मोहब्बत कभी किसी सहारे की पामाल कहाँ।
जब उनका खयाल आये यादों की बस्ती होगी।
गर दूरियां नहीं होंगी दरमियाँ इश्क़ व हुश्न के।
यकीं मानो यह मोहब्बत बहुत ही सस्ती होगी।
सरे बाज़ार मोहब्बत को नीलाम करते हैं लोग।
खुदा का करम है क्या इंसान की हस्ती होगी।
कभी चिलमन में झांक कर देखो उसके मनु।
इंसा है किसी के खुवाब में हंसती होगी।

**मनोरमा सिंह**
**आजमगढ़**



## लहूलुहान पुलवामा की धरा

सरहद की रक्षा करने को
निकला था वीरों का टोला
लेकिन चुपके से धोखे से
दुश्मन ने था हमला बोला
लहूलुहान पुलवामा की धरा
चिथड़े चिथड़े लाशें बिखरी
बिछड़े माओं से लाल कई
जाने कितनी मांगे उजड़ी
देख कर करनी कायर की
हर फौजी का खून खौल गया
चूंमके मिट्टी मरते मरते
भारत मां की जय जय बोल गया
सीना दहल गया भारत मां का
चहूं और आर्तनाद हाहाकार
कब तक धोखे से वीर मरेंगे
कब रुकेगा नृशंस यह अत्याचार
अरे ओ कायर छलिया दुश्मन
बिना बात क्यों तू अकड़ता है
बार बार खाता है मार
फिर भी नहीं बात समझता है
छोड़ दे खूनी वहशी इरादे
मत घोंपो पीठ पर तुम खंजर
ना माने तो मिट जाओगे
सोचो फिर कैसा होगा मंजर।
पुलवामा के वीर शहीदों
तुमको है श्रद्धा सुमन अर्पण
नतमस्तक होकर भारत सारा
करता है तुमको कोटि-कोटि नमन।

**अनामिका गुप्ता**
**करौली, राजस्थान**



## प्रकृति के नियम

प्रकृति का नियम है जो, पास वही बांटता।
सुखी बांटे सुख, दुखी दुख को ही बांटता।।
भ्रमित भ्रम बांटे, भयभीत भय बांटता।।
ज्ञानी ज्ञान बांटे और, कुशल कुशलता।।
दूजा नियम पाचन जो, बहुत जरूरी है।
जिंदगी में जीने की, वही तो धुरी है।।
पचे नहीं भोजन तो, रोग को बढ़ाता है।
पैसा नहीं पचे तो, दिखावा बढ़ जाता है।।
बात नहीं पचे तो, चुगली कहलाती है।
तारीफ गर पचे ना तो, अहंकार को बढ़ाती है।।
निंदा नहीं पचे तो, बढ़ती है दुश्मनी।
राज गर ना पचे तो, खतरों की घंटी बजी।।
दुख गर पचे ना तो, बढ़ती है निराशा।
सुख ना पचे तो बढे, पाप की पिपासा।।
कुदरत का यह नियम यदि, खलिहान खाली है।
खर पतवार उगे भले न कोई माली है।।
भरो सकारात्मक, विचारों से दिमाग को।
बुझाओ ईर्ष्या द्वेष जैसी, जहरीली आग को।।
समृद्ध रहे जीवन तो, यह नियम जरूरी है।
जिंदगी में खुशियों की, नियम ही धूरी है।।

**सुनीता शर्मा**
**दिल्ली**



## प्रयास करें

अपने लिए जिए अब तक
आओ अब कुछ खास करें
खुद के दुखों को भूल कर
दूसरों को खुश रखने का प्रयास करें
दुख अपने पीछे धकेल कर
खुशियों का आगाज करें
कोई हुई हंसी को लबो पर सजाते चले
आओ।।।।।
ढलती उम्र की शाम को
सुबह की धूप बनाते चले
नही हारने देंगे खुद को
ये विश्वास जागते चले
आओ।।।।।
समाज में छुपे भेड़ियों से बच्चियों को बचाते चलें
थक जाय जब चल कर हम
हौसला एक दूसरे को देते चले
आओ।।।।।
बदली बीच छुपा चंदा को
दामिनी बीच निकलते चलें
नेकियां ना छोड़ना कभी
जया चाहे मुश्किलों का दरिया साथ बहे
आओ।।।।।

**जया मोहन**
**प्रयागराज**



## कह मुकरी

सजता बातों ही बातों में,
रहता आँखों ही आँखों में,
लगता है जैसे हो अपना,
का सखि साजन? ना सखि सपना।
रूप चाँद सा उसका सुन्दर,
जीवन उलझाए अपने अन्दर,
बिसात बिछाए फेंके गोटी,
का सखि साजन, नहिं री रोटी।
आते ही कर जाता शीतल
सोना खरा नहीं वह पीतल
उसकी वो मीठी मधुर छुवन,
ए! सखि साजन? नहीं सखि पवन।
जादू सा कर वह उलझाया,
मुझको अपना एसा बनाया,
दूनियां हुयी उसका काइल,
का सखि साजन? नहिं मोबाइल।

**ममता तिवारी**
**छत्तीसगढ़**



## हे मेरे परमेश्वर !

अपने कर्मों के बंधन में फंसा मैं, जब कर रहा होता हूं रुदन,
प्यार से मेरे परमेश्वर तुम मुझे क्षमा कर,
हर बार ले लेते हो अपनी शरण ।
अज्ञानी मैं अहंकार में, मचा रहा होता हूं बहुत शोर,
वासनाएं मेरी तकलीफ देकर, पूरा लगा रही होती है अपना जोर ।
कष्टकारी यह रिश्तों का चक्रव्यूह,
जीवन में छाया है घनघोर,
समझ नहीं आ रहा मैं, जाऊं तो जाऊं किस ओर ।
सद्गुरु को भेज मेरे जीवन में, तुमने मेरा सही मार्गदर्शन करवाया,
इंद्रियों पर संयम रखना, सत्कर्म करके आगे बढ़ाना समझाया।
अपनी ज्योति के प्रकाश से तुम, निरंतर मुझे प्रकाशित करते हो,
मैं तुम्हें याद रखूं या नहीं तुम, मेरा सदैव ÷आनंद÷ से ध्यान रखते हो ।

**- मोनिका डागा ÷आनंद÷ , चेन्नई, तमिलनाडु**



# 25 हजार का पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने तीन वारण्टी को दबोचा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने 25 हजार के पुरष्कार घोषित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुरष्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में दिनांक 20.02.2024 को एसटीएफ टीम लखनऊ के प्रभारी उ0नि0 श्री आशुतोष कुमार त्रिपाठी मय हमराह व उ0नि0 श्री सुनील कुमार राय मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 291,2023 धारा 304 भादवि में वांछित 25000- रुपये से पुरष्कार घोषित अभियुक्त आनन्द कुमार मिश्रा पुत्र तीर्थ राज मिश्रा उर्फ बनारसी मिश्रा नि0ग्राम सौराई थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर जनपद सुल्तानपुर के थाना लम्भुआ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नरहरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मेरे व मेरे साथियों द्वारा दिनांक 18.08.2023 को लाठी डंडे से मारपीट कर मृतक धर्मेन्द्र शुक्ला को घायल कर दिया था जिससे मृतक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से हम लगातार छिपछिपाकर फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.02.2024 को थाना अन्तू से उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के मु0अ0सं0 496,23 धारा 147, 48, 149, 323, 504, 506, 307 भादवि में वांछित अभियुक्त अंशुमान चौरसिया उर्फ अंशु चौरसिया पुत्र उदयराज चौरसिया नि0 बीर का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

बतादें कि दिनांक 20-02-2024 को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सराय तिहइत में आरोपीगण द्वारा घर के अन्दर घुसकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-21,2024 धारा 308,147,323,504,506,352, 452,354,354ख, 286 भादवि का अभियोग 05 नामजद अभियुक्त व अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 21.02.2024 को थाना सांगीपुर से उ0नि0 श्री मुसाफिर यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0- 21,2024 धारा 308, 147,323,504,506,352,452,354,354ख, 286 भादवि में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान से संबंधित 02 अभियुक्तों 01. विक्रान्त सिंह उर्फबैरिस्टर पुत्र विजय सिंह 02. विवेक सिंह उर्फसूरज सिंह पुत्र अरुण कुमार सिंह निवासीगण ग्राम सराय तिहइत थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत लखराव प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना फत्तनपुर के उ0नि0 श्री प्रभात मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वाद सख्या 298,16 धारा 3 घरेलू हिंसा अधिनियम थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त प्रवीण दुबे पुत्र तीरथराज नि0ग्राम भीटी थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

जनपद के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 श्री सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 1831,2006 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना दिलीपपुर से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 01. बंशबहादुर पुत्र राजापाल चौहान 02. बृजेश कुमार पुत्र सीताराम नि0गण ग्राम गंगागंज खूंझीकला थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# सरकार युवाओं को रोजगार देने को संकल्पित - शिवाकान्त ओझा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र सरस्वती संस्थान लालगंज में आयोजित किया गया। सरस्वती संस्थान लालगंज में पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवाकान्त ओझा द्वारा किया गया। रोजगार मेला में कम्पनी टाटा मोटर्स प्रा0लि0, हनीवेल्स, एच0आर0 क्यूज क्राप, डिक्शन इण्डिया, ब्राइट फ्यूचर, सुब्रोस लि0 आकृति मैनुफैक्चरिंग द्वारा लगभग 188 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया।




लालगंज पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवाकान्त ओझा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है। इस योजना के माध्यम से विभिन्न टेड्रों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है तथा रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। कार्यक्रम आयोजक नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक बी0 सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। रोजगार मेले में उपस्थित अतिथियों द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मृत्युंजय पाण्डेय, राम लखन प्रजापति,उमानाथ तिवारी व समस्त स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कंपोजिस्ट विघालय में शंकुल बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** न्याय पंचायत अमरौना विकासखंड लक्ष्मणपुर की संकुल बैठक आज कंपोजिट विद्यालय पूरनपुर खजूर में संपन्न हुई। परियोजना के निर्देश के अनुसार बैठक पूरे 2 घंटे तक समय 2 बजे 5 बजे सायं तक चली । संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक शिव प्रताप मौर्य ने किया । बैठक का शुभारंभ सरस्वती वंदना बहुत ही मधुर स्वर में कमलाकर नाथ पांडेय के द्वारा की गई । बैठक के अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शाह आलम द्वारा की गई ।बैठक में संकुल शिक्षक मत्स्येंद्र नाथ मिश्रा ने एजेंडा बिंद के अनुसार चर्चा की । संकुल शिक्षक रवींद्र प्रताप सिंह ने निपुण भारत मिशन पर प्रकाश डाला तथा एआरपी विजय विश्वकर्मा ने संकुल बैठक का समेकन किया। विकासखंड लक्ष्मणपुर को निपुण बनाने की मंशा लेकर सभी अपने गंतव्य को प्रस्थान किया। इसी क्रम आशापुर न्याय पंचायत की बैठक प्रा वि रावतपुर में प्रधानाध्यापिका शोभा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विद्यालय की शिक्षिका स्मृति मिश्रा के मधुर स्वर से मां सरस्वती की वंदना द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की गई। लक्ष्मण पुर विकास खंड के ए आर पी डॉ संजीत शुक्ल ने न्याय पंचायत के निपुण बने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए आगामी माह मे सभी विद्यालय को निपुण बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राम समुझ सरोज, विजय प्रकाश पांडेय, संदीप मिश्रा, सुशील मिश्रा, दीप्ति शुक्ला, राघवेंद्र उपाध्याय, प्रशांतआदि उपस्थित रहे।

# जीवन बहुत महत्वपूर्ण -अपर जिला जज बरनवाल

## समाजसेवी महावीर प्रसाद ट्रॉफी सम्मान समारोह आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के संयोजन में महान समाजसेवी महावीर प्रसाद आर्य स्मृति दिवस समारोह होटल शशांक में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम स्मृति शेष महावीर प्रसाद आर्य के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन एवं माल्यार्पण हुआ।तत्पश्चात मुख्य अतिथि नीरज बरनवाल अपर जिला जज एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़, मुख्य प्रबंधक जीवन बीमा निगम दीपक चावला तथा अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा को महावीर प्रसाद आर्य स्मृति ट्रॉफी सम्मान से अलंकृत किया गया। तत्पश्चात उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले अभिकर्ताओं में विनय कुमार सिंह, नन्द किशोर प्रजापति, मीला शुक्ला, श्यामलाल, राम मनोहर प्रजापति, पुष्पेंद्र शुक्ला, शुभम जायसवाल, रोली, किरन देवी, बाबूलाल यादव, ओमप्रकाश कोरी तथा राकेश कुमार का शाल, स्मृति चिन्ह तथा नगद देकर सम्मानित किया गया।सभी पुरस्कार पाने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज



एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ नीरज बरनवाल ने कहा कि जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। भारतीय जीवन बीमा निगम जीवन के साथ तथा जीवन के बाद भी व्यक्ति समाज तथा देश को समृद्ध करता है। इसकी योजनाओं को सफल बनाएं एवं उन्होंने राजीव कुमार आर्य के कार्यों की प्रशंसा की। इतिहास बनाने को कहा।अतिविशिष्ट अतिथि मुख्य प्रबंधक एल आई सी दीपक चावला ने कहा कि निगम में सफलता के लिए बोलने में कला होना जरूरी है। अपने ग्राहकों को संतुष्ट करें और कीर्तिमान बनाएं। यह समाज सेवा भी है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश डॉक्टर दयाराम मौर्य श्रत्रश् ने कहा कि कर्मवीर बने। ईमानदारी से कार्य करें।आयोजक विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने स्मृति शेष महावीर प्रसाद आर्य के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप सबके लिए मेरा जीवन समर्पित है। निगम में मेहनत करके अपने जीवन को समृद्ध करें। इस अवसर पर विश्वनाथ त्रिपाठी सदस्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रोशनलाल उमरवैश्य निदेशक एलायंस क्लब इंटरनेशनल, राकेश कनौजिया, विनोद पांडे, बीना श्रीवास्तव, केतकी सिंह, दिनेश कुमार, ओमप्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।संचालन विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने किया।

# युवती के अपहरण का आरोप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण की घटना को लेकर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि रंजिश में बीती मंगलवार की सुबह गांव के दो लोग अपने साथियों के साथ मिलकर बदनीयती से साजिशन उसकी बीस वर्षीया पुत्री का अपहरण कर लिया है। गायब युवती की खोजबीन के दौरान परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो छानबीन को लेकर वह आरोपित के घर पहुंची। आरोप है कि युवती के बाबत पूछताछ करने पर आरोपित व उसके परिवार के लोग गालीगलौज करते हुए अमादा फौजदारी हो गये। आरोपियो ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बस की टक्कर से दो घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लालगंज कोतवाली के लालूपुर निवासी उन्नीस वर्षीय अजय पाल पुत्र धर्मराज लीलापुर थाना के तिना निवासी रिश्तेदार सुरेश पाल की पन्द्रह वर्षीया पुत्री आकांक्षा पाल को मंगलवार की देर शाम बाइक से लेकर उसे घर छोडने जा रहा था। कस्बा में संगम चौराहे के पास रोडवेज की बस से टक्कर हो गयी। जिससे अजय व आकांक्षा दोनों घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व जानलेवा धमकी की घटना को लेकर पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के प्रतापरूद्रपुर गांव की मुस्कान पुत्री रामगोपाल गौतम ने मंगलवार की शाम पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्रह फरवरी को सुबह दस बजे उसकी मंदबुद्धि बहन रेखा गांव रास्ते से जा रही थी। इसी बीच रंजिश में पडोसी उसे मारने पीटने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर दोनों पक्ष का समझौता करा दिया। लेकिन आरोप है कि इसके बाद शाम करीब पांच बजे विपक्षीगण द्वारा पीड़िता व उसके परिवार पर जानलेवा हमला बोलकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़िता बेहोश हो गयी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद उचित कार्रवाई

# खिदमते खल्क से ही खुदा मिलता है - नब्बन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी मदरसा अरबिया काफियातुल उलूम में पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता की अध्यक्षता में गरीब नवाज सेवा संस्थान स्वर्गीय डॉक्टर अब्दुल खालिक मेमोरियल के ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें 500 मैरिज उपस्थित हुए 100 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया अमेठी मुंशीगंज से इंदिरा गांधी ने चिकित्सा एवं अनुशासन केंद्र की पूरी टीम उपस्थिति रही। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे पूर्व अध्यक्ष अब्दुल माजिद नब्बन नेता ने कहा आवाज में सामाजिक कानून में चावल का हिस्सा लेना चाहिए लोगों की सेवा करनी चाहिए और कहा खिदमते खल्क से ही खुदा मिलता है। इस कार्यक्रम में मुख्य सदर ब्लाक प्रमुख रवि सिंह उर्फ गोल्डी उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख ने कहा मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ्य रहने के लिए व्यक्ति को खुद और आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखना चाहिए। गंदा पानी पीने से कई बीमारियां जन्म लेती है। इसके लिए पेयजल के रखरखाव और उसके इस्तेमाल का बेहतर प्रबंध होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक तंतु का संतुलन होता है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य का मतलब बस बीमार नहीं होना नहीं होता, बल्कि यह विभिन्न पहलुओं का सम्मिलित होता है जो हमारे जीवन को सुखमय और सफल बनाते हैं। अति विशिष्ट अतिथि सभासद जफरूल हक ने कहा लोगों की सेवा करना कल्याणकारी है। प्रत्येक संपन्न व्यक्ति को यह कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक सद्दाम अहमद माजिद एडवोकेट राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी ने कहा लोगों को सेव करके दिल को सुकून मिलता है इसलिए सेवा करनी चाहिए कार्यक्रम व्यवस्थापक तफ्जि हैदर जैदी और अफसर कुरैशी ने लोगों को शुक्रिया अदा किया।इस विशाल आई कैंप में'

डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रवक्ता-पी.बी. कालेज,प्रतापगढ़ सिटी) राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्धिक प्रकोष्ठ एवं इंटरनेशनल जवाइंट ट्रेजरर, एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल की गरिमामयी , कांग्रेस नगर अध्यक्ष मो इमरान, गुलफाम अली, सुनील मौर्य, मास्टर सईद उमर आभास पल जी, शहजाद सलमानी, वसीम अली आसिफउमर, सेरू भाई, पूर्व सभासद सरफराज,सानू भाई, आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन की जांच करने पहुंचे इंस्पेक्टर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** गंगा एक्सप्रेसवे में मिटटी भराई के लिए यूपीडा के ठेकेदारों द्वारा ग्राम सभा झींगुर में सरकारी अभिलेख में दर्ज तालाब में मिट्टी की खुदाई की गई। इस दौरान तालाब के बगल से निकल रहे हीरागंज ड्रेन नाले की भी खुदाई करके उसे तालाब में मिला दिया गया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने आईजीआरएस के माध्यम से की थी। जिस पर बुधवार को खनन इंस्पेक्टर अमित कुमार मौके पर जांच करने के लिए पहुंचे और जांच की औपचारिकता निभाते नजर आए।इस दौरान वहां ना तो तालाब में मिलाए गए नाले को देखा और ना ही ग्रामीणों से बातचीत की और यूपीडा के ठेकेदारों के साथ भाग निकले ।बता दे कि खनन कर रहे मिट्टी के ठेकेदारों द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है और मानक से अधिक मिट्टी निकाली गई है और हीरागंज ड्रेन नाले का अस्तित्व पूरी तरह मिटा दिया गया है। इस दौरान ग्रामीण को इकट्ठा होते हुए खनन इंस्पेक्टर बगैर जांच किए ही वापस हो गए। शिकायतकर्ता विनोद मिश्रा ने बताया कि खनन इंस्पेक्टर उन्होंने फोन किया था लेकिन बिना मिले ही हुआ वह वापस हो गए।

# चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने धर दबोचा

## चिलबिला जंक्शन पर रोक दी पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग उठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आ रही पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन की चेन पुलिंग करके भाग रहे दो यात्रियों को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने धर दबोचा। इनको पकड़कर थाने लाया गया। दोनो का रेलवे एक्ट में चालान किया गया। इस कार्रवाई से यात्रियों के बीच में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली से आ रही पद्मावत एक्सप्रेस का ठहराव चिलबिला जंक्शन पर नहीं किया गया। बुधवार को ट्रेन चिलबिला जंक्शन पार कर रही थी उसी समय एस टू कोच में चेन पुलिंग हो गई और ट्रेन रुक गई। उस कोच से उतरकर यात्री भागने लगे। ट्रेन को स्कोर्ट करते हुए आ रहे आरपीएफ जवान विवेक और मुकेश ने उन्हें दौड़ा लिया। दो यात्रियों को पकड़ा और उन्हें थाना लाया गया। पकड़े गए यात्रियों में शैलेंद्र बासुपुर अंतू और सत्य प्रकाश दुबे खुंडौर बताया गया। जानकारी मिलने पर घर वाले थाने पहुंच गए। इंचार्ज आरपीएफ ने बताया कि दोनो यात्रियों ने चेन पुलिंग की थी। इनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। खास बात यह है कि पद्मावत एक्सप्रेस का चिलबिला जंक्शन पर स्टॉपेज नहीं दिया गया है।

जबकि यह व्यापारियों का गढ़ है। काफी संख्या में यहां के लोग ट्रेन से आते जाते है। अगर रेलवे पद्मावत एक्सप्रेस का स्टॉपेज कर दे तो यात्रियों को सहूलियत तो होगी। आरपीएफकी बेकार की भागदौड़ और रेल का राजस्व बचेगा। क्योंकि एक बार की चेन पुलिंग में ऊर्जा का काफी ह्रास होता है। चेन पुलिंग रुकने वाली नहीं है। क्योंकि मां बेल्हा देवी धाम आकर यात्रियों को उल्टा फिर चिलबिला जाना पड़ता है। इससे बचने के लिए चेन पुलिंग होती रहेगी।

# केन्द्रीय मंत्री की कार की टक्कर से छात्रा घायल, हडकंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय मंत्री एवं पडोसी जिले अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के वाहन की टक्कर से छात्रा आंशिक रूप से घायल हो गयी। छात्रा की साइकिल के साथ सड़क किनारे गिरने पर मंत्री ने अपना काफिला रूकवा दिया। केन्द्रीय मन्त्री स्मृति ईरानी बुधवार को अमेठी से प्रतापगढ़ के उदयपुर थानान्तर्गत अठेहा क्षेत्र से रायबरेली के परशदेपुर जा रही थी। मंगापुर तिराहे पर अचानक मंत्री के वाहन ने साइकिल से स्कूल आ रही एक छात्रा को टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से छात्रा सडक किनारे गिर गयी। हादसा देख केन्द्रीय मंत्री मौके पर रूक गयी। हालांकि छात्रा को मामूली चोटें आयी और उसकी साइकिल में खराबी आ गयी। मन्त्री ने छात्रा से कुशलछेम पूछा और इसके बाद वह उसे लेकर छात्रा के विद्यालय सांगीपुर महाविद्यालय पहुंची। यहां उन्होनें छात्रा के इलाज तथा साइकिल की मरम्मत कराए जाने की बात कही। उदयपुर थाना के राजापुर गांव की दुर्घटना में आंशिक चुटहिल छात्रा सुमन यादव महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। हालांकि उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि छात्रा वीवीआईपी काफिला देखकर घबरा गयी और वह खुद गिर गयी। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि जब केन्द्रीय मन्त्री के कार्यक्रम का रूट निर्धारित हुआ तब आखिर उदयपुर पुलिस मंत्री की सुरक्षा के साथ आवश्यक प्रबन्ध में क्यों नहीं नजर आयी। केन्द्रीय मंत्री के काफिले से छात्रा की दुर्घटना की खबर की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन में भी हडकंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक जिले के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने लापरवाही को लेकर उदयपुर एसओ राधेबाबू को जमकर फटकार भी लगायी।

# भगवान का जन्म धरती पर पाप के अन्त तथा धर्म के शंखनाद का संदेश-आचार्य अखिलेश जी




**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के सारीपुर गांव मे हो रही भागवत महापुराण कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा श्रीरामावतार को लेकर श्रद्धालु आनन्दातिरेक मे दिखे। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि श्रीरामावतार मे हमे त्याग तपस्या तथा राक्षसी प्रवृत्ति के संहार मे धर्म पथ पर अग्रसर बने रहने का संदेश मिला करता है। व्यास जी ने कहा कि वहीं श्रीकृष्ण का जन्म धरती पर पाप का अन्त कर हर तरह से धर्म की रक्षा की मजबूती की प्रेरणा दिया करता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आकर्षक झांकी पर श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्पवर्षा भी की। भगवान श्रीकृष्ण के पालनहार स्वरूप की भी महिलाओं ने मंगल आरती के जरिए पूजन किया। कथा के संयोजक राजकुमार द्विवेदी व शोभा द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण का पादुकापूजन किया। सह संयोजक अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी व अनुज द्विवेदी ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर अतुल द्विवेदी, हरिनारायण पाण्डेय, देवीबक्श सिंह, माता प्रसाद तिवारी, पप्पू तिवारी, ज्ञानपाल तिवारी, रामेश्वर प्रसाद मिश्र, केशवदत्त पाण्डेय, संत प्रसाद मिश्र, संतोष मिश्र, वीरेन्द्र तिवारी, गिरिजाशंकर, तीर्थराज द्विवेदी, गंगाधर द्विवेदी व राधेश्याम द्विवेदी आदि रहे।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा में गूंजा हर हर महादेव का शंखनाद

## भेभौरा गांव में श्रद्धालुओं ने विधिविधान से देवाधिदेव महादेव का किया पूजन अर्चन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के भेभौरा गांव में भगवान शिव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर तीन दिवसीय पूजन अर्चन में श्रद्धालु उमडे दिखे। इसके पहले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओ ने बाबा घुइसरनाथ धाम के लिए शोभा यात्रा भी निकाली। हर हर महादेव के शंखनाद के बीच मंदिर परिसर में मुख्य यजमान प्रकाशचंद्र मिश्र व सुनीता मिश्रा तथा केडी मिश्र एवं दीपक मिश्र ने पूजन अर्चन किया। यहां भण्डारे से पूर्व देवाधिदेव महादेव का सामूहिक ऊं नमः शिवाय जाप भी हुआ। भगवान शिवलिंग की स्थापना को लेकर संस्कृत विद्वान आचार्य पारसनाथ तिवारी के साथ विद्वानो ने मंत्रोजाप किया। इसके बाद हवन तथा श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरित किया गया। स्थापना को लेकर देर शाम तक भण्डारे मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवानिवृत्त गृह सचिव रमेशचंद्र मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस राकेश ओझा तथा लखनऊ हाईकोर्ट अवध बार एसोशिएसन के महासचिव रामसेवक त्रिपाठी ने आध्यात्म के चिंतन पर सार्थक विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन भागवत समग्र विकास समिति के तत्वाधान में हुआ। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी आध्यात्मिक आयोजन की महत्वता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल, भागवत दत्त महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम त्रिपाठी, पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, राहुल सिंह, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, संतोष शुक्ल, संजय तिवारी, शेष नाथ तिवारी, सुभाषचंद्र तिवारी, राजेश तिवारी आदि रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़** –आज भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के रामपुर खास विधानसभा के जेंवई बसंतगंज में ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रतापगढ़ श्री विजय मिश्र जी ने लोगों को सरकार की योजनाओं से परिचित कराया। कार्यक्रम के जिला संयोजक दिलीप पाण्डेय जी,जिला महामंत्री पवन वर्मा जी,जिला मंत्री नितेश द्विवेदी जी सहित भाजपा किसान मोर्चा जनपद प्रतापगढ़ के तमाम जिला पदाधिकारी एवं मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष संग्रामगढ़ रोहित सिंह जी ने किया। परिक्रमा यात्रा में सोशल मीडिया प्रभारी क्षितिज श्रीवास्तव, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील दुबे,मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,रमेश बहादुर सिंह मंडल महामंत्री छोटेलाल वर्मा,फैसल खान ,शिवेंद्र मिश्र,मंडल उपाध्यक्ष रितेश सिंह,हरिओम मिश्र, शिवानी पाल,देवेंद्र पांडे,अनुरुद्ध तिवारी,विकास सिंह,विनय तिवारी, मंडल मंत्री अजय मिश्र,वीरेन्द्र गौतम,धर्मेंद्र पटेल, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी रोहित दुबे ,उपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# सांसद विनोद सोनकर ने कार्यकर्ताओं संग केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का किया भव्य स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुण्डा प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का बुधवार को जनपद के नवाबगंज चौराहे पर कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

बता दें कि बुधवार को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कौशांबी विकास पारिषद द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुंभ के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला स्टेडियम टेवा कौशांबी जा रही थी।

केन्द्र सरकार की मंत्री स्मृति ईरानी प्रतापगढ़ जनपद के नवाबगंज चौराहे पर अपरान्ह 02.40 बजे पहुंची। कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने पुष्प गुच्छ देकर बहन स्मृति ईरानी का सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र,पूर्व प्रत्याशी सिन्धुजा मिश्रा, मनोज तिवारी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय,अखिलेश द्विवेदी,मनोज पाण्डेय,राजन मिश्र, पवन गौतम, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल,हीरागंज चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय,योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला,सरोज तिवारी, सुमन साहू, रूपा गौतम, सतीश चौरसिया, दिनेश गौतम, प्रधान सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव, मोहित मिश्र, धर्मेन्द्र मिश्र, सन्तोष तिवारी,उमा शंकर पटेल, ने पुष्प देकर स्वागत किया।

इस दौरान अनिल पटेल, भोला सेठ, राम कुमार कोरी, मयंक तिवारी, प्रधान प्रदीप गुप्ता,राम खेलावन पटेल सहित सैकड़ों की संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह आलापुर बाजार में हरिकेश शुक्ल ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद लेहदरी पुल से कौशाम्बी जिलें में प्रवेश करके कार्यक्रम स्थल जिला स्टेडियम टेवा मंझनपुर कोशाम्बी पहुंची।

## मार्ग दुर्घटना में छात्र घायल हालत गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लीलापुर-प्रतापगढ़।** कोचिंग पढ़ कर वापस घर आ रहें भाई बहन मार्ग दुर्घटना में घायल भाई की हालत गंभीर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव निवासी रमेश कुमार मौर्य का 12 वर्षीय लड़का रिषभ मौर्य व 14 वर्षीय बेटी अंशिका मौर्य बुधवार को कोचिंग पढ़ कर साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि लीलापुर थाने से कुछ दूर पहुंचे थे कि लालगंज की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे छात्र रिषभ को गंभीर चोटें आई सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल छात्र को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया।

# डीएलएड प्रशिक्षुओं को दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़** –पीबीपीजी कालेज में डीएलएड प्रशिक्षुओं को बुधवार को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार प्रशिक्षण से संबंधित सभी गतिविधियों को पूरा करने के लिए सराहना की। शुभकामनाएं देते कहा कि सभी गतिविधियों को पूरा करते हुए प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षु निश्चित रूप से एक योग्य शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे। विदाई समारोह के दौरान कई प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां योग्य व अनुभवी प्रशिक्षकों व समन्वयक के सानिध्य में उन्हें बहुत कुछ सीखने समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गीत-संगीत व शिक्षक के रूप में अपने अनुभवों की जीवंत प्रस्तुति दी गई। ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को मिस्टर फेयरवेल एवं भावना यादव को मिस फेयरवेल चुना गया। डीएलएड विभागाध्यक्ष अजीत सिंह ने विदा हो रहे प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी।प्रो.ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, डा. भूपाल सिंह, सुमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। संचालन निधि चौरसिया व सविता विश्वकर्मा ने किया। सहदेव सिंह, केके शर्मा,अवनीश कुमार सिंह, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेमीपुर में चोरी हुई बाइक शारदा सहायक नहर में बरामद

**कुंडा प्रतापगढ़** –बीते कुछ दिन पूर्व खेमीपुर के बाइक चोरी के संदर्भ में आया नया मोड़ । बता दे कि खेमीपुर निवासी पवन पांडे की बाइक घर से चोरी हुई थी । जिसमे पीड़ित ने कुंडा कोतवाली में दी थी नामजद तहरीर। उपरोक्त प्रकरण में अभी कुंडा कोतवाली पुलिस गाड़ी की तलाश कर ही रही थी कि अचानक बुधवार को खेमीपुर शारदा सहायक नहर में पानी के अंदर मिली। चोरी हुई बाइक शौच के लिए गए युवक को पानी के अंदर दिखी । युवक को पानी के अंदर बाइक दिखी तो उसने मचाया हल्ला,गुहार। हल्ला सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय निवासियों ने चोरी की घटना को संज्ञान में लेते हुए युक्त युवक ने पीड़ित को दी सूचना ।स्थानीय लोगो द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पीड़ित ने खुद की बाइक होने की बात को स्वीकार किया। मौके पर पहुंचे पीड़ित ने नहर में मिली बाइक को खुद की बाइक स्वीकार करते हुए स्थानीय पुलिस को दी सूचना। उपरोक्त प्रकरण में मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद है। अब देखना यह होगा दिलचस किस तरह के खुलासे की ओर पहुंचती है पुलिस।

# हजारों की संख्या में भक्तों ने श्रवण की श्रीमद्भागवत कथा

**रानीगंज-** विष्णुपुर गाव मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथाव्यास कृष्ण कुमार पांडेय महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के माखन चोरी, रासलीलाओं सहित गोवर्धन पूजा की कथा उन्होंने बताया कि जब पूतना अपने स्तनों में विष धारण कर श्री कृष्ण का प्राण हरण करने आई तो भगवान मंद मंद मुस्काते हुए पूतना के गोदी में चले गए पूतना ने उन्हें अपना स्तनपान कराया और श्री कृष्ण ने स्तनपान करते-करते उसके प्राण हर लिए मां यशोदा दौड़ी घबराई अपने लाला को ढूंढते हुए पहुंची और श्री कृष्ण जी को दुलार ने लगी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने बताया कि रामावतार में सूर्पनखा सुंदरी का रूप धारण कर प्रभु श्री राम के समक्ष आई और कृष्ण अवतार में पूतना ने सुंदर महिला का



रूप धारण किया, परन्तु ईश्वर को तो अंदर की सुंदरता पसंद आती है बृजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन की महिमा का गान करते हुए गोवर्धन पूजा का महत्व बतायाद्य भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का वर्णन महाराज जी द्वारा किया गया कथा के मुख्य यजमान सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद मिश्रा यजमान विमला देवी एवं सरजू प्रसाद मिश्रा इस दौरान हृदय नारायण मिश्र प्रबंधक साई बालिका इंटर कॉलेज विष्णुपुर कला, अवध नारायण मिश्र चेयरमैन मार्सल ग्रुप मुंबई, प्रधान सुशील मिश्रा, संदीप मिश्रा ,प्रदीप मिश्रा प्रमोद मिश्रा अणुव्रत शुक्ला, गोलू पांडे, महेश मिश्रा एडवोकेट, अजय उपाध्याय एडवोकेट, पंकज उपाध्याय एडवोकेट, संजय मिश्रा भाजपा नेता, वीरेंद्र मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता मीडिया अध्यक्ष बच्चा मिश्रा समेत काफी संख्या लोग रहे मौजूद

## कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)
### विकास भवन प्रथमतल मंझनपुर–कौशाम्बी

पत्रांक : 346/डूडा–कौशा0–ई0 निविदा/2023–24 दिनाँक 21 फरवरी, 2024

**ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा कौशाम्बी में संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत नगर पंचायतो व नगर पालिका परिषदो में 10 परियोजनाओं पर इण्टरलांकिग व नाली निर्माण कार्य करायें जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर नियम एवं शर्ते, कार्य का विवरण देखा/सबमिट की जा सकती है ई–निविदा दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 01.03.2024 को माध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी एवं दिनांक 01.03.2024 को अपराहन 12:30 बजे तक समिति के समक्ष ई–निविदा खोली जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/
परियोजना अधिकारी
डूडा–कौशाम्बी

## कार्यालय ग्राम पंचायत दरियापुर जीता वि०ख०-कड़ा, जनपद-कौशाम्बी

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत दरियापुर जीता में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 22.02.2024 से प्राप्त एवं दिनांक 29.02.2024 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 01.03.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | चेलाराम के घर से केशपति के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | 93m | 3,98293 | | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

नीलम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–दरियापुर जीता
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

सत्य प्रकाश पाण्डे
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–दरियापुर जीता
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक 21.02.2024

## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 23.12.2022 से प्राप्त एवं दिनांक 28.12.2022 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 29.12.2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समग्री का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | शाहपुर टिकरी में अमृत सरोवर सुजाहिया तालाब खुदाई कार्य एवं निर्माण कार्य | 13.54 लाख | सीमेन्ट, सरिया, ईंटा, गिट्टी, बालू आदि |

मालती देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

धनन्जय सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2022–23 दिनांक 22.12.2022

## कार्यालय ग्राम पंचायत महराजपुर, विकास खंड-बिहार, जनपद-प्रतापगढ

पत्राक–मेमो/मनरेगा/2023–2024 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष–2023–24 मे स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्न कार्यो पर प्रथम श्रेणी ईंट ,सीमेंट,बालू ,सरिया ,गिट्टी ,इंटरलाकिग इंट आदि व अन्य सामाग्री की आवश्यकता है ,इच्छुक पंजीकृत फर्म, सामग्री की आपूर्ति हेतू तैयार हो तो अपनी दरे सीलबंद लिफाफे मे दिनांक 22–02–2024से 23–02–2024 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है जो कि 23–02–2024 को दोपहर 2 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी, निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | राजाराम के घर से विनोद के गौशाला तक इंटरलाकिग/सीसी निर्माण कार्य | 9.95लाख |
| 2 | कुंआ से मनोज के घर तक इंटरलाकिग/सीसी निर्माण कार्य। | 9.95 लाख |

अमरनाथ मिश्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महराजपुर
वि0ख0 बिहार, जनपद प्रतापगढ

सुधीर कुमार सोनू
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत महराजपुर
वि0ख0 बिहार, जनपद प्रतापगढ

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवली विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्न कार्य हेतु एसओबी ईट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, सीमेन्ट, रेता, इण्टरलॉकिंग ईंट एवं प्राक्लनानुसार सामग्री की आवश्यकता है। पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 तक निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27.02.2024 को समय 12 से 03 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य/परियोजना का नाम | मप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | देवली में गाटा सं0 867, 868(ख) 798(क) में अमृत सरोवर के चारों तरफ बैरिकेटिंग, सीढ़ी, रैम्प एवं गेट निर्माण कार्य | 430 मी0 | 9.99 लाख |
| 2 | देवली में गाटा सं0 867, 868(ख) 798(क) में अमृत सरोवर के चारों तरफ इण्टरलॉकिंग कार्य | 300 मी0 | .9.26 लाख |
| 3 | पक्की सड़क से सुरेश शुक्ला के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 200 मी0 | 9.17 लाख |
| 4 | देवली गाटा सं0 610/1634 में खेल मैदान कार्य | 120 मी0 | 4.34 लाख |

दुलारी देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत देवली
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

आलोक कुमार पाण्डेय
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवली
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक : 341/7ए/2023–24 दिनांक : 16/02/2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए. बी. सी. एवं डी में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | तुलसीपुर से मलाक पिंजरी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 35.00 | 3.50 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 23.02.2024 से 29.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त टेक्निकल बिड दिनांक 29.02. 2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट **(DSC)** नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेंगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-204039 Date-20/02/2024

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 880/22
नाम फरीकेन मोहन लाल बनाम अलख कुमार यादव आदि
बनाम
1. अलख कुमार यादव उम्र 40 वर्ष सुत छेदीलाल यादव निवासी ग्राम सोनावां परगना व तहसील सदर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0) 2. प्रदीप कुमार यादव उम्र 45 वर्ष सुत राघव राम यादव निवासी ग्राम व पोस्ट गोड़े परगना व तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) 3. चन्द्रेश कुमार शर्मा उम्र 42 वर्ष सुत पारसनाथ शर्मा निवासी चिलबिला बाजार परगना व तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 13.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**सूचना**

के0एम0फाउन्डेशन को सामाजिक, शैक्षणिक परामर्शदाता (एकपद) की संविदा के आधार पर आवश्यकता है। वांछित योग्यता-विज्ञान स्नातक, शिक्षा स्नातक, सामाजिक कार्य में परास्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान अपरिहार्य है। वेतन योग्यतानुसार होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन महाप्रबन्धक के0एम0 फाउन्डेशन पिपरी मतकरपुर, पो0 ढांढर, जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0 230135 दिनांक 27.02.2024 तक 500 रू0 शुल्क के साथ कार्यालय में जमा करें।

अरविन्द बहादुर सिंह
एडवोकेट
महाप्रबन्धक
के0एम0फाउन्डेशन
मो0 9794668162

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज कक्ष सं0 1 सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सिविल अपील सं0 123/1986
नाम फरीकेन रामसुख आदि बनाम सतानन्द आदि
बनाम
7/1 विनोद कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष 7/2 प्रमोद कुमार उम्र लगभग 27 वर्ष सुतगण त्रिभुवन 7/3 श्रीमती मंजू देवी उम्र लगभग 55 वर्ष विधवा त्रिभुवन निवासीगण ग्राम रामपुर बेला परगना व तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 7/4 श्रीमती अन्तिमा उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्री त्रिभुवन पत्नी विजय कुमार नि0 ग्राम व पोस्ट भगवानपुर प0त0 मछली शहर जिला जौनपुर
तारीख पेशी 23.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 2007/023
नाम फरीकेन राम सजीवन आदि बनाम श्रवण कुमार आदि
बनाम
1. श्रवण कुमार पुत्र छोटेलाल 2. कोमल पत्नी श्रवण कुमार 3. छोटेलाल पुत्र जानकी प्रसाद नि0 ग्राम मरूआन प0 पट्टी त0 रानीगंज प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# सड़क हादसे में एक की मौत एक घायल



**सुल्तानपुर।** अखंडनगर थानाक्षेत्र में मीरपुर प्रतापपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया। भीषण हादसे में एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित किया है, जबकि दूसरे को सीएचसी से जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया है। दोनों युवक जौनपुर जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अखंडनगर थाना क्षेत्र के अखंडनगर-बेलवाई मार्ग पर मीरपुर प्रतापपुर गांव के पास हादसा हुआ है। यहां घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने शाम को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।जिन्हें स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया। जहां डॉक्टर सुधीर बरनवाल ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया है। दोनों युवकों की पहचान सनी राजभर और रवि राजभर निवासी रामपुर थाना सरपतहां जिला जौनपुर के निवासी हैं। इसमें सनी राजभर की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। वही घटना के बाद परिवार वालों को सूचना दी गई तो परिववार में कोहराम मच गया है। एसओ रवि सिंह ने बताया कि पूरे मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यह तो सच है कि भगवान है, की प्रस्तुति पर झूमे अभिभावक

## गुरुकुल एकेडमी में वार्षिकोत्सव में छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा






**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय से सटे महेशभारी में संचालित गुरुकुल एकेडमी का वार्षिकोत्सव भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों में विभिन्न देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम एवं विशिष्ठित चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू एवं संस्थापक पंडित सुखदेव प्रसाद मिश्रा रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन शिखा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपज्वलन से किया है। मुख्य अतिथि ने मुख्य अतिथि ने कहा कि स्कूल अकादमी ने जिस नई पद्धति के साथ क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की है

वह निश्चय ही एक दिन जिले के बुनियादी शिक्षा में मिल का पत्थर साबित होगी विशिष्ट अतिथि ने कहा कि विद्यालय में पहली बार बच्चों के पीठ से बस्ते का बोझ कम करने के लिए लीड माध्यम से तैयारी निश्चित तौर पर बड़ा प्रयोग है यह बच्चों को शारीरिक रूप से फिट भी रखेगा विद्यालय प्रशासक उमेश मिश्रा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को उत्तम एवं उत्कृष्ट शिक्षा देना है जिसके तहत उन्होंने बस्ती का बोझ कम करने के लिए लीड व्यवस्था से तालीम देने प्रयास किया है वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना स्वागत गीत समूह नृत्य से किया गया विद्यालय के छात्र शालिनी विश्वकर्मा नैंसी मुस्कान खुशी ने यह तो सच है कि भगवान है की मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी उम्दा अभिनय से लोगों को मंत्रम मुक्त कर दिया रितु नैन दीक्षा रुचि ने राधे-राधे दिल ना दिया संदेश से आते हैं

डांडिया नृत्य का मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है विद्यालय के बच्चों ने वो कृष्णा ओ मेरी मां सहित जल संरक्षण बालिका शिक्षा पर मनमोहन नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया है विद्यालय प्रबंधक शिखा मिश्रा ने कहा कि उनकी या प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधि में आगे बढ़ने का अवसर मिले विद्यालय प्रिंसिपल गुरु दत्त विश्वकर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए बुके स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया है कार्यक्रम के सफल आयोजन में नूरुल जमाखन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सुरभि त्रिपाठी उजमा बानो प्रीति चौरसिया अंकित दुबे यश जायसवाल सौरभ शुक्ला आकिब अली खान रेनू मिश्रा का विशेष योगदान रहा है।

# आशा बहुओं ने सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रर्दशन

**सुल्तानपुर।** लंभुआ महिला अस्पताल पर आशा बहुओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आशाओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही आशा बहू कल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि हम लोग मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर भी अपनी समस्या से उन्हें अवगत करा चुके हैं और लखनऊ में धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री से तो बात नहीं हो सकी लेकिन विभागीय उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई। हमारी मांग है कि आशा बहू एवं आशा संगिनी को स्थाई कर्मचारी बनाया जाए। हम लोगों को एक मजदूर को जो पैसा मिलता है उतना भी नहीं मिलता। यही नहीं पैसा टुकड़ों में दिया जाता है। उसे एक साथ दिया जाना चाहिए। आशाओं ने कहा हमें शीघ्र स्थाई कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और मानदेय ₹18000 से कम न दिया जाए। सरकार ने अगर हमारी मांग नहीं मानी तो 20 फरवरी से हम लोग कलम बंद हड़ताल करेंगे और काम पर तब तक नहीं लौटेंगे जब तक सरकार हमारी मांगे पूरा नहीं कर देती है। प्रदेश अध्यक्ष ने सीएचसी अधीक्षक डॉ राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

# डीएम से श्रुति निर्माण कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की शिकायत

**सुलतानपुर।** बार एसोसिएशन कादीपुर के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना को एक शिकायती पत्र दिया है। इस शिकायती पत्र में अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा है बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता व वादियों को बैठने के लिए अधिवक्ता/वादकारी कक्ष के लिए मौजूदा विधायक से अनुरोध किया था जिस पर मौजूदा विधायक ने अपनी सहमति जताते हुए अपनी विधायक निधि से कक्ष के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी। मौजूदा जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भूमिपूजन किया था और कक्ष निर्माण का कार्य श्रुति निर्माण कंस्ट्रक्शन को दिया और कार्य को दो माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया था पर कंस्ट्रेक्शन कंपनी ने आज तक कार्य को पूरा नहीं किया है जितना निर्माण हुआ है वो भी मानक के विपरीत हुआ है। अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि ठेकेदार से जब इसके बाबत पूछा जाता है तो उसका जवाब रहता है पैसा कमीशन में खर्च हो गया बिना पैसे के कैसे काम होगा। रंजीत सिंह ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि श्रुति निर्माण कंस्ट्रेक्शन कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाए और किसी अन्य निर्माण इकाई से अधिवक्ता वादकारी कक्ष का निर्माण कराया जाए।

# नगरपालिका का 79 लाख का बजट पास

## सभी सभासदों ने लगाई अपनी मुहर




**सुल्तानपुर।** नगर पालिका का सियासी बजट पास हुआ है। भाजपा के एजेंडे का इसमें पूरा ध्यान रखा गया है। शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के स्थल से लेकर भारत रतन कर्पूरी ठाकुर और परशुराम चौक बनाने की कवायद को लेकर बजट पास हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि आज नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 2024-25 के लिए 79 लाख का बजट पास हुआ है।

### परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा गोलघाट

नगर पालिका बोर्ड की बुधवार को बैठक हुई। जिसमें 25 में से 24 सभासद मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता की मांग पर तिकोनिया पार्क के दक्षिणी क्षोर पर राणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए स्थल चयन किया गया है जिस पर क्षत्रिय समय मूर्ति स्थापित कराएगा।यही नहीं लंबे समय से मांग थी कि डीएम आवास गोलाघाट पर परशुराम चौक बनाया जाए। अब डीएम तिराहा या गोलाघाट परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत रतन कर्पूरी ठाकुर के नाम पर भी उनके समाज द्वारा प्रतिमा बनकर तैयार है हमने प्रस्ताव पास किया है कि पर्यावरण पार्क के पास प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि श्मशान घाट पर जहां महाकाल की प्रतिमा लगी है उसके पीछे से सीढ़ी बनाकर नदी से मिलायेंगे और जितने शेड जर्जर हैं उनका पुनर्निमाण होगा। लावारिस लाश के लिए एक अलग से वहां प्लेटफार्म बनाने जा रहे हैं। बैठक में नाली खंडजा आदि के निर्माण पर भी मुहर लगी है।

# जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**सुल्तानपुर।** उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में आज बुधवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित किसानों को किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाना है। उक्त बैठक में जिला विकास अधिकारी द्वारा कयामुद्दीनपुर में ट्रांसफार्मर 63 से 100 केवीए में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने अहिरौली माइनर में सफाई की जॉच हेतु सहायक अभियंता लघु सिंचाई, सहायक अभियन्ता नलकूप एवं सम्बन्धित सहायक अभियन्ता की टीम गठित कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु कहा गया। उन्होंने मण्डी में किसानों का चबूतरा आवंटन एवं मण्डी में कितने लोगों का लाइसेंस आवंटित किया गया है, वे कितना यूज कर रहे हैं एवं लाइसेंस कितने सालों का हुआ है, किसानों के लिये विश्राम गृह खोलने के निर्देश दिये।उक्त बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 ए0के0 सिंह ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ0 अतुल सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र केवीके सुलतानपुर ने अपने संबोधन में रबी सीजन में बोई गई फसलों में लगने वाले रोगों एवं उनके उपचार के बारे में अवगत कराया गया । जिला विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 10 दिवस के अन्दर करना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित किसानों को उनकी समस्या के समाधान का निस्तारण से उनको अवगत करा दिया जाय। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण सुलतानपुर पवन कुमार, मुख्य पशु

# हिस्ट्रीशीटर समेत 2 गिरफ्तार, ढाई लाख कीमत की हीरोईन व 18 लाख की स्मैक बरामद



**सुल्तानपुर।** बुधवार को जिले के दो थानों की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां दोस्तपुर पुलिस ने जहां ढाई लाख हीरोइन के साथ एक युवक को दबोचा है वही गोसाईगंज पुलिस ने 18 लाख की स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ा है। दोनों ही आरोपी युवकों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

दोस्तपुर थानाअध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के आनूपुर पुलिया के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। जो की थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पकड़े गए राजमंगल सिंह उर्फ मोलू सिंह निवासी पहाड़पुर रायपट्टी के पास एक अवैध तमंचा व 50ग्राम हीरोईन बरामद हुई है। बरामद हीरोईन की कीमत बाजार में ढाई लाख रुपए आकी गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। उधर गोसाईगंज गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटमई चौकी इंचार्ज कन्हैया कुमार पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक स्मैक तस्करी के लिए टाटियानगर में खड़ा है। उन्होंने तत्काल टीम के साथ पहुंचकर आरोपी देवव्रत सिंह उर्फ बाबा निवासी जसापारा थाना गोसाइगंज को पकड़ा। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक के पास से करीब 18 लाख रुपये मूल्य की 160 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। युवक के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर-** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन सहित अन्य सभी विभागो से राजस्व प्राप्तियों की जानकारी प्राप्त की। आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम बनाकर अवैध शराब बेचने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए।वाणिज्यकर विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग से जानकारी प्राप्त की पुराने बकाये पर जीएसटी की जो नोटिस दी गई थी उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और आरसी के संबंध में पूछा कि अब तक कितनी आरसी दी गई है और उसकी धनराशि क्या है। एआरटीओ प्रशासन ने अवगत कराया कि कार्यालय भवन किराए पर चल रहा है परमानेंट ऑफिस के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है लेकिन उसे पर रास्ते का विवाद है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया

# सहायक अध्यापिका ने पति को किया बेघर,पीड़ित पहुंचा डीएम के जनता दरबार



**सुल्तानपुर।** डीएम के जनता दरबार में आज अजीबो ग़रीब वाकया दर पेश आया। यहां एक पति फरियाद लेकर पहुंचा कि सहायक अध्यापिका उसकी पत्नी ने उसे घर से बेघर कर दिया है। पीड़ित पति ने अपनी जान-माल की रक्षा के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। मामला अखंडनगर थाना क्षेत्र के बलुआ गांव का है।

बलुआ गांव निवासी उमेश कुमार सिंह पुत्र समरजीत सिंह ने जिला प्रशासन से लेकर शासन तक में लिखित शिकायत की है। अपनी शिक्षिका पत्नी पर भारी भ्रष्टाचार का उन्होंने आरोप लगाते हुए संपत्ति हथियाने और घर से बाहर निकालने की शिकायत की है। पति उमेश कुमार सिंह ने अपनी शिक्षिका पत्नी उपमा सिंह पर आरोप लगाया है कि वर्ष 2000 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसकी शादी हुई थी। जिस समय शादी हुई थी वह बीए कर रही थी। वह प्राइवेट वाहन चलाता था, परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पत्नी को नौकरी की तरफ प्रेरित किया। मेहनत और लगन से तैयारी करने के लिए पत्नी को इलाहाबाद कोचिंग के लिए भेज दिया और खानपान रहन-सहन की सारे खर्च प्राइवेट ड्राइवरी कर स्वयं वहन करने लगा। उन्होंने बताया कि मैने स्वयं अपने खर्चे से पत्नी को बीएड बीटीसी कराया। जो इस समय ब्लॉक दुबेपुर के पूरे अहिरन मजरे उघरपुर में शिक्षिका के रूप में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। नौकरी मिलने के बाद दोनों के बीच विरोध बढ़ता गया। तिरुपति ने कहा है इलाहाबाद में रहकर उक्त महिला का संपर्क नकल माफिया गैंग से हो गया था मेरे बार-बार मना करने के बाद मुझे ही दूर करने की उसने ठान ली। पीड़ित ने बताया की बेटी वैष्णवी सिंह केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ती है लेकिन पत्नी ने उसका नाम अपने स्कूल में कक्षा 4 में लिखकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रही। उसने मुझे गुमराह करके मेरे द्वारा खरीदी गई लखनऊ में 800 वर्ग फीट की जमीन व गाड़ी को भी अपने नाम दर्ज करवा लिया। नौकरी पाने के बाद आए दिन मुझे परेशान करती है फर्जी मुकदमा में फंसाने के लिए बार-बार धमकी भी देती है। डीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का पीड़ित को आश्वासन दिया है।

# भाजपा नेता ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर इंडो नेपाल बॉर्डर से जुड़ी समस्याओं को किया साझा

## रक्षा मंत्री को भाजपा नेता प्रकाश चंद ने भेट किया श्री राम दरबार



**बलरामपुर।** श्रावस्ती लोकसभा की समस्याओं को लगातार राष्ट्रीय पटल पर रखकर समाधान में जुटे भाजपा नेता प्रकाश चंद्र मिश्रा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की है।श्राबस्ती लोकसभा क्षेत्र के भाजपा नेता प्रकाश चंद्र मिश्रा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर जिले की समस्याओं से अवगत कराया है मुलाकात के दौरान श्री राम दरबार भेंट कर केंद्र एवं राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि श्री अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सफल आयोजन की सराहना की है।

भाजपा नेता ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर श्रावस्ती बलरामपुर जिला इंडो नेपाल बार्डर से जुड़े होने की समस्याओं से अवगत कराया है उन्होंने बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम की सराहना करते हुए जिले की मूलभूत समस्याओं को भी साझा किया है। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती बलरामपुर शिक्षा के साथ-साथ विकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार ने जब से कमान संभाली जिला का विकास निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के बलरामपुर जिले को राज्य विश्वविद्यालय के साथ मेडिकल कॉलेज की बड़ी उपलब्धि मिली है इतना ही नहीं लंबी प्रतीक्षा के बाद संत कबीर नगर से उतरौला बलरामपुर श्रावस्ती बहराइच होते हुए रेलवे लाइन का निर्माण कार्य को गति देने की बात भी कही है उन्होंने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर श्री अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सफलता पर श्री राम दरबार भेंट किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट पटल पर बलरामपुर जिला शिक्षा एवं विकास के क्षेत्र में सबसे पिछड़ा है ऐसे में जिले के शिक्षा व्यवस्था में योगी सरकार की अहम भूमिका होने से साक्षरता के क्षेत्र में निरंतर जिला आगे बढ़ रहा है। यह केंद्र एवं राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार की बदौलत जिले वासियों को उपलब्धि पर उपलब्धि मिलने का अवसर मिला है।

# कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न



**सुलतानपुर।** राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ जनपद शाखा सुलतानपुर का द्विवार्षिक चुनाव जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें परवेक्षक जिला कुष्ठ अधिकारी सुल्तानपुर, चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश गौड़ जिला अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश जिला शाखा सुलतानपुर संचालन विनय कुमार सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकीय कुष्ठ कर्मचारी संघ के देख रेख में संपन्न हुआ। जिसमें निम्न लिखित पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष, कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद, मंत्री राजेश कुमार द्विवेदी, संयुक्त मंत्री रमेशचन्द्र गोंड, कोषाध्यक्ष वी डी सिंह, संरक्षक वी के सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकीय कुष्ठ कर्मचारी संघ। सभा के अंत में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को वी के सिंह ने शपथ ग्रहण कराया और सभी साथियों को धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक को लेकर युवाओं का प्रदर्शन



**सुलतानपुर।** राहुल गांधी की यात्रा का इफेक्ट देखने को मिलने लगा है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने को मुद्दा बनाकर बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए। 'कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए युवाओं ने कहा इसी तरह धांधली होती रही तो अबकी बार इवीएम में सिर्फ नोटा ही दबेगा। हम युवा उसी सरकार के साथ हैं जो युवा के साथ है।'

बुधवार को कलेक्ट्रेट पर सैकड़ों की संख्या में यूपी पुलिस भर्ती में शामिल हुए परीक्षार्थी युवाओं ने प्रदर्शन किया। धांधलेबाजी बंद करो आदि नारे लगाए। यहां डीएम को संबोधित एक ज्ञापन भी उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट संजीव यादव को सौंपा है। मीडिया से बात करते हुए युवाओं ने बताया कि सभी अधिकारी व आयोग अवगत हैं कि बीते 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर इस तरीके से लीक हुआ जैसे की एक प्रकार से भंडारे का हलुवा बट रहा हो। अगर इस तरह से हम लोग सताए जाएंगे, पेपर लीक होगा तो दस-दस बारह-बारह घंटे पढ़ने वाले, हजारों रुपए कोचिंग में व्यय करने वाले का धरा का धरा रह जाएगा। युवाओं ने ये भी कहा जो पैसे वाले हैं, जो पहुंच वाले हैं वो पेपर बाहर से पा जा रहे हैं। इस विरोध में हम लोग कलेक्ट्रेट पर शांति पूर्ण तरीके से डीएम को ज्ञापन देने आए थे। युवाओं ने बताया कि इस ज्ञापन में यही था कि डीएम साथ आए हमारे ज्ञापन और सबूत को देखे। हमारी बातों को आयोग तक पहुंचाए। युवाओं ने कहा हम सरकार को ये भी अवगत करा देते हैं अगर इसी प्रकार पेपर लीक होता रहा और धांधलले बाजी होती रही तो अबकी बार ईवीएम में सिर्फ नोटा ही दबेगा। हम युवा जो हैं उसी सरकार के साथ हैं जो युवा के साथ है। बता दें कि यूपी में राहुल गांधी ने यात्रा शुरू की थी तो प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी और रायबरेली में युवाओं से कहा था तुम सो गए हो। जिसका असर अब साफ दिखने लगा है।

# विधान परिषद सदस्य द्वारा दिव्यांगजनों को वितरण किये गये उपकरण

**सुल्तानपुर।** विधान परिषद सदस्य श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिव्यांगजनों को 27 अदद ट्राईसाइकिल 10 अदद व्हील चेयर, 12 बैसाखी का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना से लाभान्वित लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र तथा साथ ही कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को सर्टीफिकेट का वितरण किया गया।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पत्रकार की दर्दनाक मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी ।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पत्रकार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है , वही मृतक के घर में कोहराम मच गया ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नंबर एक भौतर निवासी आकाश सिंह चंदेल पुत्र केवल सिंह चंदेल 34 वर्ष पत्रकार है , आकाश सिंह चंदेल बुधवार की शाम बाइक से घर जा रहा था इस दौरान जैसे ही वह अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार वाहन आकाश को रौंदते हुए निकल गया , हादसे में आकाश सिंह चंदेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसा देख आसपास मौजूद लोगो की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है , युवक की मौत से मृतक की पत्नी सहित घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है । मृतक के एक छोटी बेटी है ।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** –आज भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के रामपुर खास विधानसभा के जेंवई बसंतगंज में ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रतापगढ़ श्री विजय मिश्र जी ने लोगों को सरकार की योजनाओं से परिचित कराया। कार्यक्रम के जिला संयोजक दिलीप पाण्डेय जी,जिला महामंत्री पवन वर्मा जी,जिला मंत्री नितेश द्विवेदी जी सहित भाजपा किसान मोर्चा जनपद प्रतापगढ़ के तमाम जिला पदाधिकारी एवं मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष संग्रामगढ़ रोहित सिंह जी ने किया। परिक्रमा यात्रा में सोशल मीडिया प्रभारी क्षितिज श्रीवास्तव, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील दुबे,मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,रमेश बहादुर सिंह मंडल महामंत्री छोटेलाल वर्मा,फैसल खान ,शिवेंद्र मिश्र,मंडल उपाध्यक्ष रितेश सिंह,हरिओम मिश्र, शिवानी पाल,देवेंद्र पांडे,अनुरुद्ध तिवारी,विकास सिंह,विनय तिवारी, मंडल मंत्री अजय मिश्र,वीरेन्द्र गौतम,धर्मेंद्र पटेल, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी रोहित दुबे ,उपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने इंटरलॉकिंग मार्ग का किया लोकार्पण

## श्याम सुंदर केशरी ने वार्ड में और भी निर्माण कार्य कराने का दिया भरोसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के बाजीराव कटरा वार्ड में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क, ढक्कन, नाली मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने और भी निर्माण कार्य कराने भरोसा दिया। भ्रमण के दौरान वार्ड निवासियों ने उनसे सड़क निर्माण की मांग की थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों को अविलंब उक्त कार्य कराने का निर्देश दिया था। लोकार्पण अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से कहाकि उनकी मांग पर निर्माण कार्य कराया गया है। भविष्य में और भी कार्य कराए जाएंगे किंतु हम सब का दायित्व है कि हम सड़क, नाली पर अतिक्रमण न करें तथा एक बार कूड़ा उठ जाने पर बार बार कूड़ा न फेंकें बल्कि अपने घरों में रखें तथा सफाई कर्मी के आने पर उसके ठेले में ही कूड़ा डालें जिससे सड़कें साफ रहें। लोकार्पण के समय सभासदगण सतीश उपाध्याय, अलंकार जायसवाल, अजय मोदनवाल, सत्यनारायण जायसवाल, रूपेश यादव, नगर अभियंता विपिन मिश्र तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# झाँसी मंडल में 2047 का विकसित भारत व रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चित्रकूट:** झाँसी मंडल के 10 स्टेशन एवं 88 आरओबी, आरयूबी के शिलन्यास, लोकार्पण, उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में झांसी मण्डल के अंतर्गत आने वाले 77 विद्यालयों में 2047 का विकसित भारत व रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 6120 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही प्रत्येक विद्यालय से 9 बच्चों को विजेता के रूप में चुना गया। इस प्रकार कुल 693 बच्चों को विजेता के रूप में चुना गया। सभी बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इन विजेता बच्चों को स्टेशन उरई, बांदा, चित्रकूटधाम कर्वी, दतिया, हरपालपुर, ललितपुर, महोबा, मुरैना एवं पुखरायां और अन्य स्थानों पर 26 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा।

# प्रदर्शन करने आ रहे किसानों को रोका



**मीरजापुर।** जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन करने जा रहे किसानों को जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के भरुहना चौराहा पर रोक दिया। मुख्यालय जाने से रोके जाने पर आक्रोशित किसानों ने नारेबाजी की तथा राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व) शिव प्रताप शुक्ल को सौंपा। इसमें एमएसपी सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही अहरौरा टोल प्लाजा को समाप्त किए जाने की मांग की गई है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# भीषण सड़क दुर्घटना में 3 की मृत्यु और 7 घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** थाना विंध्याचल क्षेत्रान्तर्गत मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर बिहंसड़ा बाजार के पास ट्रेलर (जीजे 38टी 5660) और बोलेरो (सीजी 16सीजी 8177) की आमने-सामने टक्कर हो गयी। इसमें बोलेरो सवार 7 लोग घायल हो गये तथा 2 व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी जबकि बोलेरो चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारियों व थाना विंध्याचल पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। वहां से गंभीर रूप से घायलों को वाराणसी भेजा गया तथा सामान्य घायलों का इलाज मीरजापुर ट्रामा सेंटर पर चल रहा है। मंडलीय अस्पताल पर घायलों का इलाज प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. आरबी कमल के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम कर रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ निवासी दर्शनार्थियों का एक समूह विंध्याचल दर्शन के बाद प्रयागराज की ओर जा रहा था कि अचानक यह हादसा हो गया। समाचार लिखने तक एक और घायल (बोलेरो चालक) ने भी दम तोड़ दिया था।

# प्राधिकरण बोर्ड की बैठक की कार्यवृत्ति का अनुपालन न होने पर आयुक्त नाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आयुक्त और अध्यक्ष डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में हुई। इसमें अगस्त 2023 में हुई बैठक की कार्यवृत्ति का अनुपालन न होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने एक सप्ताह में अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्राधिकरण बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु स्वीकृत बजट के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक प्राप्त आय एवं व्यय की स्थिति पर विचार एवं स्वीकृति, प्राधिकरण में वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत्ति के पश्चात अगली तैनाती होने तक किसी विभाग से कार्मिक सम्बद्ध करना, प्राधिकरण की वित्तीय वर्ष 2022-23 की चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा आडिट बैलेस शीट के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ, उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण सेवा के कार्मिकों के लिये उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक, चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2011 यथा संशोधित नियमावली 2014 को विकास प्राधिकरण मीरजापुर में अंगीकृत किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत नये शहरों के समग्र एवं समुचित विकास एवं प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत नयी टाउनशिप योजना क्रियान्वयन पर चर्चा तथा मीरजापुर विन्ध्याचल विकास क्षेत्र के आस पास गांवों को सम्मिलित करते हुये प्राधिकरण की सीमा विस्तार पर भी विचार किया गया। मीरजापुर की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी कई बिंदुओं की जानकारी और सुझाव दिए। सचिव प्राधिकरण बोर्ड/नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह ने मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी को आश्वस्त करते हुये कहा कि बैठक में उठाये गये सभी बिंदुओं का समय से अनुपालन कराते हुये कार्यवृत्ति की प्रति सभी सदस्यगण को उपलब्ध करा दी जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट ने मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी सहित सभी सदस्यगणों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल के अलावा विकास प्राधिकरण के सदस्य गण श्रीमती मालती त्रिपाठी, ओमकार यादव तथा सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक 26 फरवरी को

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में 26 फरवरी को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में मण्डलीय समीक्षा बैठक होगी। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त अभय कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक पूर्वान्ह 10.30 बजे से शुरू होगी। इसमें विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था और राजस्व विभाग, खनिज विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दरियापुर जीता वि0ख0-कड़ा, जनपद-कौशाम्बी

### निविदा

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत दरियापुर जीता में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 22.02.2024 से प्राप्त एवं दिनांक 29.02.2024 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 01.03.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | चेलाराम के घर से केशपति के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | 93m | 3,98293 | | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

नीलम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–दरियापुर जीता
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

सत्य प्रकाश पाण्डे
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–दरियापुर जीता
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक 21.02.2024

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कोरांव, प्रयागराज

पत्रांक : 3106/पंचम वित्त–पन्द्रहांवित्त/अल्पकालिन निविदा/नि0का0–निविदा/2022–23 दिनांक 21.02.2024

### अल्पकालिन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहावित्त योजना के अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी कोरांव प्रयागराज के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा फार्म दिनांक 22.02.2024 से 07.03.2024 के मध्य कार्यालय कार्य दिवस में कार्यावधि में बिक्री किये जायेंगे तथा दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे से 02.00 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में डाली जायेगी निविदा फार्म के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि बैंक एफ0डी0आर0 होगा जो खण्ड विकास अधिकारी कोरांव के पक्ष में बंधक होगा तथा ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। तदोपरान्त प्राप्त हुई निविदा दिनांक 07.03.2024 को खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 03.00 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विभागाध्यक्ष को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत निरसत करने का पूर्ण अधिकार होगा ठेका स्वीकृत होने के पश्चात ठेकेदार द्वारा एक सप्ताह में शेष 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा कर अनुबन्ध नहीं किया जाता है तो कार्य पर जमा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि जब्त कर लिया जायेगा तथा ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जी0एस0टी0 पृथक से नियमानुसार प्राक्कलन में प्रवाधानित देय/भुगतान की जायेगी तथा नियमानुसार उद्गम स्थान आयकर एवं जी0एस0टी0 एवं लेबर शेष की कटौती की जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | आगणन की धन0 (लाख रू0 में) | निविदा मूल्य | जमानत/धरोहर की धनराशि | कार्य पूर्ण कर्ने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खिवली कला में भगतपुर मेन नहर से लेकर सुनील के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पन्द्रहवा | 3.50 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 2 | खिवली कला में भगतपुर पुलिया से लेकर कुसुमकली के घर के आगे तक डब्लू0बी0एम0 कार्य | पं0रा0वि0 | 3.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 3 | महुली साधन सहकारी समिति का छत निर्माण व रंगाई पुताई का कार्य | पंचम | 2.50 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 4 | रामपुर कला (सेमरिहा) में भगौती प्रसाद दूबे, पार्वती, राम प्रसाद निषाद, अमरजीत पाल, चन्द्रमणि पटेल (बहरिया में) का कूप जगत निर्माण | पन्द्रहवां | 7.50 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 5 | परसना में चन्द्रशेखर सिंह के घर से लेकर भोला केशरवानी के घर तक नाली निर्माण | पन्द्रहवां | 6.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 6 | टौगा कला पौसला में डा0 बबलू के घर से गनेश राम कौल के घर तक नाली निर्माण | पन्द्रहवा | 6.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 7 | रामपुर कला काली रोड से मुढेली मन्दिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | पंचम | 9.80 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 8 | रामपुर कला में काली रोड से प्रेमचन्द्र शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम | 4.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 9 | राजापुर में इन्द्रपाल के घर से रामाश्रय के घर होते हुए तिनबगरहवा चौराहा तक नाली निर्माण | पन्द्रहवा | 6.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 10 | चॉदी में चॉदी द्वितीय बैजनाथ तिवारी एवं आदित्य प्रसाद तिवारी का कूप जगत निर्माण | पन्द्रहवा | 3.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 11 | जादीपुर में साधन सहकारी समिति जादीपुर में शौचालय निर्माण | पन्द्रहवा | 5.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 12 | कोसफरा खुर्द में टावर के पास काली रोड तक डब्लू0बी0एम0 कार्य | पं0रा0वि0 | 7.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 13 | नीबी द्वितीय में गोडा लिंक मार्ग से ज्ञानेश्वर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पन्द्रहवा | 8.20 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 14 | बिरहा करपिया में गिरजाशंकर कुशवाहा के घर से गायत्री प्रसाद के खेत तक डब्लू0बी0एम0 कार्य | पं0रा0वि0 | 7.50 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 15 | विकास खण्ड में विभिन्न स्थानों पर में 8 नग सोलर हाई मास्क लाइट | पंचम | 9.90 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 16 | विकास खण्ड में विभिन्न स्थानों पर में 7 नग सोलर हाई मास्क लाइट | पंचम | 9.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 17 | पडरिया नहर पर पुलिया निर्माण आरती पाण्डेय के निर्माणाधीन अस्पताल के पास | पन्द्रहवा | 5.50 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |
| 18 | भलुहा में प्रा0वि0 से जगदीश पाण्डेय के चक तक पक्की नाली का अवशेष भाग | पन्द्रहवा | 4.00 | 500 | 10 प्रतिशत | 3 माह |

(धीरेन्द्र कुमार यादव)
खण्ड विकास अधिकारी
कोरांव प्रयागराज

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 341/7ए/2023–24 दिनांक : 16/02/2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए. बी. सी. एवं डी में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | तुलसीपुर से मलाक पिंजरी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 35.00 | 3.50 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.02.2024 से 29.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त टेक्निकल बिड दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् "E-1" शीट डाउनलोड कर http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-204039 Date-20/02/2024

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 342/7ए/2023–24 दिनांक : 16/02/2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए. बी. सी. एवं डी में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | सिराथू धाता मार्ग किमी0 10 से फाजिलपुर गोपाल से मिर्जापुर जवई मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य | 32.20 | 3.22 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 2 | कौशाम्बी | देवखरपुर से निजाममई नौगीरा मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य | 37.30 | 3.73 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 3 | कौशाम्बी | भगौतापुर सम्पर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य | 17.70 | 1.77 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.02.2024 से 29.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त टेक्निकल बिड दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् "E-1" शीट डाउनलोड कर http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-204040 Date-20/02/2024

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

## कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)

### विकास भवन प्रथमतल मंझनपुर–कौशाम्बी

पत्रांक : 346/डूडा–कौशा0–ई0 निविदा/2023–24 दिनाँक 21 फरवरी, 2024

### ई–निविदा आंमत्रण सूचना

जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा कौशाम्बी में संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत नगर पंचायतो व नगर पालिका परिषद्ो में 10 परियोजनाओं पर इण्टरलांकिग व नाली निर्माण कार्य करायें जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर नियम एवं शर्ते, कार्य का विवरण देखा/सबमिट की जा सकती है ई–निविदा दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 01.03.2024 को माध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी एवं दिनांक 01.03.2024 को अपराहन 12:30 बजे तक समिति के समक्ष ई–निविदा खोली जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/
परियोजना अधिकारी
डूडा–कौशाम्बी

# आखिर किसके संरक्षण में महिला जिला अस्पताल में सक्रिय है महिला दलालों का गैंग?

## दूर-दराज से आने वाली महिला मरीजों को बरगला कर ले जाती हैं सेंटिंग वाले निजी अस्पताल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पिछले लम्बे अरसे से महिला जिला अस्पताल के आसपास सक्रिय महिला दलालों के गैंग द्वारा दूर-दराज से आने वाली महिला मरीजों व उनके तीमारदारों को सरकारी अस्पताल की सेवाओं को घटिया बताते हुए उन्हे बरगला कर अपनी सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में ले जा कर मोटा कमीशन हासिल किये जाने की चर्चा है।बताया जाता है कि जिले के महिला अस्पताल के आसपास महिला दलालों का एक गैंग सक्रिय है जोकि दूर-दराज से आने वाली महिला मरीजों को बरगला कर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पताल पहुंचाने के कार्य को बखूबी अंजाम दे रहा हैद्यलोगों के बीच होने वाली चर्चाओं के मुताबिक इन महिला दलालों का शहर में संचालित कुछ निजी नर्सिंग होम तथा अस्पतालों से तगड़ी सेटिंग है,बाहर से मरीज लाने वाली दलालों को इन निजी नर्सिंग होम तथा अस्पतालों से प्रति मरीज 35 से 40 प्रतिशत तक का कमीशन तत्काल दे दिया जाता है,उसके बाद मरीज का उपचार शुरू किया जाता है।



इंसेट-1-अस्पताल प्रशासन व चैकी पुलिस की कार्यशैली पर भी खड़े हो रहे सवाल!

अगर लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं पर यकीन किया जाए तो यही बात सामने आती है कि जैसे ही कोई मरीज एम्बुलेंस अथवा अपने निजी वाहन से महिला अस्पताल के गेट पर पहुंचती है,दलालों की टोली तत्काल सक्रिय हो कर उस मरीज के आसपास मंडराना शुरू कर देती है,वहीं जैसे ही उन्हे बात करने का मौका मिलता है वह मरीज व उनके तीमारदारों की हितैशी की तरह पेश आते हुए उन्हे सरकारी अस्पताल के बजाय निजी अस्पताल में सुरक्षित व आरामदायक प्रसव कराने की सलाह देकर बरगलाना शुरू कर देती हैं,जैसे ही कोई मरीज इन दलालों के झांसे में आ जाता है वह उन्हे आनन-फानन में अपनी सेटिंग वाले निजी अस्पताल पहुंचा कर अपना कमीशन लेने के बाद पुनःनयी मरीज की तलाश में फिर महिला जिला अस्पताल के पास पहुंच जाती हैं। चर्चा है कि दलालों की यह मंडली महिला अस्पताल के गेट से लेकर भर्ती वार्डो तक में पहुंच जाती हैं तथा तीमारदारों को निजी अस्पताल जाने की सलाह देती है।

बताया जाता है कि जिला अस्पताल पुलिस चैकी में तैनात खाकी धारियों को इसकी पूरी जानकारी है,चर्चा तो यहाँ तक है कि चैकी की पुलिस इन दलालों को कई बार चैकी तक लेकर भी गयी है परन्तु थोड़ी ही देर में वही दलाल फिर से महिला अस्पताल के गेट के इर्द-गिर्द नजर आने लगती हैं।

# आंधी तूफान ने बिगाड़ा महौल, लाखों की हुआ नुकसान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एकाएक आंधी तुफान व ओलावृष्टि होने पर हजारों किसानों का फसले जहां नष्ट हुआ तो वहीं ग्रामीणांचल में घरों के सामग्री तक छतिग्रस्त होने पर नष्ट हुआ है।जिले के अन्तर्गत ओलावृष्टि होने पर हजारों किसानों की गाढ़ी कमाई चैपट हुआ है।गेहूं की फसलें तक नष्ट हो गया है जिसमें आलू व अन्य फसलें तक गिर गई है।ऊंचाहार कोतवाली के गांव छतौनामरियानी निवासी श्रवण कुमार पाल के पक्का निर्मित भवन गिरने से एक बकरी की मौत हो गई जबकि दो मवेशी घायल हो गए जबकि सामग्री दबकर नष्ट हो गया है।वहीं जिले के अन्तर्गत महराजगंज, सलोन, जगतपुर, लालगंजय, डलमऊ क्षेत्र के अन्तर्गत नुकसान हुआ है।जिसमें लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

# रामचरितमानस पाठ का हुआ समापन



**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली के सामने निवास करने वाले राकेश बाजपेई के यहां रामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन किया गया। संगीत और रामचरितमानस पाठ के मर्मज्ञ पंडितों के द्वारा मानस पाठ का धार्मिक विधि विधान से आयोजन हुआ और हवन पूजन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बताते चले कि राकेश बाजपेई और उनकी पत्नी सियावती बाजपेई धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं ।भगवान श्रीराम में उनकी परम श्रद्धा है। राकेश वाजपेई ने बताया कि कोई भी शुभ काम करने से पहले रामचरितमानस पाठ का आयोजन करने से सभी कार्य भली-भांति ढंग से फलीभूत होते हैं। भगवान श्री राम और उनके दूत श्री बजरंगबली की महिमा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कवन सो काज कठिन जग माहि जो नहीं होए तात तुम पाही। इस अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक ओमप्रकाश बाजपेई,संजीव बाजपेई, अंजलि बाजपेई ,राजू वाजपेई ,रागिनी वाजपेई, विनय वाजपेई, संगीता, लव, लकी और ओम वाजपेई मौजूद रहे।

# शटरिंग के दौरान श्रमिक की मौत,कटा हंगामा

**रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गंगादीनकापुरवा में निर्माणधीन मकान की शटरिंग करते दौरान श्रमिक की गिरकर मौत हो गई जिसको लेकर नाराज श्रमिकों ने हंगामा काटा है।जिसको लेकर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु कार्रवाई जारी कर दिया गया है।पुलिस का कहना कि मृतक की शिनाख्त किया जा रहा है जिनके परिजन के तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा।

# एडीओ पर रिश्वत मांगने का आरोप

**रायबरेली।**डलमऊ ब्लाक में तैनात एडीओ समाजकल्याण विभाग पर पेंशन दिलवाने के नाम पर ग्राम प्रधान से प्रत्येक पेंशन धारक से पांच सौ रूपए के हिसाब से देने की बात का आडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।समाजकल्याण विभाग की लूटघसूट की पोल खुल गई है।जिला समाजकल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाने के बाद अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा।

# मजार व ईदगाह गिराये जाने से नाराज सैकड़ों लोगों ने किया प्रदर्शन




**ऊँचाहार(रायबरेली)** कोतवाली क्षेत्र के सवैया तिराहे के पास लखनऊ प्रयागराज मार्ग के किनारे सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र रहे मजार व ईदगाह गिराये जाने से नाराज सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम, सीओ समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया,एसडीएम द्वारा बातचीत करके मसले का हल निकाले जाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।एनएचआई विभाग द्वारा लखनऊ प्रयागराज मार्ग के चैड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है, बुधवार की दोपहर सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र मुस्तफा सईद बाबा की मजार व ईदगाह को आरोप है कि एनएचआई द्वारा बिना कोई जानकारी दिये तोड़ डाला गया, जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन करना शुरु कर दिया और एनएचआई विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करनी शुरू कर दी, सूचना पर एसडीएम सिदार्थ चैधरी, सीओ अरुण कुमार नौवहार, कोतवाल अनिल कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लोगों का कहना है कि एनएचआई विभाग द्वारा मजार व ईदगाह को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करके उसका निर्माण कराया जाये, या तो फिर कमेटी को इसका मुआवजा दिया जाये और मजार के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित की जाये,हालांकि एसडीएम सिदार्थ ने लोगों को आश्वासन दिया कि एनएचआई विभाग के लोगों के साथ बातचीत करके इस मामले का निस्तारण कराया जायेगा, जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए।इस बाबत एसडीएम सिदार्थ चैधरी ने बताया कि एनएचआई विभाग से व मजार की कमेटी के सदस्यों के बीच वार्ता करके मामले का निस्तारण कराया जायेगा।

# डीआरएम ने किया निरीक्षण,विकास की जानकारी हकीकत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।**डीआरएम एसएम शर्मा ने बुधवार को उन्नाव से ऊंचाहार तक निरीक्षण किया।जिस दौरान तकिया रेलवे स्टेशन के बाद लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।जिसके बाद लालगंज रेलकोच का भी निरीक्षण करने के बाद ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पहुंचे।जहां पर स्टेशन का होने वाले कायाकल्प के संदर्भ में जानकारी हासिल किया।जिसमें स्टेशन का पुरानी बिल्डिंग गिरने के बाद नई बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा।जिसके बाद एनटीपीसी के प्लांट परिसर में कोयला यार्ड व अन्य रेलवे के संदर्भित स्थलों का निरीक्षण किया।जिसके बाद वे यहां से रवाना हुए है।

# अमृत योजना के तहत लालगंज रेलवे स्टेशन का होने जा रहा है कायाकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली** ।भारत सरकार की महत्वाकांक्षी सोच अमृत योजना के तहत लालगंज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किए जाने के बाबत डीआरएम एसएम शर्मा ने बुधवार को लालगंज पहुंचकर स्टेशन का विधिवत निरीक्षण किया और कहा कि अमृत योजना के तहत स्टेशन का सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ सुविधा भी बढ़ाई जाएगी ।लालगंज लखनऊ क्रॉसिंग से रेलवे लाइन के किनारे से होकर स्टेशन तक सीधी सड़क बनाई जाएगी ।पुरानी बिल्डिंग गिराकर नई बिल्डिंग का निर्माण होगा। नए आवास बनाए जाएंगे ।प्लेटफॉर्म और अधिक लंबा व सुविधाजनक बनाया जाएगा ।लाइटिंग की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जाएगी ।यात्रियों के पीने के पानी के लिए पानी की टंकी भी बनाई जाएगी ।स्टेशन के बाहर का जो एरिया है ,उसका भी सौंदर्यीकरण होगा। साथ ही उन्होंने फिजूल खर्ची रोकने के बाबत भी दिशा निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एक ज्ञापन भी डीआरएम को सौंपा है जिसमे उन्होंने कहा है कि रायबरेली जनपद की लालगंज सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी के साथ-साथ यहां रेल कोच फैक्ट्री और छोटे-छोटे उद्योग हैं। यहां पर हजारों की संख्या में रोज यात्रियों का आना-जाना रहता है। ट्रेनों की संख्या कम होने से यात्रियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोरोना काल में रायबरेली से कानपुर- कानपुर से रायबरेली आरसी गाड़ी चलती थी जिसका संचालन बंद कर दिया गया था जिसका संचालन जनहित एवं व्यापारी हितों में चलाएं जाना अति आवश्यक है।इसके अलावा गाड़ी नंबर 54211/54212 आरसी को प्रतापगढ़ से कानपुर वाया लालगंज के बीच,गाड़ी नंबर 14101/14102 इंटरसिटी कानपुर से प्रयाग संगम तक चलाई जाती है ।इसको कानपुर से बनारस चलाये जाने की मांग की गई है।एटीवीएम मशीन बन्द है ,उसको चालू कराने की मांग भी व्यापारियों ने की है।लालगंज स्टेशन पर आरक्षण का समय प्रातः 10 बजे से शाम 8बजे तक करने और लालगंज स्टेशन प्लेटफॉर्म पर गाड़ी आने पर एक नंबर से दो नंबर जाने के लिए यात्रियों को काफी सुविधा का सामना करना पड़ता है ।इसके लिए एलाउंसमेंट व्यवस्था संचालित की भी पुरजोर मांग की गई है। व्यापार मंडल के ज्ञापन पर डीआरएम ने कहा कि सभी मांगे न्यायोचित हैं। मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही कराने का प्रयास कराया जाएगा।इस मौके पर स्टेशन मास्टर श्यामलाल ,यूनियन नेता विकास मणि त्रिपाठी , अवधेश, शैलेंद्र द्विवेदी ,कृष्णानंद, योगेंद्र प्रताप ,वीरेंद्र, मीनू देवी सहित व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, शिवम गुप्ता ,अमित गुप्ता, पुष्कर गुप्ता ,विनय गुप्ता, विजय शंकर मिश्रा, हंसराज विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# योग एक विज्ञान है धर्म नहीं है:प्रदीप पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली और पतंजलि योग समिति इकाई रायबरेली द्वारा संयुक्त रूप से एकदिवसीय निरूशुल्क योग शिविर संपन्न।प्रातः 6 से 8बजे तक दिव्या योग केंद्र बस्तीपुर निकट झूलेलाल मंदिर गोरा बाजार में हरिद्वार से आए हुए पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के परम शिष्य स्वामी अभिषेक देव, भारतीय नौसेना से मार्कोस कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया द्वारा योग अभ्यास कराया गया। योग शिविर में आहार विहार, दिनचर्या, आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों द्वारा स्वास्थ्य रहने का रहस्य बताया गया। शिविर में रायबरेली जनपद से बच्चे, युवा, बहनें, वृद्ध सभी आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी लिया।26/11 मुंबई ताज होटल, नरीमन, ओबेरॉय ट्राइडेंट और छत्रपति शिवाजी महराज रेलवे स्टेशन पर पाकिस्तान से आए हुए 10 आतंकवादियो द्वारा रात्रि 8 बजे से 26 नवंबर से 29 नवंबर तक होटल में मौजूद निर्दोष नागरिकों और विदेशों नागरिकों को बंधक संकट, गोलीबारी ,बमबारी, घेराबंदी बना लिया था ।उस समय भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो का दस्ता, एनएसजी कमांडो, पैरामिलिट्री फोर्स, एटीएस,मुंबई पुलिस, एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, मुंबई फायर ब्रिगेड की मदद से सभी नौ आतंकवादियो को मार गिराया गया और एक मात्र जिंदा आतंकवादी अजमल कसाब को पकड़ लिया गया था। उस हमले में 300 लोगों की कैसुअलिटी और 500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। आतंकवादियो ने हमले में एके 47, आईईडी,बॉम्ब, ग्रेनेड, त्वग् आदि घातक हथियारों का इस्तेमाल किए पाकिस्तान की आईएसआई और पाक सेना की मदद से लश्कर ए तैयबा और जकीउर रहमान एवं भारत में मौजूद उनके स्लीपर सेल हमले से पहले रेकी की थीं। आतंकवादियो से सीधी लड़ाई में मार्कोस कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया बुरी तरह घायल हों गए थे उनके फेफड़े में आर पार गोली जा चुकी थी सांस लेने आर चलने में दिक्कत हो रही थी आईसीयू में कई वर्षो तक थे सभी डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था तब अचानक स्वामी रामदेव जी के संपर्क में आने से और जीवन में योग करने से पूरी तरह स्वास्थ्य हो गए आत्मविश्वास बढ़ा और आज पूरे देश में जाकर ऋषि मुनियों की प्राचीन विद्या योग आयुर्वेद का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इन्हे आयरन मैन भी कहा जाता हैं क्योंकि इन्होंने कई नेशनल इंटरनेशनल कंपटीशन जीते हैं। भारत के पहले दिव्यांग है जिन्हे यह उपाधि दी गई। राष्ट्रपति द्वारा भी वीरता का पुरुस्कार मेडल प्राप्त कर चुके हैं। खुले महासागर में तैराकी,साइक्लिंग, हॉफ,फुल मैराथन दौड़ भी पूरी की।योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि शान्ति हमारे भीतर है बाहर ढूंढना बंद करो। किसी भी कीमत पर हर रोज योग करो।प्रकाश नारायण पाठक ने कहा किष्योग से आप अपने जीवन में स्थिरता ला सकते है। आरपी चैधरी ने कहा कि योग इंसान को स्वस्थ और निराकार बनता है। सुरेश मौर्य ने कहा कि आत्मा से जुड़ने के लिए योग दर्शन बहुत जरुरी है कार्यक्रम में उपस्थित प्रकाश नारायण पाठक ,आर. पी .चैधरी, डॉक्टर उषा मौर्य, सुरेश मौर्य ,आदि लोग मौजूद रहे।



# केंद्रीय मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एम्स में की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो0 एसपी सिंह बघेल आज रायबरेली एम्स पहुँचे। रायबरेली पहुँच कर उन्होंने 25 फरवरी को एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने की तैयारियों की समीक्षा की। इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी राजकोट से वर्चुअल तरीके से एम्स रायबरेली को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एम्स के लोकार्पण समर्पण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने एम्स रायबरेली के ऑडिटोरियम हाल में पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो बघेल ने बताया कि 2009 में 900 करोड़ से रायबरेली एम्स को सैद्धांतिक मंजूरी मिली थी। इसका ज्यादातर विकास 2014 से 24 के बीच हुआ है। रायबरेली एम्स में एमबीबीएस की 100 सीटें है और कई मेडिकल विभाग चल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस दिन एम्स में विभिन्न विभागों के जन कल्याणकारी योजनाओं के कैंप भी लगाए जाएंगे। जिनमे पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिसमे वृद्धा पेंशन,दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि लाभपरक योजनाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह विधायक सलोन अशोक कोरी, अन्य पूर्व जनप्रतिनिधि,जिलाधिकारी हर्षिता माधुर,मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,एसपी अभिषेक अग्रवाल,एडीएम प्रशासन, सीएमओ एवम जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# धक्का लगने से युवक आया ट्रेन के नीचे, हुई मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी युवक मंगलवार की रात ऊंचाहार एक्सप्रेस में अपने साथी ईट भट्ठे के श्रमिकों के साथ यात्रा करते समय धक्का लगने से ट्रेन के नीचे चला गया। जिससे वह कट गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने अगले स्टेशन पर पहुंचकर घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने परसभी की आंखें नम हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी राज बहादुर पुत्र राम मोहन यादव अपने पिता राम मोहन के साथ पंजाब के एक ईट भट्ठे में मजदूरी करता था। मंगलवार की रात राज बहादुर यादव (25) अपने गांव और आसपास के गांवों के कई श्रमिकों के साथ ऊंचाहार एक्सप्रेस से ईट भट्ठे में मजदूरी करने पंजाब जा रहा था। वह अपने साथियों सहित रघुराजसिंह रेलवे स्टेशन पर ऊंचाहार एक्सप्रेस में सवार हुआ। जैसे ही ट्रेन रघुराजसिंह स्टेशन से आगे बढ़ी, तभी डिब्बे में अधिक भीड़ होने के कारण किसी ने उसे धक्का दे दिया। जिससे वह नीचे गिरने लगा तो उसने एक हाथ से इंगिल पकड़कर खुद को बचाने का प्रयास किया। लेकिन कुछ ही देर में उसका हांथ छूट गया और वह ट्रेन के नीचे आकर कट गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने अगले स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथियों ने परिजनों को घटना की सूचना दी तो परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना से मृतक की मां रानी यादव, पिता राम मोहन यादव, भाई अमरेश यादव, शिवम यादव, बहन नीशू यादव सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


# 'आचार्य श्री को भक्तों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** दिगंबर परंपरा के श्रेष्ठ और शीर्ष संत आचार्य शिरोमणि गुरुवर विद्यासागरजी महाराज की समाधि पर दिगंबर जैन समाज द्वारा विनयांजलि सभा जैन मंदिर में आयोजित की गई।दिगंबर जैन मंदिर में समस्त जैन समाज के लोग एकत्र होकर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का चिंतन राष्ट्र कल्याण के लिए था वह एक ऐसी विभूति थे जिन्होंने अनेक आदर्श स्थापित किए थे। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को याद करते हुए उनके जीवन में किए गए समाज के कल्याण पर प्रकाश डाला। आचार्य श्री जीते जागते परमात्मा थे। उनके समाधि का समाचार संपूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। हम सबके जीवन में आचार्य श्री का गहरा प्रभाव रहा। अशोक जैन आरके जैन ने कहा की आचार्य श्री के आशीर्वाद से ही मेरा जीवन धर्म में जुड़ा और आज जो भी हूं गुरुदेव के आशीर्वाद का प्रतिफल है। गुरुदेव का आशीर्वाद जीवन में सदैव बना रहे, ऐसी मंगल भावना गुरु चरणों में।जैन समाज के इंदर चंद जैन ने कहा की आचार्य श्री एक समुदाय के नहीं, पूरी मानवता के आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने कभी संप्रदाय, जाति, वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं किया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि ललितपुर,छत्तीसगढ़ के डोगरगढ़ में प्रख्यात संत आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज की संलेखनापूर्वक समाधि की खबर से समस्त जैन समाज स्तब्ध है। जैन धर्म के विश्व विख्यात सर्वोच्च गुरु आचार्य संत शिरोमणि 108 विद्यासागर जी महाराज इन दिनों छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में विराजमान थे अस्वस्थ होने के कारण शनिवार को रात्रि 2रू30 बजे महाराज जी की समाधि हो गई । जैन समाज के लोगों ने बुधवार को एक साथ एकत्रित होकर विन्याजली सभा आयोजित की व जैन मंदिर में णमोकार मंत्र का पाठ किया गया।इस मौक पर रंजना जैन,रेखा जैन,शारदा जैन,शकुंतला जैन,पूजा जैन,मनीषा जैन,प्रदीप शर्मा,अजय जैन,अरिहंत जैन,राकेश जैन,नितेश जैन,अतुल जैन समस्त जैन समाज मौजूद रहे।



# मतदाता नागरिकों में भ्रम एवं विभाजन का कारण बन रही है भारत जोड़ो न्याय यात्रा:वीरेन्द तिवारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायबरेली लोकसभा 36 के प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मतदाता नागरिकों में भ्रम एवं विभाजन का कारण बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ने हरदम बाटों और राज करो की नीति अपनाकर देश को जातियों में बाँटने का काम किया है।उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा यात्रा के दौरान वाराणसी में युवाओं को शराबी बताने तथा रायबरेली में पत्रकारों से उनकी जाति पूँछकर अपने लोगों से बर्बरता पूर्ण पिटवाने की निंदा करते हुए कहा कि रायबरेली जिले में उनकी यात्रा को जनसमर्थन न मिलने की बौखलाहट दिखायी दी। कांग्रेस के अहंकार के चलते ही इंडी गठबंधन भी बिखर गया है। गठबंधन के नेता एक-एक करके कांग्रेस को छोड़ने जा रहे हैं। विपक्ष के सभी नेता कांग्रेस को डूबता जहाज मानते हैं।श्री तिवारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस का अंतिम किला ढहायेगी।

# विद्युत आपूर्ति रहा बंद,जिम्मेदार अधिकारी खोजते रहे फाल्ट

**रायबरेली।**विद्युत व्यवस्था ध्वस्त होने के कारण ग्रामीणांचल की आपूर्ति खराब हो गया है।जिसके कारण लाखों घरो में अंधेरा छाया था।जबकि विभाग फाल्ट खोजने के लिए चक्कर काट रहे थे। जिले के अन्तर्गत ऊंचाहार, लालगंज, सलोन, डलमऊ, महराजगंज व सदर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम हो गया है।जिसको लेकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम होने के कारण यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी तक में दिक्कत हो रहा है।जिसको लेकर ग्रामीणांचल में रात अंधेरें में काटने में लोग मजबूर है।जिसको लेकर विद्युत व्यवस्था के एक्सईन ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

# 'आतंकवाद को लेकर भारत-ग्रीस की चिंताएं समान', ग्रीक पीएम के साथ संयुक्त वार्ता में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच आज दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रेस वार्ता में ग्रीक पीएम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 16 वर्षों बाद किसी ग्रीक प्रधानमंत्री का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव है।

क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले वर्ष मेरी ग्रीस यात्रा के बाद उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का संकेत है और 16 वर्षों



के बाद ग्रीस के प्रधानमंत्री का भारत आना अपने आप में एक ऐतिहासिक उत्सव है। हमारी आज की चर्चाएं बहुत सार्थक रहीं।'

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए तेजी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए कई नए अवसरों की पहचान की है।'

### आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं समान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान वार्ता और कूटनीति से ही किया जाना चाहिए। हम इंडो-पैसिफिक में ग्रीस की भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं... भारत और ग्रीस वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा।' पीएम मोदी ने बताया कि आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं एक जैसी ही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में दोनों देशों के सहयोग को अधिक मजबूत करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। इसके साथ ही दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने पर सहमति जताई है।

## हम UNSC में स्थाई सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी समर्थन करते हैं', बोले ग्रीस के पीएम

**नई दिल्ली।** ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस 21 और 22 फरवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। दिल्ली में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के पीएम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। पीएम मोदी ने क्यारीकोस मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा, 'मैं अपनी आधिकारिक दौरे पर पहली बार भारत आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हम अपने द्विपक्षीय संबंधों में



सकारात्मक गति जारी रख रहे हैं। कुछ महीने पहले एथेंस में हमने जिस संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे, उसे अभ्यास में लाया जा रहा है। जैसा कि पीएम मोदी ने कहा हम सभी क्षेत्रों सुरक्षा, रक्षा, निवेश, व्यापार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि और पर्यटन की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। भारत और ग्रीस कई पहलू से एक-दूसरे से काफी करीब हैं। हमारे विचार उस पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो हमें करीब लाता है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और सबसे बड़ा लोकतंत्र एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी स्थापित कर रहा है।'

ग्रीस के पीएम ने बताया कि पिछले साल दोनों देशों के बीच कृषि और रक्षा के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। उन्होंने कहा, 'इस साल हम प्रवासन और अस्थिरता पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप देंगे।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में ग्रीस के पीएम ने कहा, 'पीएम मोदी में मुझे एक दूरदर्शी, उत्तम नेता और एक सच्चा दोस्त दिखता है।' उन्होंने बताया कि दुनिया आज अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। इसमें यूक्रेन में च रहे युद्ध से लेकर मध्यपूर्व की स्थिति, जलवायु परिवर्तन से लेकर ऊर्जा और सुरक्षा भी शामिल है।

## बाबा सिद्दीकी के बेटे से छीना गया मुंबई युवा कांग्रेस अध्यक्ष का पद, मनोज जरांगे की भूख हड़ताल जारी

**मुंबई।** कांग्रेस के पूर्व नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जिशान सिद्दीकी के खिलाफ पार्टी ने एक्शन लिया है। उन्हें मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटा दिया। मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर तब सियासी बवाल खड़ा हुआ, जब इस महीने की शुरुआत में जीशान सिद्दीकी के पिता बाबा सिद्दीकी कांग्रेस छोड़कर अजित पवार वाली एनसीपी में शामिल हो गए थे। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने 'सेज सोयारे' लागू करने की मांग को लेकर अपनी भूख हड़ताल जारी रखी है।

महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा, 'सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल और मराठा समुदाय की मांगें पूरी की हैं। सरकार आई आपत्तियों का अध्ययन करेगी और उन पर फैसला लेगी। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि विरोध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकार ने



मराठा समुदाय के पक्ष में फैसला लिया है।'

### भाजपा नेता अशोक चव्हाण की सुरक्षा बढ़ा गई

भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनकी सुरक्षा बढ़ाकर 'वाई-प्लस' कर दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस ने चव्हाण के मुंबई स्थित आवास और उनके गृहनगर नांदेड़ की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि चव्हाण को पहले 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। 'वाई-प्लस' कवर में दो सुरक्षाकर्मी शामिल हैं।

अधिकारी ने बताया कि 'खतरे की आशंका' को देखते हुए राज्य पुलिस के वीआईपी सुरक्षा विभाग ने चव्हाण का सुरक्षा कवर बढ़ाकर वाई प्लस कर दी है। 65 वर्षीय चव्हाण कांग्रेस छोड़कर पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें भाजपा ने महाराष्ट्र से राज्यसभा चुनाव के लिए नामित किया था और मंगलवार को उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## शीर्ष अदालत का पश्चिम बंगाल सरकार को झटका, सीबीआई जांच के खिलाफ मुकदमे पर जल्द सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर मुकदमे को तत्काल सूचीबद्ध करने पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। बता दें, राज्य सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर कानून के तहत राज्य से आवश्यक मंजूरी हासिल किए बिना चुनाव बाद हिंसा के मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई नौ बार स्थगित की जा चुकी है। साथ ही बताया कि यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है।

### मैं नहीं कर रहा सुनवाई:



सीजेआई

उन्होंने कहा, 'मामला सामने आ रहा है, लेकिन हम संविधान पीठ के समक्ष हैं। अगर इस पर बुधवार या गुरुवार को सुनवाई हो सकती है।' इस पर किसी तरह का आदेश देने से इनकार करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं मामले पर सुनवाई नहीं कर रहा हूं। आप उस बेंच के समक्ष जाइए, वे ही फैसला लेंगे। हम कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं।'

### कुछ दिनों तक इंतजार...

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई जल्दबाजी नहीं है। इस मामले में कुछ दिनों तक इंतजार किया जा सकता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि इंतजार नहीं किया जा सकता है क्योंकि मामला 2021 में दायर किया गया था और हम 2024 में हैं।

### राज्य सरकार की ये दलील

पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है। राज्य सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपने मूल दीवानी मुकदमे में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 के प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राज्य सरकार से बिना अनुमति हासिल किए जांच में आगे बढ़ रहा है और प्राथमिकी दर्ज कर रहा है, जबकि कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है। 16 नवंबर, 2018 को, पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में जांच और छापे मारने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी।

## महाभारत का जिक्र कर मेयर चुनाव में हुई धांधली पर बरसे सीएम केजरीवाल, बोले- अधर्म का है बोलबाला



**नई दिल्ली।** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दिल्ली सरकार ने सदन में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गीता के श्लोक का जिक्र करते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने श्लोक का अर्थ बताते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि जब-जब धर्म को कुचला जाएगा तब-तब मानव जाति के कल्याण के लिए भगवान जन्म लेते हैं। आज अधर्म का इतना बोल बाला है कि लोगों का धर्म से विश्वास उठ गया है। लेकिन चंडीगढ़ में जो कुछ हुआ वह इशारा है कि भगवान ने अवतार ले लिया है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आगे कहा कि आजादी के 75 साल बाद देश को अच्छी शिक्षा देने वाले मनीष सिसोदिया आज जेल में हैं और महिला पहलवानों से गलत हरकत करने वाले लोग सत्ता का सुख भोग रहे हैं। इस देश में मोहल्ला क्लीनिक खोलने और गरीबों को दवा दिलवाने वाले सत्येंद्र जैन जेल में हैं और ये अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कराकर सत्ता का सुख भोग रहे हैं। आज चारो तरफ अधर्म का बोलबाला है। खुलेआम करोड़ो रुपयों के कालेधन से एमएलए खरीदे जा रहे हैं। कर्नाटक में एएलए खरीदे गए, गोवा में एमएमए खरीदे गए, महाराष्ट्र में एमएलए खरीदे गए, नॉर्थ ईस्ट में एमएमए खरीदे गए। सरकारें खुलेआम गिराई जा रही हैं। लोगों का विश्वास धर्म से खत्म हो रहा है। चंडीगढ़ में जो हुआ सबने देखा। इनके अधिकारी ने वोट के अंदर गड़बड़ी कर हराने वाले को जितवा दिया और जीतने वाले को हरवा दिया। इससे पहले आम आदमी पार्टी के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज देश के अंदर जो परिस्थिति बन रही है अगर लोग नहीं चेते तो लोकतंत्र हार जाएगा। चुनाव जीतने के लिए इन्हें जो मर्जी करना पड़े ये करेंगे। ईवीएम में धांधली करनी पड़े तो ये करेंगे। ईडी पीछे लगानी पड़े तो ये करेंगे। एमएलए खरीदने पड़े तो ये करेंगे। वोटिंग में धांधली करनी पड़े तो ये वो भी करेंगे। ये खुलेआम कह रहे हैं लोकसभा चुनाव में 370 सीटें लाएंगे। यह इशारा है कि इन्हें लोगों के वोट की जरूरत नहीं है।

### दिल्ली की बिजली-पानी रोक दी: सीएम केजरीवाल

हिंदूओं में पानी पिलाने का धर्म होता है इन्होंने दिल्ली का पानी भी रोक दिया। मोहल्ला क्लीनिक की बिजली रोक दी, दवाइयां रोक दी गईं। गरीबों के टेस्ट रोक दिए गए। डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ की सैलरी रोक दी। विपक्ष की सरकारें काम करना चाहते हैं लेकिन ये काम करने ही नहीं देते।

### न फसलों के दाम दे रहे और न ही आंदोलन करने दे रहे: सीएम केजरीवाल

किसान दिल्ली आना चाहते हैं। दिल्ली देश की राजधानी है हर कोई यहां आ सकता है। उनके पास न हथियार है, उन्हें आने दो दिल्ली, लेकिन ये उन्हें भी रोक रहे हैं। हमने भी रामलीला मैदान में आंदोलन किया था। वो अपनी फसलों के दाम मांग रहे हैं। उन्हें न फसलों के दाम दे रहे हैं और न ही आंदोलन करने दे रहे हैं। आज किसान, युवा और व्यापारी सब त्रस्त हैं।

### भगवान ने बढ़ रहे अधर्म के लिए लिया अवतार

पिछले दिनों की घटनाओं पर अगर गौर करें तो भगवान ने सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने और अवतार होने का निर्णय ले लिया है। 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव हुआ। वोटिंग हुई और एक आरओ था अनील मसीह। उस दिन उन्होंने तय किया आज वह जनतंत्र का चीर हरण करेंगे। ये लोग पूरी साजिश करके आए थे। इसी के तहत उन्होंने वोटो पर निशान लगाकर उन्हें इनवैलिड कर देंगे और जीते हुए को हरा देंगे। लेकिन वहां अदृश्य शक्ति थी, तभी तो इनकी साजिश कामयाब नहीं हो सकी।

## संदेशखाली हिंसा पर विपक्ष और राज्य सरकार पर भड़के रविशंकर, कहा- नारी सम्मान को लेकर यही उनका स्तर है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा को लेकर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राज्य सरकार के साथ इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने संदेशखाली हिंसा को गंभीर मुद्दा बताया है। संदेशखाली की महिलाओं पर हुए अत्याचार पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर भी निशाना साधा है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'महिलाओं के साथ होने वाले अपमानजनक व्यवहार और यौन उत्पीड़न के बारे में जो बाते सामने आई है, वह हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। ममता बनर्जी अब भी इसका बचाव क्यों कर रही हैं? इस मामले में एक पत्रकार को भी गिरफ्तार किया गया है। ममता बनर्जी आखिर क्या छिपाना चाहती हैं और क्यों? वह खुद एक महिला है और अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए वह अन्य महिलाओं के सम्मान को खतरे में डाल रही है। क्या उनका



जमीर मर गया है?'

उन्होंने अन्य पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा, 'अन्य पार्टियां चुप क्यों हैं? मैंने सुना है कि सीपीआई(एम) की एक महिला नेता ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई औपचारिक विरोध नहीं किया। पार्टी भी इस मामले में चुप है। राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर चुप है।' इंडिया गठबंधन पार्टियों पर भड़कते हुए भाजपा नेता ने कहा, 'देश की बहनों, बेटियों की आबरू लूटी गई फिर भी वे (इंडिया गठबंधन) खामोश हैं, यह उनका नारी सम्मान को लेकर स्तर दिखाता है।'

### क्या है संदेशखाली विवाद

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित गांव संदेशखाली इन दिनों भारी विरोध प्रदर्शन का गवाह बन रहा है। दरअसल गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

## 'जानवरों के हमले का मानव-निर्मित सीमाएं समाधान नहीं'

**कोच्चि।** केरल के वायनाड से जंगली जानवरों द्वारा लोगों पर हमले करने की लगातार खबरें आ रही हैं। क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के स्थाई समाधान की मांग को लेकर हाल ही में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा बुलाई गई हड़ताल ने हिंसक रूप ले लिया था, फिर भी कोई समाधान नहीं निकल सका। इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट ने कह दिया है कि मानव द्वारा बनाई गई क्षेत्रीय सीमाएं मानव-पशु संघर्षों को हल करने में मदद नहीं करती हैं। ऐसे हमलों को केवल ठोस प्रयासों से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

हाईकोर्ट ने सुझाव दिया कि केरल के वायनाड जिले में जंगली जानवरों के घुसपैठ के मुद्दे से निपटने के लिए केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिवों के स्तर पर एक संयुक्त कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। साथ ही अदालत ने मामले को आगे के विचार के लिए 27 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति गोपीनाथ पी की विशेष पीठ का विचार था कि राज्य सरकारों के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिवों के स्तर पर संयुक्त चर्चा करना सही होगा ताकि उच्च अधिकारियों से मंजूरी लिए बिना जल्द फैसले लिए जा सकें। पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ऐसी संयुक्त समितियों का गठन किया जाएगा। इसने मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तरी सर्कल, वायनाड को उन खाइयों, बाधाओं और बाड़ का एक नक्शा तैयार करने का भी निर्देश दिया, जो उत्तर और दक्षिण वन्यजीव प्रभागों के अधिकार क्षेत्र में निजी व्यक्तियों और सरकार द्वारा लगाए गए हैं। पीठ ने 19 फरवरी के अपने आदेश में निर्देश दिया कि नक्शा 10 दिनों के भीतर तैयार किया जाए और मानव-पशु संघर्ष से निपटने के लिए पिछले साल मार्च में अदालत द्वारा गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

# खालिस्तानी विवाद को लेकर कोलकाता में सिखों का प्रदर्शन, कांग्रेस ने कहा- भाजपा नेता मांगें माफी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है। बंगाल की पूरी सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। यह गांव सियासी जंग का मैदान बना हुआ है। इस बीच, भाजपा नेता द्वारा एक सिख अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी बुलाए जाने का मामला भड़क गया है। सिख समुदाय से जुड़े करीब 200 लोगों ने बुधवार को शहर में भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। दरअसल, सिखों का आरोप है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली का दौरा करने से रोकने



पर धमखाली में तैनात एक सिख आईपीएस अधिकारी को भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने कथित तौर पर खालिस्तानी कहा। हालांकि भाजपा नेताओं ने इन आरोपों को नकार दिया है।

### आरोप सरासर गलत: कौशल किशोर

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा, 'ममता बनर्जी बस संदेशखली घटना से लोगों का ध्यान हटाकर ऐसे मुद्दों की ओर ले जाना चाहती हैं, जैसे- भाजपा का कहना है कि जो लोग पगड़ी पहनते हैं वो खालिस्तानी हैं। यह बयान सरासर गलत है। भाजपा ने कभी ऐसा नहीं कहा। वे विशेष घटना के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। बल्कि जो पत्रकार सच्चाई सामने लाने का काम कर रहे हैं, उसका साथ देने के बजाय उनको जेल में डाला जा रहा है। इससे पता चलता है कि कैसे उनके नेतृत्व में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला हुआ है।'

**भाजपा सार्वजनिक रूप से माफी मांगे: अधीर रंजन**

पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'बंगाल में भाजपा नेताओं ने एक पुलिस अधिकारी को खालिस्तानी कहकर उसका अपमान किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। वे बंगाल की संस्कृति से अवगत नहीं हैं। हम भी संदेशखली जाना चाहते थे , लेकिन हमें रोक दिया गया। इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी अधिकारी को उसके धर्म के आधार पर निशाना बनाया जाना चाहिए। आईपीएस जसप्रीत सिंह इस तरह की भाषा से अपमानित महसूस कर रहे होंगे। कांग्रेस भी बंगाल पुलिस की आलोचना करती है, लेकिन हम ऐसी टिप्पणी नहीं करते। भाजपा को इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।'

### भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

भाजपा कार्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने कहा, 'अपनी फसलों के लिए बेहतर समर्थन मूल्य की मांग कर रहे किसानों को भी भाजपा नेता खालिस्तानी बता रहे हैं। इतना ही नहीं, पंजाब के रहने वाले एक पुलिसकर्मी को भी अपना कर्तव्य निभाने के लिए इसी तरह का लेबल दिया गया है। प्रदर्शनकारी ने आगे कहा, 'हम सभी भारतीय हैं। कोई भी हमारी देशभक्ति, हमारे बलिदान, देश के लिए हमारे प्यार पर सवाल नहीं उठा सकता। पगड़ी पहनना हमारा धार्मिक अधिकार है। हमारे पगड़ी पहने से हमें खालिस्तानी क्यों बताया जाना चाहिए? हम भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर माफी की मांग करते हैं।'

### सीएम ममता का वार

इसके अलावा, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में भी इसी तरह का विरोध-प्रदर्शन हुआ। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति ने बड़ी ही निर्लज्जता के साथ संवैधानिक सीमाओं को लांघ दिया है।' हालांकि, शुभेंदु अधिकारी ने आरोपों से इनकार कर दिया है।


## संक्षेप

### 108 के कर्मचारियों ने वृद्ध महिला की बचाई जान



लखीमपुर-खीरी। आए दिन लगातार हो रे एक्सीडेंट जिससे काफी लोगों की जान जा रही हैं वही आज गणेशपुर मितौली कस्ता से ममरी रोड़ पर एक वृद्ध महिला जो की रोड क्रॉस कर रही थी रोड क्रॉस करते समय सामने से आ रही बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना 108 नंबर पर दी 108 कर्मचारियों को सूचना मिलते ही 108 के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और सर से बह रहे खून की रोकथाम की और स्टेचर पर लिटा कर एंबुलेंस में शिफ्ट किया और वृद्ध महिला को सीएससी बेहजम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया डॉक्टर ने वृद्ध महिला की ज्यादा हालत खराब होने की वजह से उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जिससे वृद्ध महिला की जान बचाई जा सकी।

### अचानक लापता हुआ चौबीस वर्षीय युवक,पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर



खमरिया-खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र के गांव महराजनगर निवासी तेज नारायण त्रिवेदी ने कोतवाली धौरहरा पुलिस को तहरीर देकर अपने 24 वर्षीय पुत्र अनुज त्रिवेदी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पीड़ित पिता के मुताबिक उनका बेटा अनुज मानसिक हालत ठीक न होने के चलते घर से बिना बताए कहीं चला गया। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता न चल सका। युवक के गायब होने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पीड़ित पिता के अनुसार गायब युवक का पता मोबाइल नंबर 9839310161 पर बताने वाले को उचित पुरस्कार भी देने की बात कही जा रही है। फिलहाल पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर देने के बाद परिजनों के साथ साथ पुलिस भी तलाश में जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

### प्रभारी निरीक्षक ने साइबर ठगी से सतर्क रहने के बताए उपाय



लखीमपुर-खीरी। हैदराबाद थाना प्रभारी ने साइबर ब्रांच के लोगों के साथ बैठक आयोजित कर साइबर ठगी के बारे में जानकारी देते हुए साइबर ठगी से लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापन लोन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी उक्त लिंक पर साझा मत करें जैसे की बैंक संबंधित विज्ञापन, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित तमाम दस्तावेज किसी को शेयर मत करें। ऐसा करने पर आप लोग साइबर क्राइम के लोगों से ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने बताया की साइबर ठगी इस समय घर बैठे लोगों को लाखों का चुना लग रहे हैं। साथ ही कहा कि लाभ और लालच में आकर अपनी बैंक डिटेल किसी के साथ सझा मत करें अन्यथा आप लोग ठगी का शिकार हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का उपाय है।ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में उपभोक्ता को शिकायत करने के लिए पुलिस स्टेशन जाना चाहिए या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। साथ ही 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### गौशाला की प्रस्तावित भूमि पर पूजा अर्चन करने के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू

बीकापुर अयोध्या। शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण की प्रक्रिया के तहत बृहस्पतिवार को विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत बैंती कला में प्रस्तावित भूमि पर पूजा अर्चन करने के बाद वह पर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई। इससे पहले खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह सहायक विकास अधिकारी बद्रीनाथ पांडेय ने अपना दल के नेता प्रमोद सिंह जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत ग्राम प्रधान अनिल राजपूत की मौजूदगी में भूमि पूजन का कार्य किया तथा गौशाला के लिए चयनित की गई करीब 21 एकड़ की भूमि का स्थलीय निरीक्षण भी किया। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने इस दौरान ग्राम प्रधान अनिल राजपूत एवं सचिव राजेश चौधरी को जरूरी निर्देश जारी किए।

### पीड़ित दुकानदारों ने अपनी बात सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री से कहीं

अयोध्या। सिविल लाइन मौदहा चौराहा परिक्रमा मार्ग पर बिना किसी आर्थिक सहायता के दुकानों को सेतु निगम द्वारा हटाए जाने को कहा गया है। पीड़ति दुकानदारों ने अपनी बात सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद से कहीं तो उनकी तरफ से पूर्व मंत्री , एवं मजदूर सभा जिला अध्यक्ष मिर्जा सनी बेग, वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव के द्वारा जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें दुकानदारों की मांग थी कि हम यहां कई वर्षों से हम एवं हमारी कई पुश्ते दुकान करती आ रही हैं एवं हम नगर निगम में हर माह किराया भी जमा करते आ रहे हैं । नगर निगम में हमारा अलॉटमेंट भी है एवं परिक्रमा मार्ग पर स्थापित हैं । अन्य परिक्रमा मार्गों पर दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया गया है तो हम दुकानदारों के साथ इस तरह भेदभाव क्यों।

# किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 'किसान दिवस' का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।



डीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं (स्पॉन्सरशिप योजना, सीएम बाल सेवा योजना, पीएम सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी दी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।

डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किसान दिवस कार्यक्रम का संचालन किया।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, पीपीओ सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अध्यक्ष/ वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके, कृषि वैज्ञानिक एआरसीएस अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

## थारू जनजाति की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर रखने को लेकर सम्मानित हुई वाईडीसी की छात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** थारू जनजाति की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेमिनार में रखने और उनके निराकरण को लेकर दिए गए सुझावों को लेकर युवराज दत्त महाविद्यालय की छात्रा को सम्मानित किया गया है। युवराज दत्त महाविद्यालय की प्रो. ज्योति पंत ने बताया कि युवराज दत्त महाविद्यालय की 'जनजातीय उन्नयन प्रकोष्ठ जिसका गठन वर्ष 2016 में किया गया था, की संयोजिका प्रो. ज्योति पंत के निर्देशन में बीए द्वितीय सेमेस्टर की थारू जनजाति की छात्रा संतोषी ने महाविद्यालय के थारू जनजाति के विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 'जनजातीय सशक्तिकरण के लिए नई दृष्टि रणनीतियां, अवसर एवं चुनौतियां विषय पर आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, सीतापुर में दिनांक 18 व 19 फरवरी 2024 को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में लखीमपुर की थारू जनजाति की विभिन्न समस्याओं व मुद्दों जैसे जनजातीय क्षेत्र में गरीबी, उच्च शिक्षण संस्थान का अभाव, यातायात की आधारभूत संरचना की कमी, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, रोजगार अवसरों की कमी से श्रमिकों का प्रवास आदि पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही इस सेमिनार के माध्यम से सरकार से अपेक्षा की कि इन समस्याओं के निदान के लिए सम्बन्धित योजनाओं का बेहतर कियान्वयन सुनिश्चित हो। छात्रा ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय लोगों में जागरूकता के अभाव के कारण वहीं बाल-विवाह के प्रचलन से एक ओर जहाँ छात्राओं को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिलते तो वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## सरकारी अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहा संस्थागत प्रसव का ग्राफ

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार में जननी सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कवायद अब सफल होती दिखाई देने लगी है। जैसे जैसे लोगों मे जागरूकता बढ रही है और सरकारी अस्पतालों पर लोगों का विश्वास बढ़ रहा है वैसे-वैसे सरकारी अस्पतालों मे संस्थागत प्रसव की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर किया जाय तो अयोध्या जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक 96 प्रतिशत प्रसव सरकारी अस्पतालों मे कराए गए हैं। सरकारी अस्पतालों मे संस्थागत प्रसव का आंकड़ा काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने शासन को संस्थागत आंकड़ों की जो रिपोर्ट भेजी है उसके अनुसार अयोध्या जनपद को जनवरी 2023 से जनवरी 2024 के लिए 30600 प्रसव कराने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष सभी सरकारी अस्पतालों मे जनवरी 24 तक कुल 24409 प्रसव सम्पादित हुए हैं। अयोध्या जनपद मे कुल 14 सरकारी अस्पताल हैं, जहां संस्थागत प्रसव कराए जाते हैं। जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक रूदौली सीएचसी में निर्धारित लक्ष्य 3401 के सापेक्ष 3032 प्रसव, मिल्कीपुर सीएचसी पर 2375 के सापेक्ष 1578 प्रसव, अरबन पीएचसी व पीपीसी पर 150 के सापेक्ष 83 प्रसव, पूराबाजार सीएचसी पर निर्धारित लक्ष्य 2225 के सापेक्ष 1542 प्रसव, सीएचसी मया बाजार में लक्ष्य 2227 के सापेक्ष 1564 प्रसव,सोहावल सीएचसी पर लक्ष्य 2822 के सापेक्ष 2691 प्रसव, बीकापुर मे लक्ष्य 2456 के सापेक्ष 2049 प्रसव,सीएचसी अमानीगंज पर लक्ष्य 2256 के सापेक्ष 1712 प्रसव, हरिंग्टन गंज मे निर्धारित लक्ष्य 1979 के सापेक्ष 1192 प्रसव, मवई सीएचसी पर 2318 के सापेक्ष 1959 प्रसव, सीएचसी मसौधा पर लक्ष्य 2020 के सापेक्ष 1313 प्रसव, जिला महिला अस्पताल में लक्ष्य 2804 के सापेक्ष 2882 प्रसव, राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज मे लक्ष्य 1060 के सापेक्ष 1102 प्रसव व सीएचसी तारुन में निर्धारित लक्ष्य 2507 के सापेक्ष 1710 प्रसव कराए गए।

### भाकियू ने निकाला ट्रैक्टर मार्च नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में जनपद अयोध्या में गांधी आश्रम इलाहाबाद रोड से सहादतगंज बाईपास तक ट्रैक्टर मार्च निकालकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या को सौंपकर समस्या समाधान की मांग किया गया।जाहिर है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून बनाने, C2+ 50 के आधार पर फसलों के नाम तय करने, खेती हेतु बिजली फ्री करने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने किसानों को प्रतिमाह ₹10000 पेंशन दिलाने, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम देने तथा प्रतिदिन ₹600 मजदूरी देने, लखीमपुर खीरी घटना के दोषियों को सजा देने आदि मांगों को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा। राष्ट्रपति को संबोधित किसान समस्याओं का 15 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या के माध्यम से भेजा गया।

## कोचिंग पढ़ाने को लेकर अध्यापकों में हुआ विवाद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर/पलियाकलां-खीरी।** थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने दो अध्यापकों के बीच कोचिंग पढ़ाए जाने को लेकर हुए विवाद मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि संपूर्णानगर के पब्लिक इंटर कॉलेज के दो सरकारी अध्यापक विशाल वर्मा व अशोक सिंह में प्राइवेट कोचिंग पढ़ाए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। बताते हैं कि विशाल वर्मा ने लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को गोला व लखीमपुर से बुलाकर, कॉलेज परिसर में अशोक वर्मा पर हमला कर दिया था। विवाद के दौरान हवाई फायर भी किए गए। आरोप हैं कि उक्त लोगों ने अशोक सिंह के पत्रकार भाई धर्मेन्द्र सिंह व पत्रकार भतीजे आलोक प्रताप सिंह के घर पर घुसकर जमकर तांडव किया। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया था। साथ ही विवाद में शामिल लगभग आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया था। उक्त मामले में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने एक पक्ष





के लोगों पर धारा 147, 149, 323, 452, 395, 506 में तथा दूसरे पक्ष पर धारा 147, 148, 149, 323, 307, 506 में मुकदमा पंजीकृत किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त तीन वाहन स्कार्पियो, बलेनो, मारूति कार को सीज कर दिया है। वहीं मामले में अध्यापक विशाल वर्मा, पुष्पक वर्मा, दीपक वर्मा पुत्रगण राजकुमार वर्मा निवासी उदयपुर कोतवाली सदर, रवि वर्मा पुत्र सचिन वर्मा निवासी शिव कॉलोनी कोतवाली सदर, विशाल मित्रा पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी मोहल्ला कमलापुर कोतवाली सदर, सुमित वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा निवासी गौटैया बाग कोतवाली सदर, आयुष पुत्र रामजीवन लाल, पप्पू वर्मा पुत्र लालू वर्मा, सुमित वर्मा पुत्र बालगोविन्द वर्मा, सर्वजीत वर्मा पुत्र रामरतन वर्मा निवासीगण उदयपुर महेवागंज कोतवाली सदर को गिरफ्तार किया गया है।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड का गरीबों को मिल रहा लाभ, 50 हजार की लागत का ऑपरेशन हुआ निशुल्क

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** गरीबों को 5 लाख तक के इलाज का निशुल्क तोहफा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया है। उसे धरातल पर उतारने का काम स्वास्थ्य विभाग लखीमपुर द्वारा भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में लार की ग्रंथि में पथरी की शिकायत से ग्रस्त एक आयुष्मान कार्ड धारक का सफल ऑपरेशन जिला पुरुष अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज में किया गया है। जिसकी अनुमानित लागत 50 हजार रुपए है। यह ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क किया गया है और मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है।

जिला पुरुष चिकित्सालय सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि लार की ग्रंथि में पथरी से ग्रसित मरीज सुरेश 52 जो की आयुष्मान कार्ड धारक है का सफल ऑपरेशन मंगलवार को ईएनटी सर्जन डॉ मनोज शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज) व जिला अस्पताल की टीम द्वारा किया गया। इस



ऑपरेशन में जिला पुरुष अस्पताल से जनरल सर्जन डॉ आरके कोहली, एनेस्थेटिक डॉ एसके मिश्रा और डॉ सुधीर द्वारा सहयोग किया गया। मरीज जब पूरी तरह से स्वस्थ है। प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारक बहुत से मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में होता है। मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के बढ़ने के बाद कई जटिल ऑपरेशन भी शुरू हो गए हैं। जिनसे मरीजों को लाभ मिल रहा है।

डॉ मनोज शर्मा (ईएनटी सर्जन) असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज ने बताया कि मरीज अपनी लार की ग्रंथि में पथरी का ऑपरेशन पहले करा चुका था, परंतु एक बार असफल ऑपरेशन की वजह से यह ऑपरेशन अब काफी जटिल था। टीम द्वारा जटिल प्रक्रिया से गुजरते हुए लार की ग्रंथि में पथरी की वजह से पूरी ग्रंथि को ऑपरेशन करके निकाल गया है। मरीज के मुंह में पत्थर जैसी गांठ थी। ऑपरेशन के बाद मरीज में काफी इंप्रूवमेंट है। ऑपरेशन सफल रहा है।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ आर्य देश दीपक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की सेवाओं में लगातार बढ़ौती की जा रही है और लगातार जटिल ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारको को इसका लाभ भी मिल रहा है। इसी के साथ जिले की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ सेवाएं भी मिलने लगी हैं।

## डॉ . प्रतिमा ने स्थापित किया नया कीर्तिमान भोपाल में हुई सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** जनपद के तहसील निघासन के अंतर्गत छोटे से गांव की रहने वाली डॉ प्रतिमा निषाद को मध्य प्रदेश में सम्मानित किया गया साथ ही प्रतिमा निषाद कम उम्र में भी इन्होने कई काम ऐसे किये है इस की बजह से कई लोगो कि मदद भी हुई है डॉ. प्रतिमा निषाद एन.जी.ओ. में कार्य करते हुए कई लोगो कि मदद कि है इन्होंने छोटे छोटे गाँवों में जाकर बच्चों को पढ़ाई के लिये प्रेरित व जागरूक भी किया है कई बच्चों को किताब पेन पेंसिल आदि वस्तुएं दिये है डॉ.प्रतिमा निषाद स्वास्थ के क्षेत्र में काम करती है इन्होंने कई गभीर मरीजों को समय पर उपचार के लिए हॉस्पिटल भी पहुंचाया है सेकड़ों गावों में जाकर मरीजों को उनके घर जाकर प्राथमिक उपचार देकर उनकी मदद भी कि है। कई लोगों को निशुल्क दवाईया वितरण भी कि और यही डॉ



प्रतीमा निषाद का यही लक्ष्य है डॉ प्रतिमा निषाद को राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुशवाहा, यूनाइटेड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की संस्था द्वारा भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हाल में भोपाल में डॉक्टर प्रभाकर तिवारी, एवं वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुशवाहा , डॉक्टर पंकज रावत, डॉक्टर आयशा डॉक्टर आयशा,होम्योपैथिक निर्देशक भोपाल डॉक्टर प्रियंका जैन, डॉक्टर ओम जी जैन, फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष व सम्मनित लोग मौजूद रहे।

डॉ प्रतिमा निषाद के कार्यों को देखते हुए यूनाइटेंड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की संस्था द्वारा भोपाल में किया गया सम्मानित

इस उपस्थिति में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में डॉ. प्रतिमा निषाद यूनाईटेड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसियशन के जिला अध्यक्ष मनीष कुशवाहा ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है इन के माध्यम से संस्था का प्रयास होता है हम जरूरतमंदों को निःशुल्क सी.पी. आर प्रशिक्षण, ग्रामीण जनों की मदद करते है।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी के अन्तर्गत ग्राम रवींद्रनगर (मियांपुर)कालोनी में अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। मातृभाषा के बिना किसी भी प्रकार की उन्नति संभव नहीं है। हम मातृभाषा के महत्व को इस रूप में समझ सकते हैं कि अगर हमको पालने वाली, 'माँ' होती है तो हमारी भाषा भी हमारी माँ है। हमको पालने का कार्य हमारी मातृभाषा भी करती है इसलिए भारतेन्दु जी ने 'मां' और 'मातृभाषा' को बराबर का दर्जा प्रदान किया है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित भी करती है। मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल की उद्गम होती है। मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है।

मातृभाषा वह भाषा है जो बच्चे को जन्म के बाद सुनने को मिलती है और हमारी भावनाओं और विचारों को एक निश्चित आकार देने में मदद करती है। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर आर0 एन0 दास जी ने कहा हमारे बच्चों को अपनी मातृभाषा और उसी में ही दार्शनिक भावों से ओतप्रोत लोकगीत का आदर करते हुए सीखना चाहिए तथा उन्होंने कहा कि बांग्ला भाषा विश्व में बोली जाने वाली सबसे मीठी और मधुर भाषा है और बांग्ला भाषा में ही गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने राष्ट्रगान रचित की है। तथा उन्होंने कहा हमे अपनी मातृभाषा में ही संवाद करना चाहिए। इसमें कोई भी संकुचन नहीं करना चाहिए। और उन्होंने कहा कि गर्व महसूस होना चाहिए कि हम बंगाली समाज से आते है और हमारे बंगाली समाज ही अनेक सुरवीर जैसे स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, खुदी राम बोस, ईश्वरचंद्र विधा सागर, अरविंद घोष, सूर्य सेन आदि जन्म लिया है। इसलिए हमे गर्व महसूस होना चाहिए। फिर डॉक्टर आर0 एन0 ने बांग्ला पुस्तक आदर्शोलिपि सभी गुरुजनों व छात्र छात्राओं को वितरण किया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य शंकर कुमार ढाली, तपन विश्वास, शंभू मंडल, संजय घोष, अभिषेक राय (सुमन राय), सुखचंद ढाली,पंकज राय, सरजीत राय आदि बंग भाषी लोग मौजूद रहे।

### एस डी एम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस,अन्य विभागों के जिम्मेदार भी रहे मौजूद

**धौरहरा-खीरी।** तहसील परिसर धौरहरा के सभागार में नव नियुक्त एस डी एम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मात्र 28 शिकायते ही दर्ज हुई।जिनमें राजस्व विभाग की 4 शिकायते निस्तारण भी हुईं। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर प्रत्येक माह प्रति शनिवार को होने वाले थाना व तहसील दिवस इस बार मंगलवार को हुआ। पिछले शनिवार व रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा होने के चलते तहसील समाधान दिवस का आयोजन मंगलवार मे किया गया जिसकी अध्यक्षता नव नियुक्त एस डी एम राजेश कुमार ने की। समाधान दिवस में राजस्व विभाग 13, पुलिस विभाग 10, विकास विभाग 02,नगर पंचायत 01, अन्य 02 शिकायते ही दर्ज हुई। जिसमें राजस्व विभाग के 4 शिकायती पत्रो का निस्तारण भी हुआ।

## राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी को किसानों ने सौंपा ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** अन्नदाता कहे जाने वाले किसान आए दिन किसी न किसी कारणों से परेशान रहते हैं जबकि शासन किसानों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाओं का शिलान्यास कर किसानों का समर्थन भी करती है जैसा की कस्बे में एमएसपी के विरोध में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिसमें तकरीबन हर वर्ग का किसान मौजूद रहा साथ ही किसानों ने ट्रैक्टर मार्च सिंगाही रोड से होते हुए पलिया रोड पर ग्राम सभा लुधौरी में स्थित गल्ला मंडी में समस्त किसान एकत्रित हुए व राष्ट्रपति महोदया को संबोधित करते

किसानों ने अपनी बात ज्ञापन द्वारा रखी साथ ही राष्ट्रपति महोदया को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंपा व एमएसपी के विरोध में निकाला ट्रैक्टर मार्च।

हुए उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंपा साथ ही अपने हक की बात रखी जिसमें उप जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया व सरकार द्वारा प्रत्येक योजनाओं व विभिन्न जानकारी का किसानों को सीधा लाभ मिले व किसानों का ट्रैक्टर मार्च देखते हुए क्षेत्र की पुलिस सजग रही साथ ही थाना पढुआ सिंगाही तिकुनिया व निघासन का पुलिस बल तैनात रहा एमएसपी के विरोध में निकाला गया ट्रैक्टर मार्च शांतिपूर्ण रहा पुलिस ने अराजक तत्वों पर रखी पैनी नजर।

## अबोध बालिका की नाले में गिरने से मौके पर हुई मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में डेढ साल की अबोध बालिका की नाला में गिर जाने की वजह से डूबकर मौत हो गई। दूध मुही बच्ची की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

बुधवार को सुरेश गुप्ता निवासी वार्ड नम्बर चार भेडौरा डेढ़ साल की अबोध बच्ची मानवी भेडौरा के बरम बाबा पूज्यनीय स्थल पर अपनी बहन हेमलता गुप्ता व पीहू गुप्ता के साथ खेल रही थी। बरम बाबा के स्थान के किनारे बने चिरकुवा सड़क पर जाने वाला नाला में बच्ची का पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरी नाला में सफाई के अभाव में पानी अधिक था। जिसमें डूब कर उसकी मौत हो गई। नाले में गिरते देख उसकी बहन दौड़ती हुई घर पहुंची और अपने मां-बाप को सारा वाकया सुनाया जब तक घर वाले आते तब तक बच्ची की डूब कर मौत हो चुकी थी बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जन अधिकार पार्टी ने कानपुर में कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार कानपुर में जे ए पी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अजीत प्रताप कुशवाहा, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश मौर्य ने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ इंडियन नेशनल कांग्रेस के तत्वावधान में चल रहे राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में लोगो को उनकी आबादी के अनुपात में जल-जंगल-ज़मीन, ठेका-पट्टा, सरकारी एवं प्राइवेट नौकरियों में हक़-हिस्सेदारी दिलानें एवं आपसी भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया । अजीत प्रताप कुशवाहा ने कहा कि देश की जनता के मौलिक अधिकारों की मजबूत आवाज आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में जिस तरह से जनता का








समर्थन मिल रहा। उससे यह तय है कि तानाशाही के जरिये सच्चाई को दबाया नही जा सकता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस की यह राहुल की न्याय यात्रा और बाबू सिंह कुशवाहा की संपूर्ण भागीदारी रथ यात्रा देश के किसानों को न्यनूतम समर्थन मूल्य के न्याय दिलाने की गारंटी की न्याय यात्रा है। उन्होने कहा कि बेरोजगारी और मंहगाई के साथ देश को कमजोर बनाने वाली ताकतों से संघर्ष भी इस इंडिया गठबंधन का प्रमुख उद्देश्य है। चौतरफा उमड़ें जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओ का जनसैलाब को देख गदगद राहुल गांधी ने कहा कि संपूर्ण भागीदारी रथ यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मूल मकसद एक ही है । जहाँ हम सब एक साथ मिलकर इस तानाशाही के खिलाफ लड़ सकते है। बीजेपी सरकार पर सीधे हमलावर होते हुए कहा कि मोदी के राज में देश कें पच्चासी प्रतिशत दलितों तथा पिछड़ों व आदिवासियों के गरीब तपके का हर कदम पर हक अधिकार छीना जा रहा है। देश का नवजवान डिग्री लेने के बावजूद बेरोजगारी की व्यथा से पीड़ति है। उन्होने कहा कि पच्चासी प्रतिशत पिछड़ें तथा दलित व आदिवासी को अधिकार न मिले इसलिए मोदी सरकार जातिगत गणना से भाग रही है। भाजपा के अंहकार तथा एजिन्सियों के दुरूपयोग सहित बेरोजगारी तथा मंहगाई से त्रस्त देश के लोगों का भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का भी पैगाम साबित होगा। न्याय यात्रा और संपूर्ण भागीदारी रथ यात्रा से हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिखाई लोटस टीएमटी मेडिकल बस को हरी झंडी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रामीण भारत में किसी भी समय और कहीं भी चिकित्सकीय सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से लोटस टीएमटी मेडिकल बस का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शुभारंभ किया गया। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान ने भारत की इस सबसे बड़ी हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा को लॉन्च किया है। 32 फीट लंबी लोटस टीएमटी मेडिकल बस बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड द्वारा प्रायोजित है और इसे आनंदलोक अस्पताल, कोलकाता द्वारा चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। यह विशेष रूप से दूरदराज, कठिन और पहुंच से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को सुविधाजनक बनाने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। इस रणनीति का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा को विशेष रूप से ग्रामीण, कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में रहने वाली आबादी के दरवाजे तक ले जाना है। पिछले 18 महीनों में इस मेडिकल बस ने लगभग 23 हजार किलोमीटर की यात्रा करते हुए 400 शिविरों में लगभग 56,000 मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई हैं। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में माननीय उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, धीरज ओझा जी पूर्व विधायक, अनुप सिंह समाजसेवी जरियारी, श्री सुमित भट्ट, बीडीजी समूह के निदेशक, श्री राजीव कुमार मिश्रा, संयोजक - बीडीजी आरजीएसएस, विजय सिंह एरिया मैनेजर बी.डी.जी.ग्रुप उत्तरप्रदेश और कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# लोकसभा चुनाव से पहले रालोद में बड़े बदलाव की तैयारी, जयंत चौधरी पदाधिकारियों से ले चुके हैं फीडबैक



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा गठबंधन में जाने की तैयारियों के साथ ही रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव से पहले जयंत पूरे संगठन की ओवरहॉलिंग करेंगे। इसके लिए वे लगातार पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। माना जा रहा है कि वे पार्टी में प्रमुख पद लेने के बाद भी निष्क्रिय चल रहे कई प्रमुख पदाधिकारियों को हटाएंगे।

बदले हालात और लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ ही रालोद में भी हलचल बढ़ी है। हाल के दिनों में जयंत ने पहले प्रदेश अध्यक्ष, फिर सभी नौ विधायकों, फिर प्रदेश कार्यकारिणी व राष्ट्रीय पदाधिकारियों, युवा विंग और प्रवक्ताओं की भी बैठक की है। इसमें उन्होंने जहां संगठन के लिहाज से फीडबैक लिया है। वहीं निष्क्रिय नेताओं व पदाधिकारियों की सूची भी मांग ली है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और काम करने और न करने वालों की ग्रेडिंग करने को कहा है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में बड़े फेरबदल की तैयारी है। जल्द ही इसके परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने इन बैठकों में पांच साल क्षेत्र में सक्रिय रहे नेताओं को ही टिकट देने की बात कही है। सूत्रों का कहना है कि इस बीच कुछ अन्य दल के राष्ट्रीय नेता भी रालोद के संपर्क में आए हैं, जिनको जल्द ही पार्टी ज्वाइन कराने की भी तैयारी है।

भाजपा के साथ गठबंधन के औपचारिक एलान के बाद पार्टी एक बड़ा कार्यक्रम भी करेगी। इसकी भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बारे में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली में लगातार बैठकें कर रहे हैं। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव को लेकर उत्साहित हैं। लोकसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक बदलाव होंगे। वहीं जल्द ही कुछ अन्य दलों के नेता भी रालोद में शामिल होंगे।

## 69000 शिक्षक भर्ती: आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल गांधी

**लखनऊ।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उन्नाव पहुंचने पर 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 शिक्षक अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को अपने पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि वह लगभग 2 साल से अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार उनकी बातों को नहीं सुन रही। अमरेंद्र पटेल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को बताया कि उक्त शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ व्यापक स्तर पर भेदभाव किया गया। आरक्षित वर्ग को नियमानुसार उनके पदों पर नियुक्ति की जानी चाहिए थी लेकिन नियुक्ति नहीं की गई। अमरेंद्र ने राहुल गाँधी से बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में भी अनियमितता की पुष्टी की गईं है।

# भाजपा उद्यमियों की सरकार, नरेश टिकैत ने किया बड़े आंदोलन का इशारा : राकेश टिकैत

लोकमित्र ब्यूरो

**मेरठ।** पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू टिकैत गुट आज ट्रैक्टर मार्च निकाल रहा है। विभिन्न जिलों में अलग-अलग रास्तों से किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर कलक्ट्रेट तक पहुंचे। मुजफ्फरनगर में ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान व कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां किसान धरने पर बैठे हैं। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत किसानों के बीच पहुंचे तो वहीं प्रवक्ता राकेश टिकैत ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर मेरठ कलक्ट्रेट पहुंचे और यहां धरने पर बैठे गए। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि एमएसपी और किसानों की अन्य समस्याओं का समाधान करने में सरकार नाकाम रही है। भाकियू अध्यक्ष ने ट्रैक्टर मार्च के बीच बड़े किसान आंदोलन की ओर इशारा किया है।



भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत या राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर मेरठ पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समर्थन में पूरे देश का किसान एकजुट है। हम किसानों के लिए कहीं भी जाने को तैयार हैं। कहा कि किसानों के लिए दिल्ली दूर नहीं है।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा किसानों की नही उद्यमियों की सरकार है। किसानों की सरकार होती तक अब से पहले एमएसपी पर गारंटी कानून बन चुका होता। उन्होंने यह बात जिलाधिकारी कार्यलय में भाकियू के ट्रेक्टर मार्च के बाद कलेक्ट्रेट में किसानों के धरने को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने दिल्ली जाने की बात पर कहा कि हमारे लिए यही दिल्ली है। भाकियू की ओर से सभी जिला मुख्यालय पर ट्रेक्टर मार्च के बाद ज्ञापन दिया जा रहा है, जिसमें एमएसपी समेत अन्य मुद्दों को शामिल किया गया है। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। उधर, मुजफ्फरनगर में भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत किसानों के बीच पहुंच गए हैं। यहां किसान कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी है। वहीं पीनना गांव में थांबेदार मित्रपाल सिंह के आवास पर जुटे खाप चौधरियों ने किसान आंदोलन का समर्थन किया। ट्रैक्टर मार्च को लेकर पुलिस सतर्क है। कई स्थानों पर पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास भी किया।

### भाकियू अध्यक्ष बोले-बड़े आंदोलन की करो तैयारी

मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने ट्रैक्टर मार्च के दौरान कलक्ट्रेट में धरना पदर्शन के बीच कहा की 26 फरवरी को किस सड़कों पर उतरकर किसान विरोध करेंगे। हरिद्वार से दिल्ली तक अपने अपने क्षेत्र में किसान ट्रैक्टर खड़े करेंगे। किसानों से आह्वान किया कि कहीं भी रास्ता जाम न करें। कार्यकर्ता जाम लगाने वालों पर भी निगाह रखेंगे। तैयारी करो आंदोलन बड़ा होगा।

# राहुल की सुरक्षा में चूक, ड्रोन से मचा हड़कंप...सुरक्षा दस्ते ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



लोकमित्र ब्यूरो

**कानपुर।** कानपुर के शुक्लागंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ करीब 11:00 बजे राहुल गांधी का काफिला उन्नाव शहर से गंगागाट के सहजनी तिराहा से मरहला चौराहा पहुंचा। यहां पर चंद सेकेंड के लिए राहुल का काफिला रुका और उन्होंने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

इस दौरान ड्रोन कैमरे पर राहुल की सुरक्षा में लगे सुरक्षा दस्ते की निगाह पड़ी। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। युवक को ड्रोन कैमरे सहित पुलिस ने पकड़ लिया है, जिससे पूछताछ की जाने की बात कही जा रही है। राहुल गांधी अपनी जीप से कहीं भी नहीं उतरे और अभिवादन करते हुए सीधे कानपुर की ओर निकल गए।

## भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन कार्यों में बच्चों के उपयोग को किया प्रतिबंधित

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बालश्रम कानून के तहत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, विधानसभा सामान्य निर्वाचन तथा उप निर्वाचन के समय निर्वाचन संबंधी कार्यों, प्रचार अभियानों व अन्य चुनावी गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देते हुए राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन मशीनरी को निर्वाचन संबंधी कार्यों व अन्य गतिविधियों में नाबालिग बच्चों के उपयोग न करने का निर्देश दिया है। आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे पोस्टरध्पैम्फ्लेट बांटने या नारेबाजी करने, प्रचार अभियान रैलियों व अन्य चुनावी गतिविधियों में तथा निर्वाचन की बैठकों आदि में भाग लेने सहित किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी अभियानों में बच्चों का उपयोग से बचना चाहिए।

# पटेल वोटरों को साधने के लिए सपा ने सुरेंद्र पर लगाया दांव, 'PDA' फार्मूले पर लड़ेंगे चुनाव

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** सपा ने पटेल वोटरों में सेंधमारी के लिए पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल को वाराणसी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इस लोकसभा क्षेत्र में करीब 19.39 लाख मतदाता हैं। इनमें तीन लाख मतदाता पटेल विरादरी के शामिल हैं। सुरेंद्र दूसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। 2014 के लोकसभा चुनाव में मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से पांच विधानसभा सीटें जुड़ी हैं। रोहनिया और सेवापुरी विधानसभा सीट पटेल बहुल मानी जाती है। सेवापुरी से भाजपा विधायक नीलरतन पटेल और रोहनिया से अपना दल एस के विधायक सुनील पटेल हैं। चुनावी रणनीतिकारों के मुताबिक, सुरेंद्र पटेल के लड़ने से पटेल वोट बैंक में बंटवारा संभव है। सेवापुरी और



रोहनिया में भी वोटों के विखराव की उम्मीद है। सुरेंद्र 2002 में गंगापुर विधानसभा (वर्तमान में सेवापुरी) से विधायक चुने गए थे। कुछ दिनों बाद बसपा में चले गए। 2007 में दोबारा गंगापुर से सपा के विधायक बने। 2012 में सेवापुरी से ही सपा के विधायक चुने गए और सपा सरकार में पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री बने। 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा ने पहली बार सुरेंद्र पटेल को मिर्जापुर से प्रत्याशी बनाया, लेकिन अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से चुनाव हार गए।

### ... तो लगती थी चाय की दुकान

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद अनुप्रिया पटेल ने रोहनिया विधानसभा की सीट छोड़ दी। यहां उपचुनाव हुआ तो सुरेंद्र पटेल के भाई महेंद्र पटेल विधायक बन गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुरेंद्र को सपा से टिकट मिलने की चर्चा थी, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन सपा ने पहले से घोषित प्रत्याशी शालिनी यादव की जगह बीएसफ से बर्खास्त जवान तेज बहादुर यादव को अपना प्रत्याशी घोषित कर नामांकन करवा दिया था। बाद में सपा शालिनी यादव को अपना सिंबल दिया और वह दूसरे नंबर पर रहीं। अब शालिनी यादव भाजपा में हैं। सपा नेताओं का कहना है कि सुरेंद्र पटेल जमीनी नेता हैं। एक जमाने में सुरेंद्र पटेल की राजातालाब में चकबंदी कार्यालय के बाहर चाय की दुकान लगती थी।

# पूर्व विधायक की बेटी साक्षी को ससुराल वालों से खतरा, साढ़े चार पहले किया था अंतरजातीय प्रेम विवाह

लोकमित्र ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में अतंरजातीय प्रेम विवाह करने वाली साक्षी ने अपने ससुराल वालों पर दहेज मांगने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। साक्षी बुधवार को अपने पति अजितेश के साथ शिकायत करने एसएसपी दफ्तर पहुंचीं। उन्होंने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

पूर्व विधायक की बेटी साक्षी ने जुलाई 2019 में अजितेश के साथ प्रेम विवाह किया था। उस वक्त उन्होंने अपनी जान को खतरा बताते हुए हाईकोर्ट जाकर सुरक्षा की मांग की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर दंपती की सुरक्षा में दो गनर लगाए गये थे। कुछ समय बाद अजितेश के गनर को वापस ले लिया गया, जबकि साक्षी की सुरक्षा में एक गनर तैनात है।

### दहेज में कार और 10 रुपये मांग रहे ससुराल वाले

वीर सावरकर नगर निवासी साक्षी ने बताया कि उसके ससुर, सौतेली सास, ननद, जेठानी, दादी सास दहेज में कार और 10 लाख रुपये की मांग करते हैं। ससुराल वाले कहते हैं कि हमने सोचा था कि विधायक की बेटी है तो आगे चलकर मोटा दहेज मिलेगा। जब दहेज नहीं मिला तो ससुराल वाले उसे घर से निकालने की कोशिश करने लगे। जेठ भी अभद्रता करता है। साक्षी ने कहा कि कुछ दिन पहले जब उनके सुरक्षाकर्मी खाना खाने गए थे तो ससुरालवालों ने कमरे में घुसकर उन्हें धमकी दी और शोर मचाने पर फरार हो गए। एसएसपी ने इज्जतनगर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साक्षी के संग उनके पति अजितेश भी शिकायत करने पहुंचे थे। दोनों ही ब्लॉग चला रहे हैं और यूट्यूब पर उनका अपना चैनल भी है।

# योगेंद्र तोमर ने दिया राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा, पूर्व सांसद सलीम शेरवानी के हैं करीबी

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगढ़।** स्वामी प्रसाद मौर्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के पार्टी छोड़ने के बाद सपा को एक और बड़ा झटका लगा है। सपा के राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र पाल सिंह तोमर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेज दिया है। उन्हें 28 जून 2023 को सपा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था।

अलीगढ़ के लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित जापान हाउस के पार्क व्यू अपार्टमेंट निवासी योगेंद्र पाल सिंह तोमर को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 28 जून 2023 को पार्टी में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी थी। 21 फरवरी को योगेंद्र पाल सिंह तोमर ने राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसका पत्र सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेज दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि कहा है कि अब तक की राजनीति पांच बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ ही की है। अब वह सपा से अलग हो गए, ऐसे में उनके लिए भी पार्टी के साथ रहने का कोई औचित्य नहीं हैं। पार्टी में अल्पसंख्यकों के साथ ही सामान्य और पिछड़े वर्ग की अनदेखी हो रही है।



बंदायू की गुन्नौर तहसील के मिठनपुर गांव के मूल निवासी योगेंद्र पाल सिंह तोमर पश्चिमी यूपी के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी हैं। वह पिछले काफी समय से समाजवादी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। 2014 में बंदायू लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र यादव को सांसद बनाने में उनकी अहम भूमिका बताई जाती है। सामान्य वर्ग के साथ ही पिछड़े और अल्पसंख्यकों में इनकी गहरी पैठ है। समाज सेवा के लिए भी अलग पहचान है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के सपा से त्याग पत्र देने के बाद इनके भी समाजवादी पार्टी छोड़ने की अटकले लगाईं जा रही थीं ।

योगेंद्र पाल सिंह तोमर ने पत्र में कहा कि पार्टी में मुसलमानों के साथ ही सामान्य और पिछड़े वर्ग उपेक्षा से परेशान होकर राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी की कर्मठता के बाद भी उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा गया। सपा की पीडीए नाम की राजनीति भी अब दिखावा लगती है। कई बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से क्षेत्रीय और ब्राह्मण हित में बात करने के प्रयास किए गए, मगर उन्होंने इस बात को सुनना ही पसंद नहीं किया। पार्टी में कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। इससे मन काफी आहत है।

## पिछड़े नगरीय निकायों में सीएम फेलोज तलाशेंगे प्रगति की संभावनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए सीएम अर्बन फेलोशिप योजना के अंतर्गत फेलोज का चयन हो चुका है। चयनित फेलोज जल्द ही अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पिछड़े नगरीय निकायों में भेजे जाएंगे। बता दें कि शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे, आर्थिक विकास, आजीविका के अवसरों में वृद्धि करते हुए पिछड़े नगरीय निकायों के सतत विकास के लिए सीएम अर्बन फेलोशिप योजना शुरू की गई है। सीएम फेलोज पद के लिए 01 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से मेरिट के आधार पर 446 आवेदकों का साक्षात्कार बीते 31 जनवरी को लिया गया, जिसमें से 100 सीएम फेलोज के चयन की कार्रवाई 12 फरवरी को पूरी की जा चुकी है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इन 100 सीएम फेलोज की ट्रेनिंग 23 फरवरी से शुरू होगी।

# कूड़े से होगी कमाई, साफ सुथरे होंगे यूपी के शहर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया है, जिससे शहरों की सूरत बदलने की उम्मीद को बल मिला है। इन परियोजनाओं की शुरुआत से कूड़ा भी कमाई का साधन बन जाएगा, जबकि प्रदेश के शहरी क्षेत्र साफ-सुथरे और स्वच्छ नजर आएंगे। नगर विकास विभाग के माध्यम से कई ऐसे प्रोजेक्ट्स को 19 फरवरी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी ने धरातल पर उतारा है। ये सभी प्रोजेक्ट्स वेस्ट टू एनर्जी, वेस्ट टू चारकोल, वेस्ट टू कोल, डोर -टू- डोर कलेक्शन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि नगर विकास विभाग ने जीबीसी के तहत कुल 28,421 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारा है। इसमें 6539 करोड़ के प्रोजेक्ट्स एमओयू के तहत, जबकि 21,882 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू के माध्यम से उतारे जा रहे हैं। नगर विकास की 24 परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि जीआईएस 2023 में नगर विकास विभाग द्वारा 176500 करोड़ की धनराशि के कुल 188 एमओयू किए गए थे। इनमें विभाग को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 50,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी के कर कमलों से और सीएम योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में 28,421 करोड़ रुपए की कुल 24 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इन परियोजनाओं में एमओयू और नॉन एमओयू वाले प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इन परियोजनाओं में अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी कई परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, जो उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इसके साथ ही सोलर रूपटॉप, ईवी और इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लेकर भी परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है, जिसके माध्यम से न सिर्फ प्रदेश का विकास होगा बल्कि अर्थव्यवस्था और रोजगार में भी वृद्धि होगी। साकार होगा स्वच्छ उत्तर प्रदेश का सपना नगर निवास विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व ही एनवीवीएन एनटीपीसी के साथ 10500 करोड़ रुपए की धनराशि का वेस्ट टू चारकोल प्लांट्स प्रदेश में अनेक जगह स्थापित किए जाने के लिए एमओयू किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस परियोजना का शुभारंभ हुआ है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के तहत ही एवर एनविरो द्वारा 6675 करोड़ रुपए की एक परियोजना का भी शुभारंभ हुआ है, जिसके तहत लखनऊ, गाजियाबाद, गोरखपुर, प्रयागराज और नोएडा में वेस्ट टू एनर्जी एवं बायोगैस की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही है।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री द्वारा 26 फरवरी को कड़कड़ मॉडल अंडरपास का किया जाएगा शिलान्यास

साहिबाबाद। गाजियाबाद और दिल्ली के बीच में आने वाले कड़कड़ मॉडल रेलवे फाटक से वाहन चालकों को होने वाली परेशानियों से जल्द राहत मिलने वाली है। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अंडरपास की नींव रखेंगे। इस दौरान रेल मंत्री समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कड़कड़ मॉडल रेलवे फाटक से रोजाना हजारों वाहन चालकों की दिल्ली–गाजियाबाद के लिए आवाजाही होती है। रेलवे फाटक बंद होने पर दोनों तरफ जाम की स्थिति बन जाती है जबकि फाटक से रोजाना सैकड़ों ट्रेन की आवाजाही होती है। एक ट्रेन के जाने के दौरान फाटक बंद होने से वाहन चालकों को 5 से 8 मिनट तक रुकना पड़ता है। स्थानीय निवासी अरुण तोमर ने बताया कि रेलवे फाटक के पास अंडरपास बनवाने के लिए रेलमंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की गई थी। अंडरपास बनने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। जिससे लोग अपने कार्यालय समय से पहुंचेंगे और जाम की स्थिति नहीं बनेगी। साहिबाबाद स्टेशन अधीक्षक वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इससे पहले रेलवे मंत्रालय की तरफ से आगामी दिनों में प्रेसवार्ता की जाएगी।

### वैरायटी शो में प्रतिभाग करने वाले एसीसी कांवेंट स्कूल के बच्चों को किया गया सम्मानित

एटा। असीसी कांवेंट स्कूल में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे एटा महोत्सव में हुए कार्यक्रम वैरायटी शो में प्रतिभाग करने वाले एसीसी कांवेंट स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर स्कूल की इंचार्ज सिस्टर जेसलेट ने बच्चों को पुरुस्कार और मेडल पहनाकर सम्मानित किया, साथ की कार्यक्रम के संयोजक एवम विधालय मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य अकरम खान ने सिस्टर जेस्लेट और सिस्टर एगना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर संयोजक अकरम खान ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगी कार्यक्रमों से बच्चों का शारीरिक , बौद्धिक विकास तो पैदा होता ही है साथ ही आगे बड़ने का उत्साह भी पैदा होता है, विधालय की इंचार्ज सिस्टर जेसलैट ने कहा कि बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेते रहना चाहिए जिससे वह पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अपने आपको विकसित कर सकें, इस अवसर पर टीचर साक्षी जैन, नंदिनी शर्मा, के अलावा प्रतिभाग करने वाले बच्चों में हर्ष शर्मा, उन्नति गुप्ता, हिफ्जा अमान, उत्कर्ष यादव, अगम शर्मा, सहित तमाम बच्चे मौजूद थे।

### अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा किया गया थाना नयागांव का निरीक्षण

एटा। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह द्वारा बुधवार को जनपद के थाना नयागांव का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा सलामी के उपरांत थाने का भ्रमण एंव निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में बने क्वार्टर, भोजनालय एवं बैरिकों आदि का भ्रमण किया गया, जिसमें भोजनालय के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं भोजन उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित की सराहना की। थाना परिसर में साफ–सफाई अच्छी पायी गयी। बैरिकों में साफ–सफाई पर और ध्यान देने के लिए कहा गया। थाना शस्त्रागार में उपलब्ध कारतूसों व खोखा कारतूसों का पुलिस लाइन जीपी लिस्ट से मिलान करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरांत थाना कार्यालय में समस्त पत्रावलियों एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। कार्यालय की साफ–सफाई एवं पूरे परिसर का रखरखाव उच्चकोटि का पाया गया। माला मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### गंगा की सहायक नदी अतरंजीखेड़ा के काली नदी घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में भारत सरकार की फ्लैगशिप नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा की सहायक नदी अतरंजीखेड़ा के काली नदी घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति व सामाजिक वानिकी प्रभाग एटा द्वारा नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जिले भर में 10 कार्यक्रम जन जागरूकता के उद्देश्य से जनपद के 10 स्कूलों में हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुन्दरेशा डीएफओ व विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार त्रिपाठी सीएमओ रहे, वहीं नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका रही। अतिथियों का स्वागत सरस्वती विद्या मन्दिर की बालिकाओं स्व पुष्प वर्षा करके किया, विद्या मंदिर के प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। आरती करने वालों से जनपद के सभी आगुंतक व श्रद्धालुओं का मस्तिष्क पर भस्म लगाकर सम्मानित किया गया। गंगा आरती के कार्यक्रम में सहायक वन संरक्षक, वन क्षेत्र अधिकारी, अलीगंज, जलेसर, सनोज कुमार पटेल जेआरएफ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), अधिशाषी अभियंता, विद्युत विभाग (ग्रामीण), सहायक अभियंता, लघु सिंचाई, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, भूमि सरंक्षक अधिकारी, जॉइंट बीडीओ मारहरा, ग्राम विकास अधिकारी, अचलपुर, ग्रामप्रधान राकेश कुमार उर्फ पप्पू राजेन्द्र सिंह प्रवक्ता, जिला पंचायत सदस्य आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दयानंद श्रीवास्तव ने किया।

### लापता छात्र हर्षित तीसरे दिन भी नहीं मिला तलाश में जुटी है पुलिस

अयोध्या। नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुरी के कौशलपुरम कॉलोनी निवासी लापता छात्र हर्षित तीसरे दिन बुधवार तक नहीं मिला। उसकी तलाश में जुटी पुलिस को वह कुछ स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज में दिखा है। यूनियन बैंक में प्रबंधक के पद पर तैनात संतोषबली पांडेय का पुत्र हर्षित पाण्डेय(15) कैंट थाना क्षेत्र स्थित कैंब्रियन स्कूल सहादतगंज में कक्षा नौ का छात्र है। वह सोमवार को परीक्षा देने के लिए स्कूल गया,लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार और रिश्तेदारों ने तलाश शुरू की। स्कूल जाकर पूछताछ की तो पता चला कि परीक्षा देकर वापस गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो वह दोपहर बाद अपने घर जाने के लिए ई–बस पर सवार होता दिखा, लेकिन घर नहीं पहुंचा था। खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर शिकायत पुलिस को दी गई थी। मामला दर्ज कर तलाश में जुटी कैंट पुलिस ने रामपथ पर स्थित विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है।

# डीएम की कड़ी चेतावनी, परीक्षा की शुचिता में विघ्न डालने वालों पर होगी कठोरतम कार्यवाही




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर डीएम नेहा शर्मा ने जिला पंचायत सभागार में जिले के 143 परीक्षा केन्द्रों को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, सचल दल के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि शासन व बोर्ड की मंशा के विपरीत किसी भी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक अथवा अन्य अधिकारी द्वारा गड़बड़ी करने की कोशिश की गई तो निश्चित ही एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि परीक्षाओं का माहौल खराब करने अथवा नकल कराने या पर्चा लीक कराने का जरा भी प्रयास कराने वाले किसी भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी, यदि उसमें विद्यालय प्रबंधन की संलिप्तता पाई गई तो परीक्षा केन्द्र को डिबार करने के साथ ही उसमें संलिप्त हर अधिकारी-कर्मचारी को कठोर दण्ड दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति स्ट्रांग रूम में मोबाइल कतई नहीं ले जाएगा। इसके अलावा डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेट्स को परीक्षा के निर्धारित समय व बिना स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति के कतई खोला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा में बाधा बनने की कोशिश करने वाले केन्द्र व्यवस्थापक सतर्क हो जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी 143 परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। किसी भी परीक्षार्थी या परीक्षा कक्ष निरीक्षक को मोबाइल लेकर जाने की अनुमति न दी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया है कि जनपद में हाईस्कूल के 27194 बालक एवं 24283 बालिका तथा इंटर मीडिएट के 21995 बालक एवं 18600 बालिकायें देंगी बोर्ड की परीक्षा। बोर्ड परीक्षा में जोनल मजिस्ट्रेट 04, सेक्टर मजिस्ट्रेट 20 तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट 143 लगाये गये हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यात्रियों एवं कर्मचारियों से सम्बंधित 17 सूत्रीय सुझाव पत्र महाप्रबन्धक/ मण्डल रेल प्रबन्धक को सौपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** पूर्वोत्तर रेल क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों से मिलकर उन्हें रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। जेडआरयूसीसी सदस्य एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया देवीपाटन मण्डल के रेल यात्रियों की सुविधा हेतु सरयू साकेत एक्सप्रेस जो मनकापुर से प्रयागराज एवं प्रयागराज से मनकापुर तक आती-जाती है, इस ट्रेन का विस्तार गोण्डा जंक्शन तक किया जाय। गोरखपुर से अयोध्या, लखनऊ तथा प्रयागराज तक आने-जाने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस का संचालन वाया गोण्डा जंक्शन से होकर किया जाये क्योंकि देवीपाटन मण्डल मुख्यालय होने के कारण इसका ठहराव भी गोण्डा जंक्शन पर आवश्यक है। बहराइच से वाराणसी एवं वाराणसी जंक्शन से बहराइच वाया गोण्डा तक आने जाने वाले इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शिवदयालगंज कटरा में करते हुए अविलम्ब संचालन शुरू किया जाये। गोण्डा से कानपुर तक वाया बाराबंकी लखनऊ मेमो/पैसन्जर ट्रेन का संचालन अविलम्ब शुरू कराया जाये, देवीपाटन मण्डल मुख्यालय गोण्डा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोण्डा तक एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाये, 12569/12570 इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव इटियाथोक, जरवल एवं बुढ़वल जंक्शन पर किया जाये, गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के नाम किया जाये, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु बाघ एक्सप्रेस एवं आम्रपाली एक्सप्रेस/ मेल का ठहराव गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन पर किया जाये।

## देह व्यापार में लिप्त तीन साल से अधिक समय से बिना वीजा पर रह रही विदेशी महिला गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन पुलिस ने भारत माता चौक पर एक बिल्डिंग के फ्लैट में चल रहे देह व्यापार पर छापे की कार्रवाई के दौरान किर्गिस्तान की मारिया फेडरोवा को पकड़ा है। वह 20 जुलाई 2020 से वीजा खत्म होने के बावजूद दिल्ली और शालीमार गार्डन में रह रही थी। पुलिस के साथ खुफिया विभाग और लोकल इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू कर दी है।

शालीमार गार्डन थाने में उपनिरीक्षक ने विदेशी अधिनियम के तहत नामजद मुकदमा कराया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मंगलवार सुबह टीम को एक फ्लैट में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो संचालिका और एक युवती के अलावा विदेशी महिला भी मिली। अधिकारियों को तुरंत उन पर शक हो गया। विदेशी महिला को तुरंत थाने लाकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम मारिया फेडरोवा पुत्री व्लादिमीर निवासी किर्गिस्तान बताया। टीम ने उनसे तत्काल पासपोर्ट और वीजा मांगा। पूछताछ में उन्होंने बताया कि पासपोर्ट की वैधता 9 अप्रैल 2024 तक है जो दिल्ली स्थित किराये के फ्लैट में रखा था जबकि भारत में घूमने के लिए उन्हें वीजा 24 जुलाई 2019 को 365 दिन के लिए जारी हुआ था जो 23 जुलाई 2020 को खत्म हो गया। टीम ने दोनों कागजात की प्रतिलिपि कब्जे में ले ली।

एसीपी के मुताबिक, पूछताछ में उन्होंने यह बताया कि वह शालीमार गार्डन में घूमने के लिए आई थी। अब खुफिया विभाग के अधिकारी उनके शालीमार गार्डन और दिल्ली में बिना वीजा के रहने के उद्देश्य का पता कर रहे हैं। मामले की जानकारी विदेश मंत्रालय और अन्य विभागों को भी दी गई है।

### किसानों के आंदोलन के आह्वान पर पुलिस सतर्क, एनएच-9 पर लगा जाम

**साहिबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आज 21 फरवरी को डीएम दफ्तर और एनडीए सांसदों के क्षेत्र में प्रदर्शन करने के एलान से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। मंगलवार को यूपीगेट और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 व दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस बीच हाईवे पर सुबह से दोपहर तक वाहनों के बीच जाम की स्थिति रही। दिनभर में अधिकारी किसान संगठनों की गतिविधियों की जानकारी लेने में जुटे रहे। वहीं, खुफिया विभाग और लोकल इंटेलिजेंस के अधिकारी किसान और उनके इलाकों पर नजर बनाए हुए हैं। यूपीगेट पर किसानों के आने की संभावना पर पिछले दस दिनों से दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बार्डर पर बैरिकेडिंग की हुई है। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े कुछ किसान यूपीगेट पहुंच गए। उन्हें पुलिस बल ने हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

## बीएड के छात्रों को बताए योग से निरोग रहने के गुर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय योग वेलनेस सेंटर गोंडा के तत्वाधान में एलबीएस पीजी कॉलेज के बी एड विभाग में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ रवीन्द्र कुमार पांडे द्वारा किया गया। शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया। साथ ही साथ उसके लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई।

योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, तिर्यक-ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य-नमस्कार आदि का अभ्यास करवाया। इसके साथ-साथ समस्त योग साधकों को उचित दिनचर्या,आहार- बिहार और षट्कर्म क्रिया की जानकारी भी दी गई। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रवीन्द्र कुमार पांडे ने बताया की योग के नियमित अभ्यास से आप सभी अपने तन मन को शुद्ध कर सकते हैं। आज के युग में मनुष्य सबको पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की दौड़ में इतने तनावग्रस्त हो जाते हैं कि अक्सर हजारों बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। इन बीमारियों से पीछा छुड़ाने के लिए दवा का सहारा न लेकर प्राकृतिक तरीका अपनाना ही बुद्धि संगत होता है।

इसी क्रम में डॉ चमन कौर ने कहा योग हमारे सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर के सभी अंग प्रत्यंग पूर्णरुप से बलिष्ठ व निरोगी हो जाते हैं। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने शिविर के अंत में कहा योग से हम सभी पूर्ण निरोगी, संस्कारवान, चरित्रवान, बलवान और महान बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि योग के द्वारा मानव को अतिरिक्त उर्जा की प्राप्ति होती है जो शिक्षा ग्रहण करने में मदद करती है। इसलिए आप सभी नियमित रूप से प्रत्येक दिन सुबह योग और दिन-भर कर्म योग जरूर करें।

### विद्यालय में हुआ आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**गोण्डा।** सोमवार को संत कबीर इंटर कॉलेज परसदा, बेलसर में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने सरस्वती मां के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। श्री तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा आप सभी को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अधिक अंक लाना है जिससे मेरिट लिस्ट में आपका और आपके विद्यालय का नाम दर्ज हो सके। साथ ही गणित विषय के अध्यापक अमरनाथ शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के के बोर्ड परीक्षा में भय मुक्त होकर संयम से हर प्रश्नों को हल करने को कहा व अंग्रेजी विषय के अध्यापक प्रशांत पांडे ने अच्छी राइटिंग बनाकर लिखने की बात दोहराई।विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए एक गीत गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया।

## महिला आत्मसुरक्षा और आयरन कैल्शियम एवं सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** युवा शक्ति एवं बरकत संस्था द्वारा ग्रीन वैली मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 128, नोएडा में महिला आत्मसुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य महिलाओ एवं लडकियों में आत्मविश्वास का निर्माण, आत्मरक्षा तकनीकें, कानूनी अधिकार, आपातकालीन प्रतिक्रिया आदि मुख्य रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना अध्यक्ष सेक्टर 126 सुबोध तोमर रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। मार्शल आर्ट मास्टर वीरेंदर सिंह द्वारा सिखाया गया कि वे कैसे खतरों को पहचान कर उनसे कैसे निपटा जा सकता हैं। कार्यशाला में महिला सुरक्षा के विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आयरन, कैल्शियम एवं सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण भी किया गया। यह वितरण उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था जो इन उत्पादों को खरीदने में सक्षम नहीं हैं। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी रहा। युवा शक्ति एवं बरकत संस्था महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था है। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। संस्था अध्यक्ष सीमा गुप्ता एवं सचिन गुप्ता, कमांडर नृप कुमार मेहता, सुरेश चंद शर्मा, विक्रम सेठी, रणपाल अवाना, प्रकाश कुबले, शिवानी, आकांशा, संतोष आदि सदस्य उपस्थिति रहे।

### कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा समेत 21 पर मकान कब्जाने का मुकदमा

**साहिबाबाद।** सूर्यनगर की पुष्पा शर्मा ने लिंकरोड थाने में कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा समेत 21 लोगों पर उनके मकान पर कब्जा करने और गार्ड को हथियार दिखाकर डराने-धमकाने का मुकदमा कराया है। उनका आरोप है कि डॉली और अपने बेटे को वह संपत्ति से बेदखल कर चुकी हैं, लेकिन अब कोर्ट के आदेश को नहीं माना जा रहा है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी पुत्रवधू और डॉली शर्मा सूर्यनगर में मकान पर कब्जा करना चाहती है। वह कुछ दिनों पहले कब्जा करने की धमकी देकर गई थीं। 9 फरवरी की रात साढ़े आठ बजे 15-20 लोगों को लेकर घर पहुंचीं और गार्ड को हथियार दिखाकर डरा-धमका दिया। उसके बाद चाबी छीनकर गन प्वाइंट पर मकान में घुस गईं। आरोप है कि उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कोर्ट में वाद दायर किया था। अब उनका दावा है कि कोर्ट ने पुत्रवधू को मकान में हस्तक्षेप करने से रोका है बावजूद इसके आदेश नहीं माना जा रहा है।

## विश्व भाषा दिन पर अंग्रेजी निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** विश्व भाषा दिन के अवसर पर नोएडा लोक मंच द्वारा अंतर्विद्यालय अंग्रेज़ी निबन्ध तथा भाषण प्रतियोगिता जिसका उद्देश्य बच्चों में अंग्रेज़ी विषय के प्रति हिचक व डर को समाप्त करना तथा बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखार कर मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में 15 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। हर स्कूल से 4-4 बच्चों ने लिखित परीक्षा दी जिसमें 21/02/24 को 17 बच्चों की भाषण प्रतियोगिता, जिस्में भाषण के विषय निम्नलिखित थे, सोशल मीडिया, समय का मूल्य, अंग्रेजी का महत्व ये संस्कार केंद्र स्कूल गढ़ी में हुआ जिस्में श्रीमती रचना यादव, श्रीमती गिरजा सिंह, श्रीमती रैना शाहमीरी जज थे। प्रतियोगिता में आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान संस्कार केंद्र की राखी ने और तीसरा स्थान आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के पुष्पा और एक संस्कार केंद्र स्कूल होशियापुर की राखी झा ने प्राप्त किया। साथ ही दो बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए। नोएडा लोक मंच की तरफ से श्रीमती लीका सक्सैना, श्रीमती राजेश्वरी त्यागराजन, श्रीमती विभा बंसल, जुवेल जॉन थथा साक्षर हम फाउंडेशन की तरफ से श्रीमती पूजा चावला, श्रीमती ऋचा श्रीवास्था आधी प्रस्थुथ थे। सभी स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावको ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक मण्डल ने बच्चों के आत्मविश्वास तथा अंग्रेज़ी के सही उच्चारण की प्रशंसा की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में रूपये मांगने का आरोप, योजना पर क्यों उठ रहे सवाल?

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** जनपद के विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के गांव मरकामउ में प्रधानमंत्री आवास योजना में धन उगाही के मामले थमते नजर नहीं आ रहे हैं। आए दिन चर्चा में ग्राम पंचायत अधिकारियों से लेकर प्रधानों पर सूची में शामिल लाभार्थियों की ओर से उगाही के आरोप लगते चले आ रहे हैं। वहीं मामले से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिलाओं ने सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी पर धनउगाही के आरोप लगाए हैं। हालांकि आपका अपना अखबार लोकमित्र इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी शिकायतकर्ता क व ख नाम ग्राम मरकामऊ, विकास खण्ड व तहसील सिरौलीगौसपुर, जनपद बाराबंकी की निवासिनी है। सभी एक गरीब महीला व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन द्वारा आवास



मिला है तथा आवास बनवाने हेतु अभी तक मु0-1,10,000/- रूपये मिले भी है। यद्यपि आवास का मात्र प्लास्टर नही हुआ था तो ग्राम प्रधान से कहा कि हमारे आवास की बाकी किस्त दिलाओ तो प्लास्टर करवायें जिस पर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सेक्रेटरी द्वारा उनसे कहा कि तुम अपने आवास का प्लास्टर करवाओ मजदूरी और प्लास्टर कर रूपया तुम्हारे खाते में आ जायेगा। समयान्तराल किसी तरह रूपयों की व्यवस्था करके अपने आवास का प्लास्टर करवा लिया है फिर बाकी शेष धनराशि के लिए ग्राम प्रधान से कहा तो उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सेक्रेटरी से मिलो वहीं तुम्हारे खाते में रूपये लगवायेंगे , उपरांत ग्राम पंचायत सेक्रेटरी से मिली तो उन्होंने कहा कि पहले 30,000/- रूपये की व्यवस्था करके हमे दो तब हम तुम्हारे खाते में शेष बकाया धनराशि की किस्त लगवा दे । ये बिडम्बना ही हैं एक ओर गांव के ऐसे सबसे गरीब लोग, जिनके पास रहने की छत न हो। छप्पर में परिवार रह रहा हो। उनको शासन की ओर से निःशुल्क प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। सवाल उठेगें ! उपरोक्त प्रकरण पर गम्भीरता पूर्वक शासन संज्ञान ले। आरोप ! भी जांच का विषय तथा आवास की बकाया धनराशि अवश्य मिले।

## खबर का असर: आमजनमानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** आज के समय में बिना समाचार पत्र के जीवन की कल्पना करना भी काफी कठिन है। यह वो पहली और आवश्यक वस्तु है, जिसे सभी हर सुबह सबसे पहले देखते हैं। यह हमें पूरे विश्व में हो रही घटनाओं के बारे में जानकारी देकर वर्तमान समय से जुड़े रखने में हमारी मदद करता है। समाचार हमारे ज्ञान कौशल और तकनीकी जागरूकता को बढ़ाने में भी हमारी सहायता करता है। तकनीक जागरूकता के साथ जन समस्यात्मक समाचार प्रकाशित पर लोगों समस्या उपरांत खुशी जरूर होती है । जी, हां ! एक समास्यात्मक समाचार राजधानी समाचार पत्र 'लोकमित्र' में जिले की नगरपालिका क्षेत्र में शहर की मुख्य सड़क से विकास भवन तक मात्र 1.3 किमी0 की पर पड़ी बजड़ी लोगो को चोटिल होने की दावत दे रही , यदि उधर आ या जा रहे हो तो भारी वाहन या तेज रफ्तार वाहन से कंकड़ी या बजड़ी के छिटकने पर पैदल हो तो कूदने के सिवा कोई भी उपाय नहीं बचता था । इसी संदर्भ पर 'लोकमित्र' समाचार पत्र ने बीते 19 फरवरी 24 को " सड़क पर पड़ी बजड़ी से शहरवासियों तथा वाहन चालकों को दिक्कतें" शीर्षक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। कार्य निरीक्षण तथा कार्यशैली पर उठ रहे थे , आवागमन में जनता अपने को सुरक्षित नहीं समझ पा रही थी। प्रशासन ने संज्ञान लिया मरम्मत कार्य प्रारम्भ हुआ । 'लोकमित्र' समाचार पत्र द्वारा इस समस्या को प्रमुखता के साथ उजागर करने पर शहरवासियों ने राहत की सांस ली और सम्मानित समाचार पत्र , प्रशासन को कोटिशः धन्यवाद दिया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा एटा से हाथरस मे पहुँचे कार्यकर्ता धर्मेंद्र लोधी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिला कांग्रेस कार्यालय धान मील वाली गली एटा पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर आवश्यक बैठक मे धर्मेंद्र लोधी जी प्रदेश सचिव प्रभारी एटा ने कहा की 25 फरबरी को हाथरस मे सुबह 9 बजे तक एटा पूर्व सांसद, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी,पूर्व ब्लाक प्रमुख, AICC, पीसीसी, सभासद, पूर्व सभासद, जनपद के सभी प्रदेश, जिला, शहर, ब्लाक,नगर कांग्रेस कमेटी, सेवा दल,महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस, NSUI, शोशल मीडिया, सैनिक प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक विभाग, अनुसूचित जाति विभाग, पिछड़ा वर्ग, राजीव गांधी पंचायती राज संघठन एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण अपने अपने वाहन से पहुँचे। और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाये। बैठक मे बुधवार को एटा ताज़ होटल के मालिक अवरार मिया और जातिन मिश्रा,कांग्रेस पार्टी मे शामिल हुये । धर्मेंद्र लोधी जी प्रदेश सचिव एटा प्रभारी, गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष,ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने फुल माला एवं कांग्रेसी पटका पहना कर स्वागत किया।




इस अवसर पर रामकुमार सक्सेना पीसीसी, मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट पीसीसी, गुंज्जन मिश्रा पीसीसी,नीलमा राज पीसीसी,नैना शर्मा पीसीसी, आशिफ अली पीसीसी, अरुणेश गुप्ता, प्रवेश राजपूत, एकेश लोधी, सुभाष सागर एडवोकेट, हर्ष वर्धन बौद्ध, मुकेश बघेल, भरत सिंह बर्मा, जीतेन्द्र राना, ओमबीर सिंह राजपूत,जीतेन्द्र सिंह, आमिर अली, सुनील गौतम, चंडकान्त गांधी, संजीव गुप्ता, सुखबीर सिंह यादव,ओमप्रकाश सिंह तोमर आदि।

# श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का सीएम ने किया उद्घाटन

## - अपने पुरातन स्वरुप में जल्द ही स्थापित होगा नैमिषारण्य मुख्यमंत्री




**विमल मिश्रा**

**सीतापुर ।** नैमिषारण्य स्कंद आश्रम भवन आयोजित जगन्माता राजराजेश्वरी की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा व चितशक्ति द्वार के उद्घाटन महोत्सव में पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चितशक्ति द्वार (प्रमुख द्वार) का उद्घाटन किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे। बताते चलें कि मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाकर स्वागत किया। मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह का भी स्वागत किया गया। वहीं मुख्यमंत्री योगी व मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह को आश्रम का साहित्य भेंट किया मंच पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वही नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के बिना जीवन शून्य है। उत्तर प्रदेश की भूमि धर्म भूमि है। तोमर ने कहा अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, काशी विश्वनाथ मंदिर, गोरक्ष पीठ से सभी इसका प्रमाण है। जब लोकतंत्र में धर्म परायण हो जाता है। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य वैसे भी विश्व विख्यात है। इसमें मां जगदंबा राजराजेश्वरी का जुड़ना होना और भी अच्छा है। तोमर ने कहा भगवान संतों को अपने अंशावतार के रूप में भेजते हैं। राजा जनक से लेकर अनेक राज योगी हुए हैं। मुस्लिमो ने जितने मंदिर तोड़े थे अहिल्याबाई ने बनवाए। काशी का विश्वनाथ मंदिर का निर्माण कराया।शिव शक्ति द्वार 60 प्रतिशत कार्य हो गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा। जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगो की नकारात्मक देखने को मिली लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। नैमिषारण्य को तीर्थ स्तर पर स्थापित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ जब कोई जाता था तो संकरी गालियां मिलती थी लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भव्य काशी के रूप में विराजमान है। अयोध्या राम मंदिर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि न्यायालय के फैसले पर जिस तरह से भारत के नागरिकों ने शांति का परिचय दिया है वह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है। समाज और सरकार जब देश का विकास करती है तो देश की सूरत बदल जाती है। नैमिषारण्य की महिमा अपरंपार है। सभी धार्मिक ग्रंथों ने इस पावन तीर्थ की महिमा का गान किया है। तीरथ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिद्धि गाथा... संत तुलसीदास ने सबसे विख्यात ग्रंथ रामचरित मानस में भी नैमिषारण्य की महिमा का ज्ञान किया है। भगवान वेदव्यास के सानिध्य में हजारों ऋषियों ने यहां साधना की थी। 88 हजार ऋषियों ने इस क्षेत्र में साधना कर भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था। देवासुर संग्राम में महर्षि दधीचि ने यहीं अस्थि दान किया था। सती के जिह्वा का भाग ललिता देवी के रूप में इसी स्थल पर गिरा था। शक्तिपीठ में ललिता देवी का पावन धाम व चक्रतीर्थ यहीं पर है। इस कड़ी को जोड़ते हुए संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने राजराजेश्वरी मंदिर व आश्रम की स्थापना कर नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य किया है।

सीएम ने कहा कि देश, समाज व लोक की व्यवस्था को लोककल्याण के पथ पर उन्मुख करने के लिए जिस देवी का अनुष्ठान करते हैं, वह जगदंबा राजराजेश्वरी है। जो सबको नियंत्रित कर सन्मार्ग पर ले चलने की प्रेरणा प्रदान करती है। नैमिष तीर्थ के महात्म्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इसे तीर्थ के रूप में विकसित करने की कार्रवाई चल रही है।

## भारत के विरासत को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ने प्रारंभ किया अद्भुत कार्य

सीएम योगी ने कहा कि भारत की विरासत को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में प्रारंभ हुए कार्य अद्भुत हैं। काशी में काशी विश्वनाथ का भव्य स्वरूप दिया गया है। महाकाल में महालोक का भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा। केदारपुरी व बद्रीनाथ धाम में पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है। अयोध्या में पांच सदी के बाद कोटि-कोटि सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को संबल प्रदान हुआ है। भगवान राम की मर्यादा का पालन करते हुए न्यायालय के फैसले का पालन करते हुए भारतवासियों ने जिस संयम का परिचय दिया, वह दुनिया के लिए अनोखा उदाहरण है। दर्जनों पीढ़ियां, जिनके मन में अभिलाषा थी कि हम भी रामलला को विराजमान होता देखेंगे, अधूरी आशा के साथ वे साकेत धाम में चले गए। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने रामलला को अयोध्या धाम में फिर से विराजमान होते देखा है। हम भी धार्मिक आयोजनों के साथ समाज निर्माण, लोक कल्याण के लिए कार्य करें। सरकार व समाज मिलकर आगे बढ़ते हैं तो विकास कई गुना तेज हो जाता है।

## हजारों नौजवानों को मिलेगा रोजगार

सीएम ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव को प्राप्त हो। इसका स्वरूप उसी रूप में फिर से प्राप्त हो सके, वह धर्म के साथ अर्थ के हित में भी है। यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार की सुविधाएं प्राप्त होंगी। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गया तो मैंने व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है। अच्छे कार्य से समाज का हर तबका लाभान्वित होता है।

## लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य जाति, पंथ-वेशभूषा, खानपान से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचें। देश हमारे लिए पहले है। मेरी साधना व वैभव देश हित में लगे, जिस दिन हर भारतवासी इस भाव से कार्य करना प्रारंभ कर देगा, भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित होने से कोई रोक नहीं सकता। लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं। इन दोनों को अलग नहीं किया जा सकता।

### इनकी रहीं मौजूदगी

मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी विचार रखे। इस दौरान संत स्वामी सनमुखानंद पुरी महराज, अयोध्या से आए जगदगुरु रामानुजाचार्य सुग्रीव किलाधीश विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी, कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास जी, स्वामी विद्या चैतन्य जी महराज, सांसद अशोक रावत, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, विधायक रामकृष्ण भार्गव, मनीष रावत, निर्मल कुमार वर्मा, ज्ञान तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री रामपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विश्व मानवता को बचाना होगा तो सनातन धर्म को बचाना होगा

सीएम योगी ने कहा कि धार्मिक आयोजन सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। शास्त्र कहता है कि धर्म से हीन व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म शाश्वत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से हम लोग अनुशासन, कर्तव्य व सदाचार का पाठ पढ़ते हैं। इनसे जुड़े नैतिक मूल्य का समन्वय ही वास्तव में धर्म है। पंथ-संप्रदाय, उपासना विधियां आएंगी-जाएंगी, लेकिन धर्म हमेशा शाश्वत रहता है। सनातन धर्म इस सृष्टि व मानवता का धर्म है। जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सनातन धर्म पर खतरा आएगा तो विश्व मानवता पर खतरा आएगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। यह ऋषि-मुनियों की साधना है। संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने नर्मदा नदी के तट पर कई वर्षों तक साधना की। उस साधना का प्रसाद सिद्धि के रूप में राजराजेश्वरी आश्रम व मंदिर के रूप में देखने को मिल रहा है। नैमिष क्षेत्र में नई कड़ी और नई मणि जुड़ने जा रही है।

# टैक्टर ट्राली के नीचे दबकर मौके पर दर्दनाक बालक की मौत

**इमलिया सुल्तानपुर,सीतापुर।** थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली मासूम बेटे की मौत,मां भी हुई घायल वहीं बाइक चालक भी हुआ जख्मी।मिली जानकारी के अनुसार इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बसेती गांव निवासी तरन्नुम पत्नी मोईन व उनका मासूम बेटा कासिब उम्र डेढ़ वर्ष के साथ अपनी एच एफ डीलक्स यू पी 34 ए एफ 0145 बाइक पर सवार होकर अपने मायके नेवादा लहरपुर काजीकमालपुर की तरफ जा रहीं थी। वहीं इसी गांव से सबील पुत्र सकील ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर टिकरा बेंचने जा रहा था। तभी बसेती गांव के बाहर ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिससे तरन्नुम की गोद मे बैठा मासूम ट्राली के पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं तरन्नुम व बाइक चालक को भी चोटें आई हैं। सूचना पाकर इमलिया पुलिस व पीआरवी 112 मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व चालक को अपने कब्जे में ले लिया और पूछताछ हो रही हैं प्रार्थना पत्र मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्रीय किसानों ने रोड जाम कर किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** मछरेहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गतग्वाली पुल के पास क्षेत्रीय किसानों ने रोड को जाम कर दिया यह मामला उस समय हुआ जब प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ नैमिष में आ रहे थे मछरेहटा पुलिस के काफी मानने के बावजूद भी किसान लगभग 2 घंटे तक रोड जाम किया रहे क्षेत्रीय किसानों का कहना था कि नैमिष क्षेत्र से जो जानवर आए हैं उन्हें वहीं छोड़ जाए किसानों का कहना है कि हमारे यहां जानवर पहले से ही इतनी बड़ी संख्या में हैं कि रात-रात जाग कर अपनी फसलों की सुरक्षा करते हैं यह जानवर अगर हमारे यहां छोड जाएंगे तो हम लोग क्या करेंगे मछरेहटा थाना अध्यक्ष पूजा यादव अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंची साथ में पीएसी के जवान भी आए उन्होंने ग्रामीणों को शांत कर करीब 2 घंटे बाद जाम को खुलवाया जासका।

## गांव के दबंगो ने छीनी इक्कीस हजार की नगदी

**मिश्रित,सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवथान निवासी अनुज पुत्र राजकुमार ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है । कि वह बीते दिवस 1 बजे के लग भग बैंक से 21000 रुपए की धनराशि निकाल कर अपने घर जा रहा था । तभी गांव के ही निवासी राकेश , राजेश ,रोहित मोहित , आदि पहले से घात लगाए गांव के बाहर कुछ दूरी पर बैठे थे । उन्होंने पीड़ित को रोक लिया और लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा । और सोने की चैन व दो अंगूठी तथा 21000 रुपए की नगदी छीन ली । कार्यवाही करने पर जान माल की धमकी देकर चले गए । पीड़ित ने मांमले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का माइनर में मिला शव

**लहरपुर,सीतापुर।** कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम पिपरी मजरा कंजा शरीफपुर के निकट से गुजरी तेंदुआ माइनर नहर से संदिग्ध परिस्थितियों में 37 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरी मजरा कंजा शरीफ पुर निवासी नारायण पुत्र सत्रोहन 37 वर्ष का शव बुधवार सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने गांव के करीब से होकर गुजरी तेंदुआ माइनर नहर में पड़े हुए देखकर परिजनों को सूचना दी, परिजनों ने घटना की सूचना तालगांव पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। ज्ञातव्य है कि मृतक मंगलवार रात अपने घर से खेत में सरसो की कटी पड़ी फसल को देखने निकला था और लौट कर वापस घर नही पहुंचा। कोतवाली प्रभारी तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, कोई भी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है, पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## नैमिष से पकड़ कर लाए गए गौ वंशों को ग्वाली पुल के जंगल में छोड़ने का कर रहे थे प्रयास

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिश्रित ,सीतापुर।** 88 हजार ऋषि मुनियों की पावन तपो भूमि नैमिषारण्य में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा अपनी नाकामी छुपाने के उद्देश्य से नैमिषारण्य से लग भग 8 ट्रालियों में 800 गौवंशीय पशुओं को भरकर मछरेहटा क्षेत्र के कल्ली चौराहा से मछरेहटा जाने वाले मार्ग पर बीच में पड़ने वाले ग्वाली पुल के पास स्थित जंगल में छोड़ने का प्रयास किया जा रहा था । परंतु वहां के गांव ग्वाली , उचौली , ग्रंट आदि के किसानों ने गौवंशो को वहां छोड़ने का विरोध करते हुए कल्ली चौराहा से मछरेहटा से जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया । सूचना पर थाना मछरेहटा के एसआई रामनरायण के साथ कई पुलिस कर्मियों ने मौके पर आकर किसानों को समझाने का प्रयास किया । परंतु किसानो ने बिरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि इन गौ वंशो को जहां से पकड़ कर लाया गया है । वहीं इनको छोड़ा जाय । हम लोग इनको अपने गांवो में छोड़ने नही देगें । इन किसानों का कहना है । कि यहां पर पहले से सैकड़ो गौ वंश हमारी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं । और इन 8 सौ गौ वंशो से हमारी फसलों की सुरक्षा कौन करेगा । इस बात को लेकर पुलिस और किसानों के बीच काफी नोक झोंक भी हुई परन्तु किसानों ने ग्वाली जंगल में गौ वंशो को छोड़ने नही दिया । जिससे मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने कुछ गौ वंशो को ग्वाली के पसु आश्रय स्थल में संरक्षित कर दिया । और अन्य गौ वंशो को लेकर नैमिष वापस चले गए । तब किसानों का बिरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ ।

## न्यायालय के आदेश को न मानते हुए शुरू किया निर्माण कार्य

**सीतापुर।** थाना कोतवाली महोली क्षेत्र के ग्राम नौगवां मुसब्बर पुर में दबंगों द्वारा दबंगई के बल पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया इन दबंगों को योगी सरकार का कोई भी भय नहीं है जबकि न्यायालय में केस विचाराधीन चल रहा है कोर्ट के भी आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया जब दबंग ओम प्रकाश ने निर्माण कार्य बलपूर्वक शुरू कर दिया जिसकी सूचना 112 नंबर हेल्फ लाइन को दी गई 112 नंबर मौके पर पहुँच कर निर्माण कार्य रुकवा दिया 112 नंबर जाने के तुरंत बाद निर्माण फिर से शुरू कर दिया गया जिसकी सूचना दोबारा हेल्फ लाइन नम्बर पर दी गई पुलिस दोबारा आकर सख्त हिदायत देते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया नौगवां मुसब्बरपुर निवासी प्रेम प्रकाश पुत्र राजाराम ने एक लिखित शिकायत पत्र महोली कोतवाल उमाकान्त शुक्ला को देकर बताया कि विवादित जगह पर ओम प्रकाश, कैलाश, राम खेलावन, शिव कुमार पुत्रगण राजाराम, दयाशंकर, अनुज, अंकित, विपिन पुत्रगण ओमप्रकाश द्वारा विवादित जगह पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया है दबंगों द्वारा जबरन निर्माण कार्य की सूचना 112 नम्बर हेल्पलाइन पर दी गई थी 112 नम्बर पुलिस द्वारा विवादित जमीन पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था परन्तु पुलिस के वापस जाने के बाद पुन~ दबंगों द्वारा फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया दबंगों ने देशीराईफल तथा कांता भाली द्वारा मार डालने की धमकी दी जाने लगी और कहा कि कब तक पुलिस तुम्हारी रक्षा करेगी जबकि वादी स्वयं व एक पुत्र के साथ अकेला गाँव पर रहता है और बाकी पुत्र बाहर रह कर जीवन यापन करते हैं

# आदर्श नगर पालिका परिषद के सभासदों ने उपजिलाअधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद ,सीतापुर।** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद आदर्श नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के सभासदों ने निष्पक्ष जांच कराए जाने को लेकर उप जिलाधिकारी महमूदाबाद को ज्ञापन सौंपा। महमूदाबाद के वार्ड बीबीपुर मैं सफाई कर्मी संतोष की तैनाती है सफाई कर्मी द्वारा साफ सफाई सुचारू रूप से नहीं की जा रही थी इसकी शिकायते वार्ड के नागरिकों द्वारा वार्ड के सभासद से की गई जिस वार्ड के सभासद मोहम्मद इस्लाम में दिनांक 19 2 2024 को सफाई कर्मी संतोष से वार्ड वासियों द्वारा की गई मौखिक शिकायतों से अवगत कराते हुए वार्ड की सफाई ठीक तरह से करने की बात कहा। बस इसी बात पर सफाई कर्मी ने उत्तेजित होकर सफाई कार्य करने से इनकार कर दिया और अपने अन्य साथियों से निराधार आरोप वार्ड के सभासद मोहम्मद इस्लाम पर अपने साथ दुर्व्यवहार किए जाने का झूठा आरोप लगा दिया जिसकी वजह से समस्त सफाई मुरादी वाल्मीकि ,रामू ,चिंटू ,रोशन, पप्पू, शिवा व राजेंद्र आदि सफाई कर्मियों ने सभासद मोहम्मद इस्लाम पर झूठा अभियोग थाना कोतवाली महमूदाबाद में हरिजन एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत कर दिया। बोर्ड की बैठक में जो दिनांक 15.2.2024 को नगर पालिका कार्यालय में हुई थी उसमें सभी वार्डो के सभासद के द्वारा नगर क्षेत्र में सफाई कार्य संतोषजनक न होने तथा सफाई कर्मियों द्वारा नागरिकों व सभासदों से अनुचित व्यवहार किए जाने का मुद्दा उठाया था इसी कारण समस्त सभासद से सफाई कर्मी का सुपरवाइजर व अन्य सफाई कर्मी रंजिश मानने लगे और उसी के वशीभूत होकर बीबीपुर वार्ड के सभासद पर झूठा मुकदमा लिखा दिया गया इसके पूर्व भी सफाई कर्मियों द्वारा अपनी जाति का अनुचित लाभ उठाते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष तथा पूर्व में अध्यक्ष के प्रतिनिधि पर भी निराधार मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है एक और जहां पर सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान बताया जा रहा है वहीं दूसरी ओर न्यायालय महमूदाबाद के सभी वार्ड गंदगी से ओत प्रोत हैं नालियों में मल भरा पड़ा है जिसकी जांच स्वयं श्रीमान जी करें अन्यथा सक्षम अधिकारी से जाच कराये तो सच्चाई स्वत ही स्पष्ट हो जाएगी संपूर्ण नगर वासी की नालियों में मलवा गंदगी से परेशान हो रहे है और यदि सफाई कर्मियों से सफाई सही ढंग से करने की बात की जाए तो वह झूठा मुकदमा दर्ज करने की और हड़ताल कर देने की धमकी देने लगते हैं ऐसी स्थिति में नगर के सभासदों में जहां भयव्याप्त है वही यह नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण करवाने असहज है ऐसी स्थिति में सिर्फ एक ही सभासदों के पास विकल्प है कि यदि कोई सभासद नागरिको की समस्याओं को हल किए जाने की बात ही ना करें और त्यागपत्र देकर घरों में बैठ जाएं।ऐसी स्थिति से स्पष्ट हो रहा है की जो 19. 2 .2024 को हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराकर बीबीपुर वार्ड के सभासद मोहम्मद इस्लाम पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को समाप्त किया जाए और सभासदों का मान सम्मान बनाए रखने हेतु न्याय उचित कार्यवाही की जाए।इस मौके पर सभासद सुनील कुमार मौर्या,प्रेम चंद्र,नूरजहाँ,कमर अली,शन्नो,रिजवाना सहित कई अन्य सभासद मौजूद रहे।

## लाइन हाजिर किए गए एस आई मणिकांत श्रीवास्तव ,मुकदमा हुआ पंजीकृत

### बजरंग दल के कार्यकर्ता को न्याय दिलाने में सीतापुर पुलिस ने उठाया ठोस कदम

**तंम्बौर,सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के थाना क्षेत्र तंबौर का पूरा मामला है जहां से इस वक्त की बड़ी खबर जहां पर बजरंग दल बलोउपासना प्रमुख लक्ष्मण पाल बजरंगी जी को ह्य.द्व मणिकांत श्रीवास्तव थाना तंबौर के द्वारा रात्रि 1,45 मिनट पर घर उठा लिया जाता है और थाने ले जाकर बहुत ही बेरहमी मारने पीटने का मामला प्रकाश में आया था जिसको लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त था तो वहीं विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल प्रखंड सह संयोजक सीनू मिश्रा बजरंगी व पीड़ित लक्ष्मण पाल बजरंगी के द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया जिसमें सीनू मिश्रा बजरंगी के द्वारा यह बताया गया था कि अभी कुछ ही देर में हम शभी बजरंग दल के कार्यकर्ता डीएम सीतापुर के पास पहुंच रहे हैं जहां पर डीएम साहब को पूरा प्रकरण बताएंगे यदि डीएम सीतापुर को द्वारा संवैधानिक कार्यवाही नहीं होती है तो विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल आंदोलन करने पर बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी सासन प्रशासन की होगी जिसको लेकर थानाध्यक्ष तंबौर व जिले आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता लेते हुए एस आई मणिकांत श्रीवास्तव के ऊपर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए लाइन हाजिर कर दिया है जिसके बाद विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के शभी कार्यकर्ता संतुष्ट हुए इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक सीनू मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाकियू टिकैत ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**पिसावां ,सीतापुर।** पंजाब और हरियाणा के बार्डरों पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के ऐलान के बाद आज कई प्रदेशों में ट्रैक्टर मार्च कर ज्ञापन दिया जाना है उसी क्रम में आज संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री श्यामू शुक्ला के नेतृत्व में मंडल प्रवक्ता हरिहर मास्टर की अगुवाई में सीतापुर हरदोई बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च शुरू हुवा जिसका समापन बिकाशखण्ड पिसावां में किया गया मौके पर पहुंचे सक्षम अधिकारी को द्वारा जिलाधिकारी राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया जिसमें प्रमुख मांग एमएसपी की गारंटी कानून किसानों के कर्जा माफी सिंचाई के लिए फ्री बिजली आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों की वापसी सहित यह मांग की गई और कहा गया कि आंदोलन कर रहे किसानों पर बर्बरता तत्काल बंद की जाए उनके रास्ते से बैरिकेडिंग व कीलें हटाई जाएं उनको दिल्ली जाने दिया जाए या उनकी मांगें बिना दिल्ली जाए ही मानी जाएं अगर किसानों के साथ जोर जबरदस्ती की गई तो अब यूपी का किसान भी दिल्ली कूच के लिए तैयार हैआज के ट्रैक्टर मार्च में मंडल प्रचार मंत्री मोहन तिवारी रामू शर्मा रामचन्द्र मिश्रा डॉक्टर सलमान रिजवान लल्लू यादव अजयपाल इकरार बलविंदर बाबा शिवराम भार्गव नन्हे त्रिवेदी बाबूराम यादव रामसागर अर्कबंसी आदि तमाम पदाधिकारी व किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ शामिल हुए

# संकुल धरैंचा की मासिक बैठक संपन्न हुई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**खैराबाद,सीतापुर।** धरैंचा संकुल शिक्षक की फरवरी की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय कैथाभारी मे सम्पन्न हुई जिसमे संकुल के सभी 23 विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया बैठक पूर्व निर्धारित समय और एजेंडा के अनुसार हुई जिसमे मुख्य रूप से ए आर पी अनुपम दीक्षित उपस्थित रहे जबकि दो संकुल शिक्षक काजिम हुसैन तथा मोहम्मद यूसुफ उपस्थित थे अन्य दो संकुल शिक्षक अर्चना त्रिपाठी तथा अंजू राजवंशी बाल्य काल देख भाल अवकाश पर थीं । बैठक पूर्ण तया सार्थक रही सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ,संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने कहा कि हमारे संकुल के सभी शिक्षक अपने सभी कार्य नियत समय के अंतर्गत करते हैं इसी लिए संकुल धरैंचा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।बैठक में उपस्थित अकादमिक रिसोर्स पर्सन ए आर पी अनुपम दीक्षित ने विस्तार से एजेंडा के सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार के हैं बस जिम्मेदारियां बंटी हुई हैं कोई बड़ा छोटा पद नहीं होता इसी तरह ए आर पी और एस आर जी आप के बीच का माध्यम है उन्होंने कहा कि संकुल धरैंचा की अपनी अलग पहचान है सभी विद्यालयों में बहुत ही अच्छे ढंग से कार्य किया जा रहा है बच्चों को निपुण बनाने में भी अग्रसर है इसके लिए इस संकुल के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं,श्री दीक्षित ने कहा की आप लोग अपने अपने विद्यालयों को निपुण बनाने की पूरी कोशिश करें जिससे नियत समय पर सभी कार्य पूर्ण हो जाएं ।अन्त में बैठक आयोजक एवम उक्त विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जसविंदर कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा सहायक अध्यापिका हसन जमाल रिज़वी ने सभी का स्वागत किया।इसी अवसर पर पूर्व संकुल शिक्षक मोहित पांडेय के स्थानांतरण हो जाने से रिक्त पड़े पद पर चयन के लिए काजिम हुसैन ने ए आर पी से सहमति लेते हुए उक्त के लिए कैथाभारी के कर्मठ और तकनीकी सहायक हसन जमाल रिज़वी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे संकुल के उपस्थित सभी शिक्षकों ने सर्व सम्मति से सहमति प्रदान कर दी और हसन जमाल रिज़वी ने भी अपनी सहमति प्रदान कर दी।मार्च माह की बैठक मासिक प्राथमिक विद्यालय कैमहरा हुसैनपुर में आयोजित की जाएगी।बैठक में मुख्य रूप से सभी शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया श्रीमती आराधना अवस्थी के स्थानांतरण पर अफ़सोस व्यक्त किया सभी ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में हम सभी को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला उनका जाना ऐसा लग रहा कि मेरे अपने परिवार का कोई सदस्य चला गया हो श्रीमती अवस्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# केराकत ब्लॉक परिसर में आयोजित रोजगार मेले में युवाओं ने बढ़ चढ़ के प्रतिभाग किया

**जौनपुर ।** केराकत विकास खंड के परिसर में 21 फरवरी 2024 बुधवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 207 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 92 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि बी डी ओ केराकत जौनपुर पवन कुमार सरोज ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की




अत्यधिक आवश्यकता है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक/रोजगार मेला प्रभारी प्रभात पाण्डेय ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई, जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 4 मार्च 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। केराकत ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 8 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 92 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय समेत सभी कम्पनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 22 फरवरी 2024 दिन गुरुवार को शाहगंज विकास खंड परिसर में आयोजित होगा।

# प्रगतिशील किसान की पुण्यतिथि पर बांटे गए फल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिसवां ,सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के सम्मानित व प्रगतिशील किसान चौ.आदित्यनाथ सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र हिमांशु नाथ सिंह व अरुण नाथ सिंह के द्वारा गया प्रसाद मेहरोत्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पर मरीजों को फल वितरित किया गया इस अवसर पर समाजसेवी उमंग राजवंशी व मुदित सिंघल ने कहा गरीबों की सेवा करना हर मनुष्य का कर्तव्य बनता है । आज स्वर्गीय चौधरी आदित्य नाथ सिंह की पुण्यतिथि पर मरीजों को उनके पुत्र द्वारा फल वितरण करना एक नेक कार्य है। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक यादव, नेत्र परीक्षक वीरेंद्र कुमार , समाजसेविका एकता गुप्ता , आयुष नाथ सिंह, उत्साह राजवंशी , वंश मेहरोत्रा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के कर्मचारी मौजूद रहे।

# इंडियन मीनोपॉज सोसाइटी की 29वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस प्रयागराज में होगी आयोजित

## देश व विदेश के कई ख्यातिप्राप्त चिकित्सक होंगे सम्मिलित

लोकमित्र ब्यूरो




**प्रयागराज।** इंडियन मीनोपॉज सोसाइटी की 29वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस प्रयागराज में इलाहाबाद मीनोपॉज सोसाइटी (इंडियन मीनोपॉज सोसाइटी की शाखा) द्वारा 23 से 25 फरवरी तक इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस में भारत के विभिन्न प्रान्त से 200 से ऊपर विशेषज्ञ, चिकित्सक, नेशनल फैकल्टी भाग लेंगे। इसमें कई ख्यातिप्राप्त चिकित्सक हैं। इस कांफ्रेंस में मुख्यतः महिलाओं में मीनोपॉज के बाद, अच्छे स्वास्थ पर विशेष चर्चा होगी। कांफ्रेंस का उद्घाटन न्यायधीश इलाहाबाद हाई कोर्ट जस्टिस राहुल चतुर्वेदी के द्वारा 23 फरवरी को सायं 6.30 बजे इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता में कांफ्रेंस की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन व जीवन ज्योति हॉस्पिटल की निदेशक डॉ वंदना बंसल, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ अंजुला सहाय व डॉ चित्रा पांडेय, साइंटिफिक चेपेर्सन डॉ अमृता चौरसिआ, साइंटिफिक एडवाइजर डॉ मंजू वर्मा, कॉनफेरेन्स कोऑर्डिनेटर डॉ रंजना खन्ना व डॉ शांति चौधरी ने साझा की।

डॉ वंदना बंसल के अनुसार इस तरह की कांफ्रेंस पहली बार हो रही है जिसमे महिलाओं के मेनोपॉज़ल हेल्थ पर विस्तृत चर्चा होगी जिससे महिलाओं को मीनोपॉज के बाद भी अच्छे स्वास्थय के प्रति जागरूक किया जा सके। कांफ्रेंस का उद्देशय यह भी है की महिलाओं को जागरूक किया जा सके की वह रेगुलर सर्वाइकल कैंसर, थाइरोइड, ब्लड शुगर आदि की जांच करवाएं।

उन्होने बताया की कांफ्रेंस में विशेषज्ञ डॉक्टर्स के द्वारा जीवन ज्योति हॉस्पिटल में प्री कांफ्रेंस लाइव लेप्रोस्कोपी व हिस्टेरोस्कोपी सर्जरी वर्कशॉप 23 फरवरी को होगी। विशेषज्ञ सर्जन्स के द्वारा की जा रही सर्जरी का लाइव प्रसारण इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस लाइव लेप्रोस्कोपी व हिस्टेरोस्कोपी सर्जरी वर्कशॉप में नामी चिकित्सक डॉ. शैलेश पुणताम्बेकर (पुणे), डॉ हाफ़िज़ रेहमान (कोच्चि), डॉ हारा प्रसाद पटनाइक (भुवनेश्वर), डॉ फरेन्द्र भारद्वाज (आगरा), डॉ वंदना बंसल व एडवांस्ड लेप्रोस्कोपी व कैंसर सर्जन डॉ अर्पित बंसल द्वारा विभिन्न ऑपरेशन्स किये जाएंगे।

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ चित्रा पांडेय के अनुसार 23, 24 व 25 फरवरी को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में विभिन्न व्याख्यान, पैनल डिसकशंस, डॉ ऐ के बंसल ओरेशंस, डॉ दुरु शाह ओरेशंस महिलाओं के स्वास्थ पर आयोजित होंगे जिसमे विभिन्न प्रदेशों से आये हुए एक्सपर्ट्स लेक्चर देंगे। व्याख्यान में महिलाओं में मीनोपॉज से सम्बंधित विभिन्न जानकारी जैसे की मीनोपॉज मैनेजमेंट पर एक्सपर्ट्स अपनी राय देंगे।

डॉ रंजना खन्ना के अनुसार महिलाओं को मीनोपॉज के बाद अच्छे स्वास्थ के लिए प्रेरित करने के लिए बहुत कम कार्यक्रम होते हैं। इसीलिए इस कांफ्रेंस के थीम मीनोपॉज रखा गया है।

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी कोर्ट में हुए पेश

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या प्रकरण के विचाराधीन मुकदमे में मंगलवार को दूसरे गवाह और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी बुधवार जिला न्यायालय में हाजिर हुए। कोर्ट में उनका बयान दर्ज किया गया। इस दौरान कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया था। इस मामले में वादी मुकदमा अमर गिरि आज फिर हाजिर नहीं हुए।पिछली सुनवाई के दौरान रविंद्र पुरी कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके थे। कोर्ट को उनके अधिवक्ता ने बताया था कि जाम में फंसे होने के कारण अदालत पहुंचने में देरी हो रही है। इस पर अदालत ने अभियोजन की अर्जी पर विवेचक व सीबीआई के डिप्टी कमिश्नर एसके नेगी को तलब किया था।अभियोजन पक्ष ने अर्जी में बताया था कि महंत की आत्महत्या से जुड़े कई ऑडियो और वीडियो मौजूद हैं। विवेचक बताएं तो मामले के दूसरे गवाह रवींद्र पुरी से संबंधित ऑडियो वीडियो से उनकी पहचान कराई जा सकती है। कोर्ट ने अर्जी को स्वीकार करते हुए विवेचक को कोर्ट में उपस्थित होकर संबंधित ऑडियो-वीडियो की गवाह से शिनाख्त कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश रामप्रताप सिंह राना ने सुनवाई की अगली तिथि 21 फरवरी तय कर दी थी।

# ओलावृष्टि प्रभावित किसानों के आंसू पोंछने जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंचे गांव



☞ अधिकारियों संग बबेरू क्षेत्र का दौरा कर सुनील पटेल ने जल्द मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** बारिश और ओलावृष्टि ने एक बार फिर से किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से हुई फसलों की तबाही देख किसान भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल बबेरू एसडीएम, तहसीलदार और इलाके के लेखपालों के साथ प्रभावित गांवों का दौरा कर पीड़ित किसानों का आंसू पोछने का प्रयास किया।

बता दें कि ओलावृष्टि ने बबेरू क्षेत्र के किसानों की 90 फीसदी से ज्यादा फसलें तबाह कर दी हैं। किसान परेशान हैं। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने अधिकारियों के साथ बबेरू क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिंडारन, भभुआ, जलालपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर बर्बाद फसलों का जायजा लिया, एवं अधिकारियों से तत्काल फसलों के नुकसान का मूल्यांकन कर किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई के लिए लिए कहा।


श्री पटेल ने किसानों से मिलकर उनको सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। पिंडारन गांव की फसलों की खस्ता हाल को देखते हुए उन्होंने ग्रामीणों की आर्थिक सहायता भी की तथा ट्रैक्टर से अनाज भेजने की भी व्यवस्था की जिससे किसानों को कुछ तो राहत मिल सके। जब उनसे पूछा गया कि फसलों के नुकसान का मुआवजा और किसानों की समस्या का निराकरण कैसे और कब होगा तब जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहाकि वह शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से मिलकर मुआवजा सहित अन्य सहायता का अनुरोध करेंगे। हालांकि बर्बाद फसलों की फोटो उन्होंने उसी समय प्रदेश अध्यक्ष भाजपा और कृषि मंत्री को भेजकर मुआवजा समेत अन्य कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान उनके साथ बबेरू उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, कानून गो, इलाके के तमाम लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ऋचा सिंह हुई भाजपा में शामिल

## स्वामी प्रसाद का विरोध करने पर सपा से हुई थीं निष्कासित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ऋचा सिंह ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक की मौजूदगी में ऋचा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह ने प्रयागराज पश्चिम विधानसभा से 2017 और 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ा था। दोनों ही चुनाव में उन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्धार्थनाथ सिंह से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। चुनाव में हार के बाद वह लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रही थीं। सपा के वरिष्ठ नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्य



द्वारा रामचरित मानस सहित देवी देवताओं के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर पार्टी ने अनुशासनहीनता के आरोप में ऋचा सिंह को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर की गई टिप्पणी का विरोध करना पार्टी नेता ऋचा सिंह को भारी पड़ गया था। सपा ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए ऋचा सिंह और रोली तिवारी मिश्र को निष्कासित कर दिया। ऋचा ने निष्कासन को पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता करार दिया था।

ऋचा सिंह ने सपा सोशल मीडिया के प्रभारी मनीष जगन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी और छेड़खानी का मुकदमा लखनऊ में दर्ज कराया था। ट्विटर पर मनीष ने ऋचा सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। जिस पर आपत्ति जाहिर करते हुए ऋचा ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को पत्र भेजकर मनीष के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इसके बाद मनीष के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया।

# विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया

**जौनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किसानों की समस्या को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने किसानों को बताया कि खेती में पैसों की जरूरत के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना संचालित है सभी पीएम किसान लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड बनवाकर आधुनिक खेती कर अपनी समृद्धि कर सकते है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुरेश कुमार कन्नौजिया एवं डा. संदीप कुमार ने रबी फसलों के वेहतर उत्पादन से किसानों को जागरूक किया। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राना ने एकीकृत बागवानी, मशरूम यूनिट, शहद और मधुमक्खी पालन से



सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर और नैनो यूरिया के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी, किसानों को फूलों की खेती,मशरूम की खेती, शहद की खेती करने का सुझाव दिया। एआर कॉपरेटिव अमित कुमार ने बताया कि जनपद में 15 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू की जा रही है। किसान अपनी नजदीकी क्रय केन्द्र पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। ए आर कॉपरेटिव ने बताया कि जनपद में पर्याप्त नैनो यूरिया भी समितियो पर उपलब्ध है । खुद तो जागरूक हो और अन्य को भी प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर उपनिदेशक हिमांशु पांडे, जिला गन्ना अधिकारी, एक्सईएन विधुत,सिचाई ,डिप्टी पीडी आत्मा डा.रमेश चन्द्र यादव, जिला गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अभद्र टोल कर्मियों के खिलाफ अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बारा(प्रयागराज)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिवक्ता संघ बारा के अध्यक्ष सी पी द्विवेदी, महामंत्री रत्नाकर सिंह ने उपजिलाधिकारी बारा को एक ज्ञापन सौंपा है।अधिवक्ता संघ ने मांग किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील बारा क्षेत्र में संचालित टोल प्लाजा उमापुर, व हरों में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक,अधिवक्ता, व पत्रकार से आए दिन टोल कर्मी अभद्रता करते है।जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से किया जाता है परंतु कोई कार्यवाही नही होती है।उल्टा शिकायत करने वाले के ऊपर कार्यवाई की जाती है।जो विधि विरुद्ध है,विगत दिनांक 19 फरवरी24 को टोल कर्मचारियों ने स्थानीय पत्रकार से मारपीट कर मोबाइल फोन, आई डी कार्ड,नगद रुपए छीन लिया है।जो बहुत निंदनीय है। टोल टैक्स कर्मचारियों के बरताव से आमजन मानस में बहुत आक्रोश है।ये आए दिन महिलाओं को आगे करके सम्मानित नागरिक से मारपीट करते है।यह खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है।इनकी सरपरस्ती कौन कर रहा है।ये विचारणीय है हम सब समाज के बुद्धजीवी नागरिकों का सम्मान खतरे में हैं।अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व महामंत्री ने अधिकारियों से मांग किया है कि टोल कर्मी की गुंडई बंद कराया जाय क्योंकि ये अधिकार टोल कर्मी को कहा से मिला है कि मारपीट करे किसी को बेज्जत करे।कुछ अधिकारियों का प्रेम टोल कर्मियों के साथ है उसे छोड़कर न्याय करे।क्षेत्रीय सम्मानित नागरिक के सम्मान से खिलवाड़ हुआ तो जन आंदोलन होगा।

# जिला चिकित्सालय के विभिन्न विभागों एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया






**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न विभागों एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया।

चिकित्सालय में हास्पिटल मैनेजर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने चिकित्सालय के इमरजेन्सी गेट पर स्थापित आयुष्मान भारत काउन्टर का निरीक्षण किया गया और मौके पर आयुष्मान मित्र मौजूद थे, उन्होंने कार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इमरजेन्सी ओपीडी के हाल में लगे पोस्टर को बदलने हेतु निर्देशित किया गया और हाल में बैठे मरीजों से चिकित्सालय में दी जा रही सुविधा के बारे में पूछा गया।

चिकित्सालय के इमरजेन्सी ओपीडी में डा0 अमरदीप कुमार चिकित्साधिकारी, आशुतोष पाठक फार्मासिस्ट एवं स्टाफ नर्स, वार्डव्वाय ड्यूटी पर उपस्थित मिले। इमरजेन्सी ओपीडी में भर्ती मरीज एवं रिफर मरीज तथा उपलब्ध औषधि के बारे मे जानकारी लिया।

एक्सरे यूनिट में डा0 ए0के0 पाण्डेय रेडियोलाजिस्ट से मरीजों को बारे मे जानकारी प्राप्त की। मरीज को कितने देर में रिपोर्ट उपलब्ध होता है उसकी जानकारी अनिल कुमार त्रिपाठी एक्सरे टेक्नीशियन द्वारा दिया गया। टेक्नीशियन द्वारा बताया गया कि अपराह्न 01.15 बजे तक लगभग 70 मरीजो का एक्सरे किया जा चुका था। रजिस्ट्रेशन काउन्टर पर जुल्फेकार अहमद से आंनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आफ लाइन रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी लिया गया।

कक्ष संख्या-8 पुरूष औषधि वितरण कक्ष में कौशल त्रिपाठी से औषधि के बारे में जानकारी लिया गया, कौशल त्रिपाठी से ऑख की दवा एवं एजथ्रोमाइसिन के स्टाक को देखा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि औषधि वितरण कक्ष में ए0सी0 लगवाया जाय। भूतल ओपीडी में कक्ष संख्या 10 में डा0 श्री प्रकाश अग्रवाल आर्थो सर्जन से आपरेशन एवं प्लास्टर के बारे में जानकारी लिया गया। भूतल ओपीडी में कक्ष संख्या 11, 13, 16 में उपस्थित चिकित्सक से मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ओपीडी में टाइल्स, फर्नीचर तथा और बेहतर बनाया जाए। इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती मरीजों से दवा, कर्मचारी द्वारा सही ढ़ग से बात-चीत करने की जानकारी लिया गया, इमरेजन्सी वार्ड में भर्ती बेड-24 पर भर्ती मरीज अमरजीत जिसका एक्सीडेन्ट हुआ है को सरकारी आवास, ई-रिक्सा एवं अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन दिया गया।

प्रथम तल वार्ड सर्जिकल वार्ड के बेड-1 पर भर्ती मरीज द्वारा अवगत कराया गया कि बाथरूम में कमोड लगाया जाय, जिसपर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को वार्ड के वाथरूम में कमोड लगवाने का निर्देश दिया एवं समस्त वार्डो में ए0सी0 की व्यवस्था किया जाय। द्वितीय तल पर स्थापित 27 बेड का अतिरिक्त वार्ड का निरीक्षण किया गया एवं बगल स्थापित डायलिसिस यूनिट के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। प्रथम तल पर पैथोलाजी विभाग में आनन्द कुमार से उपलब्ध जॉच के बारे मे जानकारी लिया गया एवं स्वयं का जॉच करने हेतु ब्लड सैम्पल दिया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त स्वास्थ्य कमियों को निर्देशित किया कि समय से अस्पताल में उपस्थित होकर मरीजो का बेहतर इलाज किया जाए। अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए, कही पर गंदगी न रहे, समय से अस्पतालों में लगे बेड़शीट बदले जाए।

# जौनपुर के सभागार में परीक्षा पर्व पर कार्यक्रम संपन्न



**जौनपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वाधान में परीक्षा पर्व 6.0 के अंतर्गत परीक्षा पे चर्चा-2024 कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जौनपुर के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसमें विकासखंड करंजाकला, धर्मापुर, नगरक्षेत्र, मड़ियाहूँ, सिकरारा, सिरकोनी एवं मुफ्तीगंज के 100 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं उन विद्यालयों से एक-एक का अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में आगामी परीक्षा में बच्चों को परीक्षा के दवाब मुक्त कैसे किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने समस्त अध्यापकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही मुहिम परीक्षा पे चर्चा 2024 में हम सभी को एकजुट होकर बच्चों को परीक्षा के दौरान आने वाली समस्याओं पर गौर करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निदान करना चाहिए, जिससे बच्चों को तनाव मुक्त पर्यावरण मिले। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने बच्चों को परीक्षा के समय स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और बच्चे भरपूर नींद ले क्यूकि नींद की कमी से बच्चे प्रायः अवसाद ग्रस्त हो जाते है।

कार्यक्रम के समापन मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने सभी अध्यापकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञपित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन मे जिला समन्यवक प्रशिक्षण विशाल कुमार एवं एस0आर0जी0 डॉ अखिलेश सिंह, डॉ कमलेश यादव व अजय कुमार मौर्य के साथ-साथ एआरपी राजू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# रायसीना डायलॉग - राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत में हाई प्रोफाइल शिखर सम्मेलन

**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर भारत कड़ी से कड़ी जोड़ता हुआ चैन बनाकर पूरी दुनियां में उपलब्धियां हासिल करता जा रहा है। अनेकों वैश्विक मंचों का आयोजन आज भारत में हो रहा है, क्योंकि दुनियां अब भारत की ताकत को रेखांकित कर रही है और जब कोई अंतरराष्ट्रीय मंच का सम्मेलन भारत में होता है तो बड़े-बड़े विकसित देशों के प्रतिनिधि और शासक भी भारत को महत्व देने, सम्मेलन में पहुंचते हैं जिसका सटीक उदाहरण हम जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 में देख चुके हैं। बता दें कि आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को भारत ने गरीबी और भुखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित से एक कोष में 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान किया है जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे। वैसे तो इस बीच इसके बाद भी अनेक वैश्विक मंचों के शिखर सम्मेलन भारत में हुए हैं,परंतु अब फिर भारत में 21 से 23 फरवरी 2024 को शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में हो रहा है जिसका उदाहरण उद्घाटन माननीय पीएम द्वारा हो रहा है और प्रमुख अतिथि ग्रीस के राष्ट्रपति हो रहे हैं, जिसमें करीब 115 देशों के शामिल होने की संभावना है, जिसकी शुरुआत आज दिनांक 20 फरवरी 2023 को विदेश से मेहमान आना पहुंचना शुरू हो गए हैं जो भारत के लिए गौरव बात है। चूंकि रायसोनी डायलॉग राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर हाई प्रोफाइल स्तरपर मंथन किया जाता है वैश्विक समस्याओं पर विचार विमर्श कर समाधान निकाले जाने की कोशिश की जाती है।इसलिए आज हम मीडियम मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रायसोनी डायलॉग से दुनियां के देशों के बीच समन्वय विकास के लिए संभावनाओं, अवसरों को तलाश करने कसटीक मंच है।

साथियों बात अगर हम 21 से 23 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित रायसीनी डायलॉग की करें तो, विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि रायसीना डायलॉग का 9वां संस्करण 21-23 फरवरी तक आयोजित किया जारहा है। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है।यहअंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों केसमाधना के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम 21 फरवरी को इस संवाद काउद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे।9वें रायसीना डायलॉग में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष, सैन्य कमांडर, उद्योग के नेता, प्रौद्योगिकी नेता, शिक्षाविद, पत्रकार, रणनीतिक मामलों के विद्वान, प्रमुख थिंक टैंक और युवा विशेषज्ञ भाग लेंगे।2024 संस्करण का विषय चतुरंगा־ संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण है। तीन दिनों के दौरान, दुनियां के निर्णय निर्माता और विचारक छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत में एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें ( द्व) टेक फ्रंटियर्स־ विनियम और वास्तविकताएं; (द्वद्व) ग्रह के साथ शांति־निवेश और नवप्रवर्तन (द्वद्वद्व) युद्ध और शांति־ शस्त्रागार और विषमताएं(द्व1) उपनिवेशवाद से मुक्ति־ बहुपक्षवाद־ संस्थाएं और समावेशन; (1) 2030 के बाद का एजेंडा־ लोग और प्रगति; और (1द्व) लोकतंत्र की रक्षा־ समाज और संप्रभुता शामिल हैं।विदेश मंत्रालय ने बताया कि लगभग 115 देशों के 2500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से इस डायलॉग में शामिल होंगे जबकि दुनियाभर में लाखों लोग विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर इस कार्यवाही को देखेंगे।

साथियों बात अगर हम रायसीन डायलॉग को समझने और जानने की करें तो,

रायसीना डायलॉग एक कार्यक्रम है, जिसमें दुनियां के कई देशों के विदेश मंत्री हिस्सा लेते हैं। इस बैठक का आयोजन विदेश मंत्रालय और रिसर्च फाउंडेशन करता है।रायसीना डायलॉग में शामिल देश दुनियां की राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर मंथन करते हैं। इसमें विभिन्न देशों के विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री शामिल होते हैं। पहली बार रायसीना डायलॉग साल 2016 में आयोजित किया गया था। इसके बाद से अब तक 7 बार इसका आयोजन हो चुका है। फिलहाल दिल्ली में इसका 9 वां संस्करण चल रहा है, जो 23 फरवरी को खत्म होगा।क्यों पड़ा रायसीना डायलॉग नाम-दुनिया के तमाम नेताओं के जुटने और मंथन करने के इस महामंथन को रायसीना डायलॉग कहा जाता है। लेकिन सवाल उठता है कि ये नाम क्यों पड़ा? दरअसल ये बैठक विदेश मंत्रालयों की होती है और भारत का विदेश मंत्रालय का हेडक्वार्टर रायसीना पहाड़ी पर है, इसलिए इसे रायसीना डायलॉग के नाम से जाना जाता है।रायसीना डायलॉग की शुरुआत साल 2016 में हुई थी। उसके बाद से हर साल दुनियाभर के देशों के विदेश मंत्री दिल्ली में जुटते हैं और बड़े मुद्दों पर अपने विचार रखते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार ,सम्मेलन वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों से निपटने के लिए समर्पित है, जिसका उद्घाटन 21 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा किया। उद्घाटन सत्र में हेलेनिक गणराज्य ( ग्रीस ) के प्रधान मंत्री, क्यारीकोस मित्सोटाकिस की उपस्थिति होगी , जो करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे, विज्ञप्ति में कहा गया है। 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधित्व के साथ, 9वें रायसीना संवाद में मंत्रियों, पूर्व राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों, सैन्य कमांडरों, उद्योग जगत के नेताओं, प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों, विद्वानों और युवाओं सहित विविध प्रकार के प्रतिभागी एकत्रित होंगे।चतुरंगा־ संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण÷ विषय के तहत, 2024 संस्करण छह विषयगत स्तंभों में संवाद और जुड़ाव को बढ़ावा देगा־ टेक फ्रंटियर्स, ग्रह के साथ शांति, युद्ध और शांति, बहुपक्षवाद को ख़त्म करना, 2030 एजेंडा, और लोकतंत्र की रक्षा करना, लगभग 115 देशों के 2500 से अधिक प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे, जबकि दुनिया भर में लाखों लोग डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से कार्यवाही में शामिल होंगे।इसके अलावा,

रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है जो वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर साल, राजनीति, व्यापार, मीडिया और नागरिक समाज के नेता दुनिया की स्थिति पर चर्चा करने और समसामयिक मामलों की एक विस्तृत श्रृंखला पर सहयोग के अवसर तलाशने के लिए नई दिल्ली में जुटते हैं। संवाद को एक बहु-हितधारक, अंतर-क्षेत्रीय चर्चा के रूप में संरचित किया गया है, जिसमें राज्य के प्रमुख, कैबिनेट मंत्री और स्थानीय सरकारी अधिकारी शामिल हैं, जो निजी क्षेत्र, मीडिया और शिक्षा जगत के विचारकों से जुड़े हुए हैं। सम्मेलन की मेजबानी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा की जाती है ।इस प्रयास को कई संस्थानों, संगठनों और व्यक्तियों का समर्थन प्राप्त है, जो सम्मेलन के मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं। रायसीना डायलॉग का मुख्य उद्देश्य दुनिया के देशों के बीच समन्वय बनाए रखना और विकास के लिए संभावनाओं एवं अवसरों की तलाश करना रहता है।